CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 09°C

मुरादाबाद, रविवार 14 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 120 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में आईएएस अधिकारियों का वीआरएस की ओर बढ़ता रुझान चिंता का विषय पेज 2



मेसी का कोलकाता में जोरदार स्वागत, झलक न दिखने से गुस्साए दर्शक खेल टाइम्स



भारत से टैरिफ हटाओ, यह गैर- कानूनी: अमेरिकी सांसद पेज 11



200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई 'धुरंधर' बॉलीवुड

# बंगाल एसआईआर : वोटर लिस्ट से 58 लाख+नाम हटे

कोलकाता, वार्ता




- ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट से 44 हजार नाम डिलीट
- साउथ 24 परगना जिले से करीब 8 लाख नाम कटे

**चुनाव आयोग** (ईसी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के पहले फेज के बाद निर्वाचन क्षेत्रवार आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक, राज्य में 58 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए हैं।

सीएम ममता बनर्जी के भवानीपुर सीट से 44,787 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। यहां जनवरी 2025 की लिस्ट में 1,61,509 वोटर्स थे। भाजपा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी की नंदीग्राम सीट से 10,599 नाम हटाए गए। यहां एसआईआर से पहले 2,78,212 वोटर थे। जिलावार आंकड़ों में साउथ 24 परगना सबसे ऊपर रहा, जहां 8 लाख 16 हजार से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए है। यह इलाका टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी का गढ़ माना जाता है। उन्होंने डायमंड हार्बर सीट से पिछले लोकसभा चुनाव में सात लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। दूसरी तरफ, बंगाल भाजपा के को-इंचार्ज अमित मालवीय ने दावा किया है कि सीएम ममता बनर्जी ने 11 दिसम्बर को पहले फेज के आखिरी दिन अपना एसआईआर फॉर्म भर दिया है।

# भाजपा ने तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस-वाम गढ़ में लगाई सेंध

तिरुवनंतपुरम, वार्ता



- नगर निगम में लगभग आधी सीटें जीतकर एक अभूतपूर्व जीत दर्ज की

**केरल की राजनीति** में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में लगभग आधी सीटें जीतकर एक अभूतपूर्व जीत दर्ज की है। राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम को लंबे समय से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ माना जाता रहा है।

गत नौ दिसम्बर को हुए स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना के बाद राजग ने 101 वार्ड वाले निगम में बहुमत हासिल करके सबको चौंका दिया। इस जीत से राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर में दशकों से चले आ रहे वामदलों और कांग्रेस प्रभुत्व का पराभव हो गया है। यहां के स्थानीय चुनाव में भाजपा- राजग ने 50 सीटें जीतीं, जबकि वाम दलों के गठबंधन एलडीएफ को 29 सीटें मिलीं, कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को 19 सीटें मिलीं। निर्दलीय तथा अन्य को दो सीटें पर संतोष करना पड़ा। राजग को हालांकि बहुमत से एक सीट कम मिली है पर वह सबसे बड़ा दल बन कर उभरा है और उम्मीद की जा रही है कि वह बहुमत साबित करने में सफल रहेगा। तिरुवनंतपुरम के अलावा भाजपा ने त्रिपुनिथुरा नगर पालिका सहित अन्य स्थानीय निकायों में भी उल्लेखनीय जीत दर्ज की है। यह पूरे राज्य में राजग की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर ने भाजपा की जीत को ऐतिहासिक प्रदर्शन और बदलते मतदाता रुझान का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने इस मील के पत्थर वाली जीत के लिए भाजपा और अन्य स्थानीय निकाय प्रतियोगिताओं में मजबूत प्रदर्शन के लिए यूएडीएफ दोनों को बधाई दी।

## पंकज चौधरी होंगे उप्र भाजपा के अध्यक्ष



**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी उप्र में भाजपा के नए अध्यक्ष होंगे। श्री चौधरी ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में एकमात्र उम्मीदवार के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अन्य नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र में मुख्यमंत्री भी चौधरी के प्रस्तावकों में से एक थे। इसके बाद कागजात की जांच की जाएगी और औपचारिक घोषणा रविवार दोपहर को होने की उम्मीद है। पंकज चौधरी वर्तमान में वित्त मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। वह लोकसभा में संसद सदस्य भी हैं, जो सातवीं बार उत्तर प्रदेश के महाराजगंज निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बागपत में किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**बागपत।** जिले के बिहारीपुर गांव में शनिवार को एक किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बागपत कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में ऋषिपाल (56) की गांधी चौक के पास किराना की दुकान है। परिजनों के मुताबिक, ऋषिपाल ने शनिवार सुबह करीब पांच बजे दुकान खोली थी। कुछ देर बाद पहुंचे दो बदमाशों ने सीने में गोली मारकर ऋषिपाल की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि वारदात से पहले तीसरे बदमाश ने घटना की रेकी की थी। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि 20 दिन पहले गांव के ही एक व्यक्ति से ऋषिपाल का विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### आलंद सीट वोट चोरी केस: 22000 पन्नों की चार्जशीट

**बेंगलुरु।** एसआईटी ने आलंद वोट चोरी मामले में एसीएमएम कोर्ट में 22 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। जांच में पूर्व भाजपा विधायक सुभाष गुट्टेदार और उनके बेटे हर्षानंद को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन पर आरोप है कि 2023 विधानसभा चुनाव से पहले 5,994 वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश हुई।

# दिल्ली-NCR में ग्रैप-3 लागू

## वायु प्रदूषण के कारण विकराल स्थिति के मद्देनजर CAQM का सख्त फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दिल्ली में पिछले तीन दिनों से हवा की गति धीमी होने से हालात तेजी से बिगड़े
- शनिवार को एक्यूआई 401 दर्ज किया गया

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने वायु प्रदूषण के कारण विकराल स्थिति के मद्देनजर राजधानी और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के शहरों में शनिवार को श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना-3 (ग्रैप) लागू कर दी।

दिल्ली में पिछले तीन दिनों से हवा की गति धीमी होने के कारण स्थिति तेजी से बिगड़ी है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 10 दिसम्बर को 259 (खराब) से बढ़कर 11 दिसम्बर को 307 (बहुत खराब) हो गया और 12 दिसम्बर को यह और बढ़कर 349 (बहुत खराब) हो गया। बिगड़ती स्थिति के कारण शनिवार तड़के हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक 401 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। मौसम की खराब स्थिति बने रहने के कारण प्रदूषण की निगरानी वाली इस संस्था ने दिल्ली-एनसीआर के लिए ग्रैप 3 लागू करने की घोषणा की। सीएक्यूएम ने बताया कि वायु में पीएम 2.5 की मात्रा अधिक है और यहां के लगभग सभी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों ने पीएम 2.5 को सबसे ज्यादा प्रदूषक बताया है। यहां शनिवार को सुबह छह बजे शहर का एक्यूआई 387 था, सुबह आठ बजे यह बिगड़कर 393 हो गया और सुबह 10 बजे 401 पर पहुंच गया। सीएक्यूएम ने कहा कि हवा की गुणवत्ता के मौजूदा हालत को देखते हुए और क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता को और खराब होने से रोकने के प्रयास में सीएक्यूएम ग्रैप उप समिति ने आज मौजूदा ग्रैप के स्टेज-3 'गंभीर' एयर क्वालिटी (दिल्ली एक्यूआई 401-450 के बीच) के तहत बताए गए सभी उपायों को पूरे एनसीआर में तुरंत प्रभाव से लागू करने का फैसला किया है।

## यूपी में घना कोहरा, सड़कों पर 10 मीटर देखना भी मुश्किल



**नई दिल्ली।** यूपी और बिहार में घने कोहरे का असर बढ़ता जा रहा है। यूपी के लखनऊ, गोरखपुर समेत 30 जिलों में सड़कों पर 10 मीटर दूर कुछ भी नहीं दिख रहा है। शनिवार सुबह सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कोहरे की वजह से कई गाड़ियां आपस में भिड़ गई।

इससे एक महिला जख्मी हो गई। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में रविवार को बारिश के साथ हल्की बर्फबारी हो सकती है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति, चंबा और कुल्लू जिलों में बर्फबारी की संभावना है। राजस्थान में सर्दी के बीच पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित कई इलाकों में बादल छाए हैं। इससे सर्द हवाएं कमजोर हुई हैं। राज्य के 18 शहरों में शुक्रवार को तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। माउंट आबू में पारा 3 डिग्री पहुंच गया। मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। राज्य के 19 शहरों में कल रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड हुआ। इंदौर में 5.2 डिग्री तापमान रहा। इतना ही तापमान प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन और सबसे ठंडी जगह कहे जाने वाले पचमढ़ी में भी दर्ज किया गया।

# असम में वायुसेना का पूर्व अफसर कुलेंद्र शर्मा जासूसी में गिरफ्तार

गुवाहाटी, वार्ता

- पाकिस्तानी एजेंट को सोशल मीडिया के जरिये जानकारी दे रहा था रिटायर्ड अफसर
- अरुणाचल से भी दो अरेस्ट

**असम के** सोनितपुर जिले से पुलिस ने रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुलेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। कुलेंद्र पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संबंध का आरोप है।

पुलिस ने खुफिया इनपुट के आधार पर गिरफ्तारी की। पुलिस के मुताबिक आरोपी कुलेंद्र सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तानी एजेंसी से जुड़े व्यक्तियों के संपर्क में था और उन्हें सेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था। उसके मोबाइल और लैपटॉप से संदिग्ध सामग्री मिली है, हालांकि कुछ डेटा डिलीट होने का संदेह है। सोनितपुर के डीएसपी हरिचरण भूमिज ने कहा कि कुलेंद्र के पाकिस्तान से संबंधों को लेकर संदेह काफी मजबूत है। रिटायर्ड होने से पहले, कुलेंद्र तेजपुर वायुसेना स्टेशन में जूनियर वारंट ऑफिसर था, जहां सुखोई 30 स्क्वाड्रन सहित प्रमुख हवाई संसाधन मौजूद हैं। वह 2002 में रिटायर्ड हुआ। इसके बाद उसने कुछ समय के लिए तेजपुर विश्वविद्यालय में काम किया। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में पुलिस ने शुक्रवार को जासूसी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये गिरफ्तारियां पश्चिम सियांग जिले के आलो और चांगलांग जिले के मियाओ से की गईं। इनमें एक की पहचान हिलाल अहमद (26) के रूप में हुई है, जो जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से है। पुलिस ने दूसरे का नाम नहीं बताया है। पुलिस के मुताबिक, ईटानगर थाना को इनपुट मिलने के बाद एक विशेष टीम गठित की गई। स्थानीय लोगों की मदद से संदिग्ध का पता लगाया गया और उसे हिरासत में लिया गया। फिलहाल आरोपी हिलाल को पूछताछ के लिए ईटानगर लाया गया है। हिलाल 25 नवम्बर को पापुम पारे जिले से आलो पहुंचा था। वह पुराने बाजार में आयोजित एक व्यापार मेले में कंबल बेचने के बहाने वहां आया था। इसी दौरान पश्चिम चांगलांग पुलिस ने इस मामले में मियाओ से एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लेने की पुष्टि की है, हालांकि उसकी पहचान और भूमिका को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हिलाल अपने सहयोगियों को सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भेज रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां उसके पूरे नेटवर्क और संपर्कों की जांच कर रही हैं।

### भारत के लिए जीने का समय, मरने का नहीं: भागवत

**श्री विजया पुरम।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि देश को हर चीज से ऊपर रखना चाहिए। यह भारत के लिए जीने का समय है, मरने का नहीं। हमारे देश में हमारे अपने देश की ही भक्ति होनी चाहिए।

# जंग भाषणों से नहीं, एक्शन से जीती जाती है: सीडीएस

## पाकिस्तान हमेशा जीत के झूठे दावे करता रहा है, हमें हमेशा सतर्क रहना होगा

हैदराबाद, वार्ता



- कहा: अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं

**चीफ ऑफ डिफेंस** स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि युद्ध केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई से जीते जाते हैं।

सीडीएस तेलंगाना के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी में आटम टर्म दिसम्बर 2025 की कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि खाली शब्दों और प्रतीकात्मक दावों से ताकत साबित नहीं होती। अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं। उन्होंने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर तंज कसते हुए कहा कि हाल के समय में वहां झूठे जीत के दावे और सोशल मीडिया प्रचार देखने को मिले, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और रही है। सीडीएस ने कहा कि नए अधिकारी ऐसे समय सेवा में आ रहे हैं, जब ऑपरेशन 'सिंदूर' जारी है। मौजूदा सुरक्षा माहौल में हर समय सतर्कता, फुर्ती और तैयार रहना जरूरी है। सैन्य सेवा केवल संकट के क्षणों तक सीमित नहीं होती, बल्कि लगातार तैयारी ही सफलता की कुंजी है। सतर्कता, तत्परता और पेशेवर रवैया ही युद्ध के समय ही नहीं, पूरे सेवा काल में सफलता तय करेगा। भारत की मजबूती मजबूत संस्थानों, लोकतांत्रिक स्थिरता और सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता पर टिकी है। जनरल अनिल चौहान ने 29 नवम्बर को नई दिल्ली के सैम मानेकशा सेंटर में चल रहे चाणक्य डिफेंस डायलाग में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि युद्ध लगातार खुद को बदलता और बनाता रहता है। जो कान्सेप्ट भविष्य के लगते हैं, वे लागू होने से पहले ही पुराने भी हो सकते हैं। यह एक ऐसा रिस्क है, जो सेना को उठाना पड़ता है। इसलिए फ्यूचर वारफेयर के मुताबिक अंदाजा लगाना, तैयारी करना हमारे अस्तित्व से जुड़ जाता है। इसका दूसरा कोई ऑप्शन नहीं है।

# मुंबई BMW हिट-एंड-रन केस के आरोपी को जमानत से इन्कार

- महिला को 1.5 किमी तक घसीटा था
- सुप्रीम कोर्ट बोला: ऐसे लड़कों को सबक सिखाना जरूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन केस में आरोपी मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में सख्ती जरूरी है, इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और एजी मसीह की बेंच ने कहा कि आरोपी एक अमीर परिवार से है। उसके पिता शिवसेना के डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे के गुट से जुड़े थे। इन बातों को ध्यान में रखना जरूरी है। मिहिर शाह को 9 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि पिछले साल 7 जुलाई को वर्ली में उसने बीएमडब्ल्यू से स्कूटर को टक्कर मारी और महिला को करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटते ले गया, जिससे कावेरी नखवा की मौत हो गई और पति प्रदीप नखवा गंभीर रूप से घायल हो गए। शाह ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 21 नवम्बर के जमानत देने से इन्कार करने वाले आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने माना था कि हादसे के समय शाह बहुत ज्यादा नशे में था। उसने स्कूटर को टक्कर मारने के बाद भी कार नहीं रोकी और पीड़ित को अपनी गाड़ी के नीचे घसीटता हुआ ले गया।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में भेड़िया मासूम को लेकर भाग निकला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज इलाके में आदमखोर भेड़िए ने शनिवार भोर ग्राम गोडहिया नंबर 4 के मजरा जरूवा में एक साल की मासूम बच्ची पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब आरवी (1) अपनी मां, राम कुमारी, के साथ घर के बरामदे में सो रही थी। भेड़िया अचानक आया और बच्ची को अपने जबड़े में दबा. चकर खेतों की ओर भाग गया। मां की चीख सुनकर जागे ग्रामीणों ने शोर मचाया और भेड़िए का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह गन्ने के खेतों में गुम हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस स्टेशन के प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा और रेंजर ओंकार यादव अन्य वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। रेंजर ओंकार यादव ने बताया कि जंगली जानवर द्वारा मासूम पर हमला करने की सूचना मिलने के बाद सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और बच्ची की खोज जारी है।

### डंपर-ऑटो की टक्कर में तीन की मौत, चार घायल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अजगैन क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से ऑटो-रिक्शा सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मकुर गांव में एक पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार डंपर अचानक बेकाबू होकर सामने से आ रहे ऑटो से टकरा गया। इस हादसे में ऑटो रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी सात लोग अंदर फंस गए। क्षेत्रीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। अजगैन पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बचाव अभियान चलाया।

### यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने केन्द्र और राज्य सरकार को सुनाई खरी-खरी

# बीएलओ की मौत व कफ सिरप पर सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- साधना वर्मा की मौत प्रशासनिक दबाव के कारण हुई
- कम समय में कर्मचारियों पर डाल दिया बोझ

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बीएलओ की मौत और कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। अजय राय ने अलीगढ़ जिले के लोधा ब्लॉक के गांव सदलपुर में दिवंगत बीएलओ साधना वर्मा के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

अजय राय ने साधना वर्मा की मौत को बेहद दुखद बताते हुए इसे प्रशासनिक दबाव और सरकार की जल्दबाजी का नतीजा करार दिया। उन्होंने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर गंभीर आरा. प लगाए और मृतक बीएलओ के परिजनों को तत्काल सरकारी सहायता दिए जाने की मांग की। अजय राय ने कहा कि साधना वर्मा जैसी कर्मठ शिक्षिका और बीएलओ का इस तरह अचानक निधन पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर कार्य के दौरान लगातार बीएलओ और अन्य कर्मचारियों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है।

अजय राय के मुताबिक प्रदेश में अब तक 15 से 16 बीएलओ की मौत हो चुकी है, जबकि कई कर्मचारी गंभीर हालत में अस्पतालों में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सरकार बेहद कम समय में जबरन पूरा कराना चाहती है। यह प्रक्रिया महीनों की होनी चाहिए थी, ताकि कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन बिना मानसिक और शारीरिक दबाव के कर सकें, लेकिन सरकार ने केवल एक महीने का समय देकर कर्मचारियों पर असहनीय बोझ डाल दिया, जिसका नतीजा यह है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, ब्रेन हैमरेज का शिकार हो रहे हैं और कुछ मामलों में आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से इस संबंध में बातचीत की और मांग की है कि साधना वर्मा के परि. जनों को उनकी योग्यता के अनुरूप सरकारी नौकरी तत्काल दी जाए।

## मनरेगा का नाम बदलने का फैसला समझ से परे: प्रियंका गांधी वाड्रा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को महात्मा गांधी नेशनल रूरल गारंटी एक्ट (मनरेगा) का नाम बदल कर पूज्य बापू रूरल एम्प्लॉयमेंट स्कीम करने की खबरों पर जवाब देते हुए कहा कि नाम बदलने की प्रक्रिया पर बहुत सारे सरकारी रिसोर्स खर्च हो रहे हैं, ये गैर जरूरी है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें मनरेगा स्कीम का नाम बदलने के फैसले के पीछे का कारण समझ नहीं आ रहा है, उनका कहना है कि इससे बेवजह खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा कि इसके पीछे क्या सोच है। पहली बात यह महात्मा गांधी का नाम है और जब इसे बदला जाता है, तो सरकार के रिसोर्स फिर से इस पर खर्च होते हैं। ऑफिस से लेकर स्टेशनरी तक, हर चीज का नाम बदलना पड़ता है, इसलिए यह एक बड़ा, महंगा प्रोसेस है, तो बेवजह ऐसा करने का क्या फायदा है? मुझे समझ नहीं आ रहा। शनिवार सुबह शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी मनरेगा स्कीम का नाम बदलने की खबरों पर केंद्र की आलोचना की और इसे जनता को गुमराह करने और गांधी परिवार के नाम का अपमान करने के लिए ध्यान भटकाने वाला बताया। चतुर्वेदी ने कहा कि फ्रस्ट्रेशन की वजह से ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं। यह ध्यान भटकाने का एक और तरीका है। वंदे मातरम् के 150 साल की चर्चा से जनता को यह समझने में मदद मिली है कि इतिहास का कौन सा वर्जन व्हाहट्सएप वर्जन है और कौन सा असली।

# भाजपा की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा हैं पंकज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- 20 नवम्बर 1994 को गोरखपुर से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की

**लखनऊ।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी का नाम उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर लगभग तय माना जा रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुर्मी समाज के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार पंकज चौधरी को पार्टी की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा माना जा रहा है।

20 नवम्बर 1964 को गोरखपुर में जन्मे पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1989 में गोरखपुर नगर निगम के पार्षद चुनाव से की थी। उसी वर्ष गोरखपुर से अलग होकर महाराजगंज नया जिला बना, जिसे उन्होंने अपनी कर्मभूमि बनाया। वे गोरखपुर के डिप्टी मेयर भी रहे। पंकज चौधरी पहली बार 1991 में महाराजगंज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। इसके बाद 1996, 1998, 2004, 2019 और 2024 में उन्होंने इस सीट पर जीत दर्ज की। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें, तो उनका राजनीतिक सफर लगातार सफलता की मिसाल रहा है। पूर्वांचल में उनका प्रभाव कुर्मी, ओबीसी और सवर्ण सामाजिक समीकरण के तौर पर देखा जाता है। कुर्मी समुदाय उत्तर प्रदेश में यादवों के बाद दूसरा सबसे बड़ा ओबीसी वोटबैंक माना जाता है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 7 से 10 प्रतिशत बताई जाती है। पूर्वांचल, अवध और बुंदेलखंड की करीब 40-50 विधानसभा सीटों पर कुर्मी वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हाल के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को 33 सीटों का नुकसान हुआ है। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी गैर-यादव ओबीसी वोटों को फिर से एकजुट करने की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे में पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की संभावित घोषणा को इसी रणनीति का बड़ा कदम माना जा रहा है। संगठन और रणनीति दोनों में मजबूत माने जाने वाले पंकज चौधरी व्यवसाय से भी जुड़े हैं और राहत रूह ऑयल कंपनी के मालिक हैं। भाजपा में इससे पहले विनय कटियार, स्वतंत्र देव सिंह और ओम प्रकाश सिंह तीन कुर्मी नेता प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।

### नाम पर मुहर लगी, तो वे भाजपा चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे

**लखनऊ।** यदि पंकज चौधरी के नाम पर मुहर लगती है, तो वे भाजपा के चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पंचायत और विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने कुर्मी समाज से आने वाले नेता पर दांव लगाया है। लोकसभा चुनाव में कुर्मी समाज का एक हिस्सा 'पीडीए' के नाम पर समाजवादी पार्टी की ओर गया था। इसे देखते हुए भाजपा नेतृत्व इस सामाजिक आधार को फिर से अपने पक्ष में मजबूत करने की कोशिश में जुटा है। इसे गैर यादव ओबीसी वोटों को एकजुट करने की भाजपा की कवायद माना जा रहा है। 2024 लोक सभा चुनाव में अखिलेश यादव के पीडीए दांव से झटका लगा था-राज्य में ओबीसी वोटरों में यादव के बाद कुर्मी सर्वाधिक हैं। करीब आठ से दस प्रतिशत कुर्मी वोटर राज्य की 30-40 सीटों पर प्रभाव डालते हैं।-तराई, काशी, गोरखपुर, अवध, रूहेलखंड में कुर्मी वोटों का प्रभाव है।

### कोहरे में लिपटा प्रयागराज, जनजीवन प्रभावित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इस सीजन का अब तक का सबसे घना कोहरा दर्ज किया गया है। शनिवार की सुबह शहर घने कोहरे की चादर में पूरी तरह लिपटा नजर आया। कोहरा इतना घना था कि पास की चीज दिख नहीं रही थी, जिसके कारण सड़कों पर आम दिनों की तुलना में सन्नाटा देखने को मिल रहा है। बीते दो दिनों से कोहरे का असर लगातार बढ़ रहा है। शाम होते ही हल्की धुंध छाने लगती है, जो रात गहराने के साथ घने कोहरे में तब्दील हो जाती है और सुबह तक बनी रहती है। कोहरे के साथ-साथ दिन में धूप भी काफी कम हो गई है। धूप कमजोर पड़ने से दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे ठिठुरन और गलन का असर बढ़ गया है।

# किसानों के लिए मददगार होगा एआई: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



- सेटेलाइट से मिट्टी की जांच होने पर बोले सपा मुखिया
- मेडिकल और हेल्थ सेक्टर में एआई की भूमिका अहम

हैदराबाद में आयोजित विजन इंडिया पीडीए इवेंट में समा. जवादी पार्टी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के महत्व पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे एआई किसान से लेकर मेडिकल सेक्टर तक में मददगार साबित हो सकता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान हमें यह अधिकार देता है कि सब बराबर हैं और सरकार को इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने डिजिटल डिवाइड को कम करने और स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने की भी आवश्यकता पर जोर दिया। अखिलेश यादव ने किसानों के लिए एआई के इस्तेमाल पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट से मिली इमेज के आधार पर किसानों तक मदद पहुंचाई जा सकती है। मिट्टी की जांच में एआई मददगार हो सकती है, जिससे किसानों को उनकी भूमि की स्थिति का सही समय पर पता चलेगा। साथ ही बारिश के समय और मौसम का पूर्वानुमान एआई के माध्यम से किया जा सकता है, जिससे फसल नुकसान से बचाई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि मंडियों में सही रेट और डेटा किसान तक पहुंचाने में एआई एक बड़ा रोल निभा सकता है, जिससे समय और आर्थिक नुकसान कम होगा।

अखिलेश यादव ने मेडिकल और हेल्थ सेक्टर में एआई के फायदे पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कई बार समय पर बीमारी का पता नहीं चल पाता और इलाज पूरा नहीं हो पाता, जिससे खर्च बढ़ जाता है। एआई की मदद से टेलीमेडिसिन और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड किया जा सकता है, जिससे मरीज को शहर या बड़े अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्टाफ को प्रशिक्षित कर सही समय पर मरीजों को उचित इलाज दिया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि टेक्नोलॉजी आधारित रिस्पॉन्स सिस्टम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का सिस्टम एआई के लिए तैयार होना चाहिए, ताकि सही समय पर निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने यूपी में 108 एंबुलेंस सर्विस और पुलिस का डायल 100 सिस्टम उदाहरण के रूप में बताया, जो तकनीकी आधार पर बेहतर कार्य कर रहा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई का इस्तेमाल केवल टेक्नोलॉजी के लिए नहीं, बल्कि लोगों की जीवन गुणवत्ता बढ़ाने के लिए होना चाहिए।



**सेंसेक्स** 84818.13
**निफ्टी** 25898.55



**सोना रु.** 133360
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 204100
प्रति किलो



# उप्र में धान किसानों को 4500 करोड़ रुपये से अधिक का हुआ भुगतान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब तक 3.15 लाख से अधिक किसानों से 19.14 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। इसके एवज में किसानों को 4500 करोड़ से अधिक का भुगतान भी किया जा चुका है। यही नहीं बाजरा बिक्री करने वाले 35 हजार से अधिक किसानों को 421-39 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

उत्तर प्रदेश में 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से हो रही है। पहली अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश व पहली नवम्बर से पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान खरीद हो रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 13 दिसम्बर तक 6.70 लाख किसानों ने धान बिक्री के लिए पंजीकरण कराया था, जबकि 2025-26 में अब तक यह आंकड़ा 7.83 लाख से अधिक है। बाजरा बिक्री के लिए पिछले वर्ष इस अवधि तक 21630 किसानों का पंजीकरण हुआ था, जो इस वर्ष में 80 हजार से अधिक हो गया है। वहीं ज्वार व मक्का में भी पंजीकरण बढ़ गया।

ज्वार बिक्री के लिए पिछले साल 12 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया था, इस साल 16 हजार से अधिक किसानों का पंजीकरण हो चुका है। बाजरा खरीद 33 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धान की बिक्री, किसानों को भुगतान, क्रय केंद्र की व्यवस्था आदि को लेकर निरंतर समीक्षा बैठक कर रहे हैं। उन्होंने किसानों को समय से भुगतान करने का निर्देश दिया है। शनिवार दोपहर 12 बजे तक 3-15 लाख किसानों से 19.14 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। इस एवज में यूपी के किसानों को 4541.94 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अब तक 4645 क्रय केंद्र भी स्थापित हो चुके हैं। वहीं 'श्रीअन्न' की बात करें तो बाजरा किसानों को 421-39 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है, पिछले वर्ष इस अवधि तक 187.98 करोड़ रुपये भुगतान हुआ था। 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से शुरू हुई थी, जो 31 दिसम्बर तक चलेगी। श्रीअन्न के अंतर्गत बाजरा 33, मक्का 25 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है।

## सोने में तेजी बरकरार, चांदी के भाव में भी रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने में तेजी का दौर बरकरार है। 13 दिसंबर की सुबह राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव 133360 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है।

मुंबई में कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। उछाल का कारण मुख्य रूप से भारतीय करेंसी रुपये की कमजोरी और स्के एसेट में लगातार निवेश की मांग है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव 4,338.40 डॉलर प्रति औंस पर है। चांदी में भी 13 दिसंबर को तेजी है, भाव 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। विदेशी बाजारों में चांदी का हाजिर भाव 64.57 डॉलर प्रति औंस है। ग्लोबल सप्लाई में कमी, चीन से लगातार ज्यादा मांग और औद्योगिक खपत में बढ़ोतरी की वजह से इस साल रिटर्न के मामले में चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया। वर्तमान में मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

देश के महानगरों अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने का भाव 133260 प्रति 10 ग्राम है, जबकि हैदराबाद में 133210, जयपुर में 133360, भोपाल में 133260 और चंडीगढ़ में 133360 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व की ओर से प्रमुख ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत घटाए जाने के बाद सोने और चांदी में निवेश बढ़ा है।

# सेल की बिक्री अप्रैल-नवम्बर में 14 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली, वार्ता**




भारतीय इस्पात निगम लिमिटेड (सेल) की बिक्री चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीने में अप्रैल से नवम्बर के दौरान 14 प्रतिशत बढ़कर 127 लाख टन पर पहुंच गई। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी की बिक्री 111 लाख टन रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने एक प्रेंस विज्ञप्ति में बताया कि इस साल नवम्बर में उसकी बिक्री 27 प्रतिशत बढ़ी। इसमें खुदरा बिक्री 69 प्रतिशत बढ़कर 1.4 लाख टन रही, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में यह 0.84 लाख टन रही थी।

कंपनी ने बताया कि यह वृद्धि विभिन्न उत्पाद श्रेणियों और वितरण चैनलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन से संभव हुई, जिनमें घरेलू बिक्री योग्य उत्पाद, रोड डिस्पैच और वेयरहाउस से डोर डिलीवरी शामिल हैं। इस माह सेल देश में टीएमटी बार्स की सबसे बड़ी विक्रेता के रूप में भी उभरी। अप्रैल-नवम्बर के दौरान खुदरा चैनल से बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 9.7 लाख टन रही। यह पिछले साल समान अवधि में 8.6 लाख टन रही थी। कंपनी ने बताया कि इस वृद्धि में राष्ट्रव्यापी ब्रांड प्रचार अभियानों का भी योगदान रहा है। उसने कहा कि ये परिणाम चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में सेल की ग्राहक-केंद्रित प्रयासों, बाजार नेतृत्व और परिचालन उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं, जो विभिन्न खंडों में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करते हैं। सेल भविष्य में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।

# विश्वनाथ धाम की चौथी वर्षगांठ पर काशी की सड़कों पर भव्य झांकियां

**वाराणसी।**



धार्मिक नगरी काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम के चौथे लोकार्पण उत्सव पर शनिवार को सड़कों पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश और शिव बारात समिति के तत्वावधान में मैदागिन चौराहे से भव्य शोभायात्रा में बाबा विश्वनाथ की भक्ति, काशी के विकास, भारतीय महिला क्रिकेट टीम, भारतीय सेना के शौर्य, नारी शक्ति समेत अनेक झांकियां मन मोह रही थीं।

पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान वाद्ययंत्रों पर बाबा के गण, भूत-प्रेत, किन्नर सभी झूमते-गाते नजर आए। बैंड-बाजा, ढोल-नगाड़ों की गूंज और हर-हर महादेव के उद्घोष से सड़कें गूंज उठीं। इस शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी भी खूब दिखी। काशी के विकास में रोप-वे की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

ऑपरेशन सिदूर से जुड़ी झांकी लोगों में खूब जोश भर रही थी। डा. तिवारी ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की चौथी वर्षगांठ पर बाबा के भक्तों ने मनमोहक झांकियां निकालीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से और उनके लगातार प्रयासों से काशी विकास के नए-नए अध्याय लिख रहा है। तभी तो काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद चार वर्षों में करोड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। यह आध्यात्मिक दृष्टि के साथ-साथ आर्थिक रूप से प्रदेश और देश के लिए महत्वपूर्ण है। शिव बारात समिति के महामंत्री दिलीप सिंह ने बताया कि काशी के कई संगठनों ने इस आयोजन में भागीदारी की है। दर्जनों झांकियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। महादेव के विभिन्न रूप लोगों को देखने को मिले। 50 से ज्यादा महिलाओं की संस्था ने इस आयोजन में शामिल होकर यात्रा को भव्य और दिव्य बना दिया।

# उप्र में आईएएस अधिकारियों का वीआरएस की ओर बढ़ता रुझान चिंता का विषय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- राज्य सरकार की ओर से स्पष्टीकरण अभी तक नहीं आया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों द्वारा लगातार स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) और इस्तीफा दिए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

हाल के वर्षों में करीब एक दर्जन आईएएस अधिकारी सेवा छोड़ चुके हैं और आने वाले महीनों में इस संख्या के और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से इस पूरे घटनाक्रम पर अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ताजा मामला वर्ष 2004 बैच की आईएएस अधिक. ारी अनामिका सिंह का है, जिन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनका आवेदन प्रक्रियाधीन है। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि अनामिका सिंह ने हाल के दिनों में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए कोई आवेदन नहीं किया था। हालांकि प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश कैडर के कई आईएएस अधिकारियों में केंद्र में कम प्रतिनिधित्व को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। अधिकारियों का दावा है कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए भेजे गए कई प्रस्तावों को राज्य सरकार की ओर से मंजूरी नहीं मिल रही है और केंद्र में इम्पैनलमेंट की प्रक्रिया भी कठिन होती जा रही है। हाल ही में 1995 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमोद कुमार ने भी इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले वीआरएस लेने वालों में विकास गोठलवाल (2003), विद्या भूषण (2008), जी श्रीनिवासुलु (2005), राजीव अग्रवाल (1993), मोहम्मद मुस्तफा (1995), रिगजिन सैंफेल (2003), रेनुका कुमार (1987) और जुथिका पाटणकर (1988) शामिल हैं। राकेश वर्मा और आरपी सिंह भी सेवा छोड़ चुके हैं। वहीं 2011 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह ने हाल ही में इस्तीफा दिया है। जी श्रीनिवासुलु ने बाद में अपना वीआरएस आवेदन वापस लेकर पुन: सेवा जॉइन कर ली थी। जिन अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति मिली, उनमें से अधिकांश की पोस्टिंग वाराणसी या अयोध्या जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर रही थी।

# कांग्रेस एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी: जयराम रमेश

- पार्टी नेता ने शशि थरूर पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** केरल निकाय चुनाव में राजधानी तिरुवनंतपुरम में बीजेपी की जीत के बीच सांसद जयराम रमेश ने इशारों-इशारों में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर पर हमला बोला है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने पार्टी को सबसे पुरानी और एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी बताते हुए कहा कि हमारे एक जाने-माने सांसद लगातार हमारे नेताओं और पार्टी की आलोचना करते हैं, लेकिन हम चुपचाप इसे बर्दाश्त करते हैं।

बीजेपी नेता और पंजाब के पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह के बयान पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है और यहां सभी को अपनी राय रखने का अधिकार है। यह समाज का प्रतिनिधित्व करती है और इसलिए 140 साल से ज्यादा पुरानी है। उन्होंने कहा कि पार्टी में बोलने की आजादी के साथ-साथ बोलने के बाद भी आजादी है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की गंगा नदी से तुलना की और कहा कि मुख्य नदी जो बहती रहती है और उसकी बहुत सारी सहायक नदियां हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर इन दिनों कांग्रेस की बैठकों में शामिल नहीं हो रहे हैं। हाल ही में कई मौकों पर उन्होंने अपनी ही पार्टी की आलोचना की है और बीजेपी की तारीफ भी करते दिखें हैं, जिसके बाद उनकी कांग्रेस से दूरी पर चर्चा तेज है। केरल के निकाय चुनाव में बीजेप के नेतृत्व वाला एनडीए तिरुवनंतपुरम कॉरपोरेशन में बहुमत के निशान के करीब पहुंच रहा है, 101 वार्डों में से 50 में आगे चल रहा है, जबकि बहुमत का आंकड़ा 51 है।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र में धामपुर रोड पर गोयल पब्लिक स्कूल के समीप आज सुबह सवेरे एक पिकअप वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय बिजनौर भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह लगभग छह बजे पिकअप और बाइक की टक्कर हो गई। जिससे बाइक चालक सड़क पर गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान ग्राम मधपुरी, थाना बढ़ापुर निवासी 40 वर्षीय जसवंत सिंह पुत्र पूरन सिंह के रूप में हुई है।

मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक उनके साडू ज्ञान सिंह की बेटी अनीता की शादी के रविवार को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों में लगे हुए थे। जिसके लिए जसवंत सिंह नगीना सब्जी मंडी से सब्जी लेने जा रहे थे। जसवंत सिंह मजदूरी करते थे। जसवंत सिंह के तीन छोटे बच्चे हैं। उनकी हादसे में हुई असमय मृत्यु से पूरे क्षेत्र में गम का माहौल है।

# सफारी के दौरान वॉकी टॉकी के प्रयोग पर पर्यटक छह माह के लिए प्रतिबंधित

**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व अन्तर्गत पार्क नियम का उल्लंघन करने पर पर्यटक को 6 माह के लिए प्रतिबंधित किया गया।

झिरना जोन के अन्तर्गत प्रात:कालीन सफारी के दौरान किसी पर्यटक द्वारा वॉकी टॉकी का प्रयोग करने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई थी। चूंकि संरक्षित क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी प्रकार का रेडियो फ्रीक्वेंसी संचार उपकरणों का बिना अनुमति प्रयोग करना नियम विरूद्ध है। प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए उप निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी, ईको टूरिज्म यूनिट को प्रकरण की जांच कर अपनी सुस्पष्ट आख्या प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। ततक्रम में प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी, ईको टूरिज्म यूनिट द्वारा सम्बन्धित पर्यटक तथा सम्बन्धित वाहन चालक को लिखित बयान हेतु नोटिस दिया गया। जिसके प्रति उत्तर में वाहन चालक द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए यह बयान दिया गया कि उन्हें पीछे बैठे पर्यटक के कृत्य के बारे में कोई जानकारी या कोई आभास नहीं था। पर्यटक द्वारा संरक्षित क्षेत्र में वॉकी टॉकी ले जाने की बात स्वीकार की गयी तथा इस सम्बन्ध में जानकारी न होने की बात की गयी, जो कि उनका स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया एवं उनका कृत्य कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत पर्यटन नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत पर्यटन हेतु जारी गाइडलाइन प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा उल्लंघन किये जाने के दोषी पर्यटक को कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत ब्लैक लिस्ट किया गया है तथा उनके कार्बेट टाइगर रिजर्व में प्रवेश को 6 माह हेतु प्रतिबन्धित किया गया है।

# विवेक विश्वविद्यालय के दो छात्रों का महिंद्रा में चयन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय में महिंद्रा (तिरूपती व्हीकल प्राइवेट लिमिटिड) एवं धारा मोटरस द्वारा कैम्पस प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें बी.काम एवं बीसीए के अन्तिम वर्ष के छात्रों ने प्रतिभाग किया। महिंद्रा (तिरूपती व्हीकल) की एचआर श्वेता सिहं ने चयन प्रक्रिया प्री प्लेसमेंट टाक एवं पर्सनल इंटरव्यू के पश्चात बीसीए के यश यादव, बी.काम की प्रिया भटनागर को मानकों के अनुसार योग्य पाकर चयनित किया। विश्वविद्यालय के डीन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग डॉ. हर्ष कुमार एवं मैनेजमेन्ट के डीन डॉ. सर्वेश कुमार शीतल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और कम्पनियां भी लगातार अन्तराल पर कैम्पस प्लेसमैंट के लिए महाविद्यालय आती रहेगी।

विश्वविद्यालय के चान्सलर अमित गोयल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का यूनीवर्सिटी कैम्पस प्लेसमैंट में प्रदर्शन सराहनीय है। उन्होंने बताया कि विवेक यूनीवर्सिटी विद्यार्थियों के चयन के लिए लगाताार प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है। विश्वविद्यालय के प्रो. चान्सलर इं. दीपक मित्तल ने कहा कि विद्यार्थियों का कम्पनी में चयन उनकी पढ़ाई के दौरान हासिल की गयी विभिन्न दक्षताओं पर निर्भर करता है।

विश्वविद्यालय के वाइस चान्सलर प्रो. डॉ. एन. के. गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी जितने स्किलफुल होंगे कम्पनी में उनके चयन की संभावना उतनी प्रबल होगी। विश्व. विद्यालय के निदेशक अनिल शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में कॉरपोरेट जगत में कामयाबी प्राप्त करने के लिए कम्यूनिकेशन स्किलस एवं इन्टरपर्शनल स्किलस में महारथ हासिल करना अति आवश्यक है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार हितेश शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में लगातार आयोजित हो रही कैम्पस प्लेसमैंट ड्राइव के कारण छात्रों में कॉरपोरेट सेक्टर में जॉब करने की उत्सुकता बढ़ रही है। प्लेसमैंट ड्राइव को सफल बनाने में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर नीतीश वर्मा, रिया भटनागर एवं सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।

# विद्या भारती का सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

## मातृशक्ति की भूमिका पर मंथन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** देशराज सिंह सरस्वती शिशु मंदिर, नांगल जट, जनपद बिजनौर में विद्या भारती मेरठ प्रान्त के तत्वावधान में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता और संस्कारों की अनुभूति हुई।

कार्यक्रम में संरक्षिका श्रीमती प्रमोद कुमारी, अध्यक्षा श्रीमती शीतल राव भारती, मुख्य अतिथि श्रीमती दिव्या चौधरी, मुख्य वक्ता श्रीमती कविता रानी एवं श्रीमती मीना कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती प्रीति कुमारी द्वारा किया गया।

मुख्य वक्ताओं ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि शिशु के व्यक्तित्व निर्माण में माता की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। बालक की प्रथम गुरु माता ही होती है, जो अपने संस्कारों, आचरण और व्यवहार से बच्चे को निर्भीक, अनुशासित एवं सदाचारी बनाती है। यदि माताएं जागरूक हों तो समाज को सशक्त, संस्कारी और राष्ट्रभक्त नागरिक प्राप्त हो सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान बहन अंं. कता, मोनिका, पूजा सहित अन्य बालिकाओं ने साहसिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को प्रभावित किया। इन प्रस्तुतियों ने नारी शक्ति, आत्मविश्वास और संगठन की भावना को सशक्त रूप से दर्शाया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रभान सिंह, राजकुमार, प्रीति कुमारी, कु. अंजली, कु. कविता एवं कु. अनुकृति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, सहभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# मौसम का मिजाज बदला

## आसमान में छाए रहे बादल, लेकिन बारिश नहीं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज मौसम का मिजाज बदल गया। जिससे ठंड में इजाफा हो गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह से ही मौसम में काफी बदलाव दिखाई दिया। जनपद में कई जगह आसमान में बादल छाए रहे। जिसकी वजह से सूरज काफी देरी से निकला। दोपहर बाद फिर आसमान में बादल छा गए। लेकिन देर शाम समाचार लिखे जाने तक जनपद में कहीं पर भी बारिश नहीं हुई। अलबत्ता ठंड जरूर बढ़ गई। वैसे तो आज अवकाश का दिन था। इसलिए लोग घरों से बाहर कम निकले। लोगों ने घर घर से बाहर निकलने की स्थिति में ठंड से बचाव के पूरे इंतजाम कर रखे थे। खासतौर पर दोपहिया वाहनों पर सवार लोगों को विशेष इंतजाम के साथ देखा गया।

मौसम विभाग का कहना है कि कल (आज) भी इसी तरह मौसम खराब रहेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे। वैसे ठंड बढ़ने का सीधा असर गरीबों, बुजुर्गों एवं बच्चों पर पड़ रहा है। विभिन्न अस्पतालों में ठंड के शिकार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। साथ ही काम न मिलने से गरीबों के चूल्हे भी ठंडे पड़ रहे है।

## नवविवाहिता को मासूम के साथ घर से निकाला

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुरा निवासी प्रेमचंद ने अपनी पुत्री प्रीति का विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ 11 माह पूर्व हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मनौटा निवासी बदलू सिंह के पुत्र सौरभ के साथ किया था। प्रीति का आरोप है कि उसका पति और ससुराल पक्ष शादी के एक माह बाद ही उस पर मोटरसाइकिल लाने का दबाव बनाने लगे। उधर लड़की पक्ष गरीब होने के चलते ससुराल वालों को बाइक नहीं दे सके, जिसके चलते प्रीति को हर महीने, दो महीने में परेशान किया जाने लगा। उधर ससुराल पक्ष की बाइक की डिमांड एक बार फिर उस समय उठी जब प्रीति ने एक लड़के को जन्म दिया। लड़के के एक माह के होते ही ससुराल पक्ष ने बच्चों के साथ ही प्रीति को भी चलता कर दिया और बिना बाइक लिए ससुराल न आने की चेतावनी भी दे दी । फिलहाल प्रीति ने कानून का दरवाजा खटखटाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र सौपा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण

## 288.96 लाख के कुल 345 समझौते कराए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय ने आज जजी परिसर में आयोजित हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में अपना स्टॉल लगाकर वादों का निस्तारण किया। जिसमें ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक लखवीर सिंह सिहमार के साथ बैंक स्टाफ उपस्थित रहा।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा बकाया राशि रुपए 528.50 लाख के सापेक्ष रुपए 288.96 लाख के कुल 345 समझौते कराए गए। साथ ही कुल रुपए 140.50 लाख की राशि मौके पर संतराम, सुरेन्द्र सिंह, इन्द्रा, सूरज सिंह, कैलाश चंद्र, भूरिया देवी, मुन्नू आदि ऋणियों के खातों में वसूल हुई।

लोक अदालत में बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक लखवीर सिंह सिहमार ने स्वयं अनेक ऋणियों से बातचीत की तथा समझौते के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बैंक के अनेक अधिकारी मौजूद रहे। जिनमें बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के उप क्षेत्रीय प्रबंधक अर्चित रस्तौगी, वरिष्ठ प्रबंधक नितिन कुमार अहलावत, अक्षय कुमार शर्मा, वसूली प्रबंधक प्रयांशु त्यागी के साथ-साथ अनुज सैनी, अजीत सिंह आदि रहे। कैश का कार्य शाखा नांगल जट के कैशियर राहुल कुमार व शाखा सिविल लाइन्स के कैशियर जरीफ अहमद के द्वारा किया गया।

विभिन्न शाखाओं से आए स्टाफ राजीव कुमार शर्मा (प्रबंधक शाखा आवास विकास), राकेश कुमार, जगदीश चन्द्र सरकार, श्रीमती ज्योति नितिन मार्टिन, अभिषेक शर्मा, हिमांशु सिंह, ललित कटारिया, विवेक यादव, विशाल चौधरी, विवेक कुमार, राज सिंह, तसलीम अहमद, अमित कुमार, अंकित कुमार, राहुल, जान डेनिस कुजूर, सचिन कुमार गुप्ता, निशांत कुमार, सीपी सिंह, सोनू सिंह, डीके पाल, रितेश चौहान, राजेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, उदय राज, लवित कुमार, रिंकू, सागर सिंह, प्रचेता प्रकाश, विपलव कुमार आदि अनेक वरिष्ठ प्रबंधक, प्रबंधक, उप-प्रबंधक व अन्य बैंक स्टाफ अपनी-अपनी शाखाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। जिला सेवा विधिक प्राधिकरण सदस्य एड. प्रीति चौहान का पूर्ण सहयोग रहा। जिला जज संजय कुमार द्वारा अपनी टीम (टीम में राम अवतार यादव, अवधेश कुमार, श्रेय शुक्ला) और लीड बैंक अधिकारी अखिल कुमार सिंह के साथ ग्रामीण बैंक के स्टॉल का भी निरीक्षण किया गया और कार्य को देख प्रशंसा की और प्रोत्साहित किया।

लोक अदालत परिसर में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कैम्प पर भीड़ बराबर बनी रही। कुल मिलाकर अनेक ऋणियों ने अपने ऋणों का निबटारा मौके पर कराया। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के अधिकारीगण भी पुराने केसों में समझौता कराने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करते दिखे।

# पांच वर्षों की लगन से मिला अपनों का सहारा

## समाजसेवी रूबी गुप्ता की पहल से बिछड़ी महिला लौटी परिवार के पास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** सेवा, संवेदना और संकल्प की मिसाल कायम करते हुए समाजसेवी रूबी गुप्ता ने एक बार फिर मानवता को जीवंत कर दिखाया है। करीब पांच साल पहले लावारिश हालत में मिली मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को उसके परिजनों से मिलाकर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर प्रयास कभी निष्फल नहीं जाते।

जानकारी के अनुसार 15 नवंबर 2020 को मंडावर रोड पर एक महिला असहाय अवस्था में पाई गई थी, जो अपनी पहचान तक बताने में असमर्थ थी। सूचना मिलते ही समा. जसेवी रूबी गुप्ता सक्रिय हुईं और थाना कोतवाली शहर के एक कांस्टेबल की मदद से महिला को करुणधाम संस्था में सुरक्षित भिजवाया। उस समय महिला की स्थिति अत्यंत चिंताजनक थी।

इसके बाद रूबी गुप्ता ने महिला के परिवार को खोजने का बीड़ा उठाया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने सामाजिक संपर्क, सूचनाओं और विभिन्न माध्यमों के सहारे लगातार प्रयास जारी रखे। लगभग पांच वर्षों की अथक मेहनत के बाद आखिरकार 12 दिसंबर 2025 को महिला के परिजन सामने आए।

महिला की बेटी धर्मशिला, दामाद छोटेलाल यादव और नाती करण कुमार, निवासी शेरपुर कॉलोनी, जिला बेतिया (बिहार) करुणधाम पहुंचे। माँ को देखकर परिवार भावुक हो उठा और वर्षों बाद हुआ यह मिलन सभी की आँखें नम कर गया। परिजनों ने बताया कि महिला दवा लेने निकली थी, लेकिन गलती से ट्रेन में बैठ जाने के कारण रास्ता भटक गई। समाजसेवी रूबी गुप्ता ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल एक महिला तक सीमित नहीं है। वे लगातार करुणधाम सहित अन्य संस्थाओं में रह रही महिलाओं को उनके परिवारों से मिलाने का प्रयास करती रहेंगी। अब तक वे कई महिलाओं को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाने में सफल रही हैं।

रूबी गुप्ता का यह मानवीय प्रयास समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण है, जो यह संदेश देता है कि सेवा भाव, धैर्य और सच्ची नीयत से वर्षों से बिछड़े रिश्तों को भी फिर से जोड़ा जा सकता है।

## एक नजर

### सांसद रुचि ने किया उद्घाटन



**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी की सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने बुखारा चुंगी स्थित चौधरी ट्रेडर्स के नए शोरूम का उद्घाटन किया। शोरूम के मालिक आफाक चौधरी ने बताया कि यह स्टोर ब्रांडेड प्रोडक्ट्स सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों की बिक्री करेगा। शोरूम में डेढ़ हजार से ज्यादा ब्रांडेड इलेक्ट्रोनिक आइटम उपलब्ध हैं। जो ऑफलाइन व ऑनलाइन बाजार मूल्यों से बहुत कम दामों में उपलब्ध रहेंगे। उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोग और व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस मौके पर सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, डा. शाहबाज उमरी, अय्यूब अहमद, आरिफ, जावेद अहमद, महताब अहमद, नसीबुररहमान, इरशाद, इरशाद अहमद, जावेद उर्फ बब्बू, अरशद शमीम, इरफान उर्फ टीपू, मोहसिन एड. आदि मौजूद रहे।

### थाना दिवस में आई पांच शिकायतें

**अफजलगढ़।** थाना दिवस की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने की। इस मौके पर केवल पांच शिकायतें आई। जिसमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी दो शिकायतें संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी फरियादों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा। उन्होंने कहा कि जमीनों से संबंधित कार्य लेखपालों द्वारा गंभीरता से निपटारा कराया जाएगा तथा क्षेत्र में सभी लोग प्रेम के साथ रहे। उन्होंने कहा अशांति फैलाने वालों के साथ कठोर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने ग्राम प्रधानों व कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों से कहा कि छोटी-मोटी बातों को अपने यहां बैठाकर निपटाए। फिर भी अगर कोई न माने, तो उसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस जांच कर कार्रवाई करने का काम शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि गन्ने के ट्रक ओवरलोड लेकर सड़क पर बिल्कुल न चले। उन्होंने कहा कि गन्ने के ओवरलोड से यातायात बाधित होता है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि कोई भी परिवार अपने नाबालिक बच्चों को स्कूटी व बाइक चलाने को हरगिज न दें। साथ ही कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी बुलेट से सड़कों पर पटाखे न मारे। वरना सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रधानगण, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, समाजसेवीगण, सभासदगण लेखपाल सहित पुलिस स्टाफ आदि मौजूद रहा।

# डबल इंजन सरकार में भला घुसपैठिये कैसे आ सकते हैं?



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सामाजिक चिन्तक काजी जियाउर्रहमान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घुसपैठियों को पकड़ने व डिटेन्शन कैम्प बनवाये जाने के बयान पर कहा कि जिन योगी जी के राज्य में माफिया को मिट्टी में मिला दिया गया, अपराधी उनका राज्य छोड़कर दूसरी जगहों पर पलायन कर चुके हैं, वहां पर घुसपैठियों की क्या औकात, फिर दूसरी बात ये कि 11 वर्षों से डबल इंजन की सरकार है, तो घुसपैठिये कैसे आ सकते है, यह हमारी समझ से परे है।

उन्होंने विकास की दीवानी सरकार का ध्यान बालावाली पुल से पहले लगभग एक किमी. सड़क के गड्ढों की ओर दिलाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड का प्रवेश द्वार होने के बावजूद बालावाली पुल के पास की सड़क उ.प्र. व उत्तराखण्ड सरकार को क्यों नहीं नजर आती। उन्होंने स्योहारा-नूरपुर रोड पर अतिव्यस्त रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनवाने की मांग सरकार से की।

# वीरा कालेज स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में प्रथम उपविजेता

## 36 घंटे तक नॉन-स्टॉप इनोवेशन






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट को यह गर्वपूर्ण घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है कि इसके छात्र दल केएसवीसीईएम- 01 ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 36 घंटे लगातार कोडिंग राउंड जो की सीजीसी लांडरा, चंडीगढ़ में आयोजित ग्रैंड फिनाले में प्रथम उपविजेता (First Runner-Up) का स्थान प्राप्त किया है।

टीम ने पंजाब सरकार द्वारा जारी समस्या कथन 'विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लिए आपदा तैयारी एवं प्रतिक्रिया शिक्षा प्रणाली' (एसआईएच 25008) पर उत्कृष्ट समाधान प्रस्तुत किया। उनका नवोन्मेशी समाधान विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर छात्रों में आपदा जागरूकता, तैयारी तथा प्रभावी प्रतिक्रिया को सुदृढ़ करने हेतु एक संरचित एवं तकनीक-आधारित शैक्षिक ढांचे पर केंद्रित था।

देशभर से आए श्रेष्ठ छात्र नवप्रवर्तकों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए टीम केएसवीसीईएम- 01 ने अपनी तकनीकी दक्षता, रचनात्मकता, टीमवर्क तथा सामाजिक दायित्व की उत्कृष्ट मिसाल पेश की। जूरी पैनल ने उनके समाधान की व्यावहारिकता और सामाजिक प्रभाव की विशेष सराहना की।

इस टीम में कम्प्यूटर साइन्स एंड इंजीन्यरिंग विभाग से सानिया राजपूत, छवि ठाकुर, नंदिनी श्रीवास्तव, शिवांगी कश्यप, सुश्री दीपांशी राजपूत, रिया शाह रावत छात्राएं शामिल रहीं। सभी छात्राओं ने इस उपलब्धि का श्रेय कॉलेज निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल व फैकल्टि डॉ. वैभव पुंडीर, लक्ष्मी सिंह व उज्जवल कुमार को दिया।

इस अवसर पर कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज के सचिव कुंवर उदयन वीरा एवं कु. रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) एवं रेडियो संदेश सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवं निधि विश्नोई, डॉ. अभिषेक चौधरी, मौहम्मद हसन, पुलकित गौड़, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# अफजलगढ़ में मुर्गी फार्म में आग

## चार लाख रुपए का नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बीती रात्रि एक मुर्गी फार्म में अचानक आग लग गई। जिसमें रखा लगभग डेढ़ लाख रुपए का मुर्गी दाना सहित तकरीबन चार लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

नगर निवासी मौहम्मद आसिफ उर्फ आतिफ नगर के ही मौहल्ला जैनुल आबेदीन में पिछले एक वर्ष से मुर्गी फार्म बनाकर उसमें मुर्गा पालन करता है। शुक्रवार की रात्रि सात बजे तक वह अपने मुर्गी फार्म पर ही था। जिसके बाद वह इशा की नमाज पढ़ने के लिए चला गया था। कुछ देर बाद ही उसे उसके मुर्गी फार्म के पड़ोसी द्वारा फोन करके इत्तला दी गई कि उसके मुर्गी फार्म में आग लग गई है। आतिफ, उसके परिजन व अन्य साथी तुरंत मौके पर पहुंचे, तब तक मुर्गी फार्म ऊंची लपटों के साथ धूं-धूं कर जल रहा था। तमाम लोगों के भरसक प्रयास के बाद भी आग काबू में नहीं आ पा रही थी। अचानक लगी आग से मुर्गी फार्म जलकर राख हो गया है। मुर्गी फार्म स्वामी आसिफ ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल मुर्गी फार्म में मुर्गी बच्चा नहीं था। बस गुरुवार को उसने डेढ़ लाख रुपए कीमत का मुर्गी दाना मंगा कर वहां रखा था।

आसिफ का कहना है कि मुर्गी दाने सहित उसका लगभग चार लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं लग पाया है।

# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** फोरलेन हाईवे पर ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया।

ग्राम तिवड़ी निवासी ऋषिपाल उम्र 50 वर्ष ट्रैक्टर ट्राली से ईंट लेकर बगदाद अंसार होकर जा रहा था। गांव बगदाद अंसार के पास ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से नावेद (16 वर्ष) पुत्र जावेद निवासी बगदाद अंसार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। उधर पुलिस का कहना है मामले में जांच कर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### हादसे में दो गंभीर घायल



**नहटौर।** ग्राम नवादा चौहान निवासी विशाल कुमार कश्यप पुत्र भूदेव सिंह कश्यप नहटौर में स्पेयर पार्ट्स की दुकान पर कार्य करता है। आज शाम करीब छह बजे वह साइकिल से अपने घर लौट रहा था। जब वह ग्राम रुगड़ी के सामने पहुंचा, तो सामने से आ रहे बाइक सवार हितेश चौहान पुत्र हरगोविंद सिंह निवासी ग्राम बुडगरा, थाना मंडावर से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर लगने से दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को सीएससी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रैपर कर दिया।

### हार्ट अटैक से सलमान सलमानी का इंतकाल



**ताजपुर।** मौहल्ला खद्दर बाजार निवासी मास्टर मरहूम शौकत सलमानी के पुत्र सलमान सलमानी ( 30 वर्ष) का सैलून की दुकान पर किसी ग्राहक के बालों की कटिंग कर रहा था। तभी अचानक हार्ट अटैक आ जाने से दिल्ली के अस्पताल में इंतकाल हो गया। इंतकाल की खबर सुनकर परिवार में खलबली मच गई। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सलमान सलमानी दिल्ली में रहकर अपना सैलून चलाते थे। उनके अचानक इंतकाल से हर तरफ उदासी छाई हुई है।

### ई-रिक्शाओं की बढ़ती संख्या से जाम



**बिजनौर।** नजीबाबाद शहर में मुख्य सड़कों से लेकर तंग गलियों तक, यातायात जाम की समस्या ने नागरिकों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहरवासी प्रतिदिन इस गंभीर चुनौती का सामना कर रहे हैं। जाम का एक प्रमुख कारण सड़कों पर ई-रिक्शा की बेतहाशा बढ़ती संख्या और उनके अव्यवस्थित संचालन को बताया जा रहा है। वाहनों की बढ़ती भीड़ और खराब यातायात प्रबंधन के कारण सड़कों पर पैदल चलने वालों के लिए भी सुरक्षित स्थान मिलना मुश्किल हो गया है। इसके अतिरिक्त, व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर सड़क को घेरा जाना भी जाम की स्थिति को और गंभीर बना रहा है। दुकानदारों द्वारा सड़क पर फालतू का सामान रखने से आवागमन बाधित होता है। नजीबाबाद नगर पालिका द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाते हैं। हालांकि, इन अभियानों के बाद कुछ दिनों तक स्थिति में सुधार दिखता है, लेकिन जल्द ही अतिक्रमण और जाम की समस्या पहले की तरह फिर से उभर आती है। शहरवासियों को इस गंभीर समस्या से स्थायी निजात दिलाने के लिए संबंधित विभागों को तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

# एसडीओ की तैनाती न होने से उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** एसडीओ किरतपुर के स्थानांतरण को लगभग एक माह बीत चुका है, लेकिन अब तक किरतपुर में नए एसडीओ की तैनाती नहीं की गई है। एसडीओ का पद रिक्त होने से आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में किरतपुर बिजलीघर का अतिरिक्त प्रभार मंडावर के एसडीओ को सौंपा गया है, लेकिन उपभोक्ताओं का आरोप है कि वे न तो नियमित रूप से किरतपुर आते हैं और न ही शिकायतों पर ध्यान देते हैं। कई बार संपर्क करने के बावजूद वो फोन तक नहीं उठाते, जिससे बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति में शिकायतें केवल कागजों तक सिमट कर रह जाती हैं। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और लोगों में विभाग के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है।

क्षेत्र के सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों ने उच्चाधिकारियों से शीघ्र ही किरतपुर में स्थायी एसडीओ की नियुक्ति करने की मांग की है, ताकि विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा सके और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# शफीक अहमद के इंतकाल पर शोकसभा



मगफिरत के लिए की गई दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मदरसा अनवारूल उलूम की कमेटी के अध्यक्ष मरहूम शफीक अहमद के इंतकाल पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में कमेटी और उनके परिवार वालों ने शिरकत की।

शोक सभा में मरहूम शफीक अहमद के लिए दुआए मगफिरत की गई और उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। शोक सभा में मौलाना मौहम्मद अय्यूब ने दुआ कराई, जबकि कारी अहमद हसन व कारी तस्लीम अहमद ने मरहूम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शफीक अहमद ने मदरसा अनवारूल उलूम की उन्नति के लिए आजीवन निःस्वार्थ सेवा की। उन्होंने शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। शोक सभा में चौधरी शफीक अहमद, आसिफ नवाज, तौफीक मलिक, मास्टर शमीम मलिक, मास्टर नफीस मलिक, निजामुद्दीन, मुस्तकीम अहमद (तंबाकू वाले), डा. वजीर, मारूफ, मुस्तकीम अहमद (जलेबी वाले), रफीक, तौफीक मलिक, अब्दुल वहीद, मौहम्मद मेहरबान, फुरकान अहमद, जावेद अहमद, नसीम अहमद (सूफी जी), अमीर हसन, भूरा मलिक, मुकर्रम मलिक, हैदर अली, नसीम कबाड़ी, शमीम (जूस वाले), शकील, सलीम रियाजुद्दीन, सिराजुद्दीन, शाहिद, आरिफ, कारी साजिद, मौलाना रफीक अहमद, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने मरहूम की आत्मा की शांति के लिए दुआ करते हुए उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में साइबर क्राइम पर गोष्ठी आयोजित

## सीओ ने व्यापारियों को दी साइबर ठगी से बचाव की जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कोटद्वार रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में साइबर क्राइम को लेकर एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

क्षेत्राधिकारी नीतीश कुमार प्रताप सिंह ने उपस्थित व्यापारियों को साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल और लिंक के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचने के उपाय विस्तार से बताए। सीओ ने कहा कि क्षेत्र में साइबर अपराध के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। ऐसे में व्यापारियों और आम नागरिकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने संदिग्ध कॉल, ओटीपी साझा न करने और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी। गोष्ठी के दौरान व्यापारियों ने मंडी परिसर और उसके आसपास रास्तों पर खड़ी अवैध गाड़ियों को हटवाने की मांग भी उठाई। जिससे आवागमन में हो रही परेशानी से अवगत कराया गया। सीओ ने व्यापारियों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# शिक्षक के साथ मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

## शांति भंग की आशंका में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** शिक्षक के साथ मारपीट के आरोपी सीरवासुचंद निवासी जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नाजिश के देवर एवं स्व. शहाबुद्दीन अंसारी के छोटे भाई मौहम्मद सरताज को अफजलगढ़ पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर उसका शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।

आरोप है कि शिक्षक द्वारा अपने रुपए मांगने पर सरताज ने रुपए लौटाने के बजाय शिक्षक महबूब अली के साथ गाली-गलौच व मारपीट की थी। बीते छह दिसम्बर शनिवार की सायं पास के ग्राम सीरवासुचंद निवासी सरकारी टीचर महबूब अली व सरताज के बीच कासमपुर गढ़ी के मुख्य बाजार में विवाद हो गया था। जिसमें महबूब अली घायल हो गए थे।

महबूब अली ने थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि वह जिला पंचायत सदस्या श्रीमति नाजिश के देवर अथवा स्व. शहाबुद्दीन अंसारी के छोटे भाई सरताज की कासमपुर गढ़ी में बाजार स्थित दुकान पर उससे अपने रुपए लेने के लिए गया था। आरोप है कि सरताज के द्वारा रुपए देने को मना करने पर महबूब अली द्वारा यह मामला पंचायत में रखने की बात कहते ही सरताज आग-बबूला हो गया और उसने महबूब अली के साथ गाली-गलौच व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसमें शिक्षक महबूब अली के हाथ में चोट आई।

महबूब ने अफजलगढ़ पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। घायल महबूब अली द्वारा पुलिस से गुहार लगाने की भनक पड़ते ही आरोपी सरताज व उसके परिजन बचाव के प्रयास में पहले तो कुछ जिम्मेदार लोगों से फैसला कराने के लिए अनुरोध करते रहे। शिक्षक द्वारा फैसला करने से इन्कार करने पर आरोपी पुलिस से बचाव के लिए तरह-तरह की सिफारिशें कराने के प्रयास में लगे रहे। इसी बीच आरोपी ने अपने बचाव में एक संगठन का भी सहारा लेने की हर मुमकिन कोशिश की। मगर पुलिस की कार्यवाही के आगे उसकी एक न चली। आखिरकार अफजलगढ़ पुलिस ने घायल महबूब अली की तहरीर के आधार पर आरोपी सरताज पुत्र शमशुलहई निवासी ग्राम सीरवासुचंद के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) व 131 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आईओ एसएसआई श्रीपाल सिंह ने महबूब अली के हाथ की एक्स-रे रिपोर्ट में फ्रेक्चर के आधार पर सरताज के खिलाफ बीएनएस की धारा 117(2) की और बढ़ोत्तरी की है।

# विकास की मांगों को लेकर पोस्टकार्ड अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में विकास की विभिन्न मांगों को लेकर चलाया जा रहा पोस्टकार्ड अभियान अब जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। इस अभियान के तहत अब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ढ़ाई लाख से अधिक पोस्टकार्ड भेजे जा चुके हैं। ये पोस्टकार्ड गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से जोड़ने, नजीबाबाद शुगर मिल की क्षमता वृद्धि और नगीना में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना जैसी प्रमुख मांगों के समर्थन में भेजे गए हैं।

इसी क्रम में आज किरतपुर ब्लॉक में एक महत्वपूर्ण गतिविधि हुई। किरतपुर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के आवास पर विभिन्न गांवों से एकत्र किए गए पोस्टकार्डों को संकलित किया गया। इसके बाद, ग्राम शाहपुर सुक्खा स्थित अरविंद कुमार के आवास पर किरतपुर ब्लॉक की टीम ने ग्राम-ग्राम से भरवाए गए 21,000 पोस्टकार्ड चौधरी दिगंबर सिंह को सौंपे, ताकि वे इन्हें मुख्यमंत्री तक पहुंचा सकें।

इस अवसर पर चौधरी दिगंबर सिंह ने किरतपुर ब्लॉक की टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनसंपर्क के कारण लाखों लोग बिजनौर के विकास से जुड़ी मांगों से जुड़ पाए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जनपद के उज्ज्वल भविष्य के लिए जागरूक करने के प्रयास को सराहनीय बताया। पोस्टकार्ड अभियान के बाद अब इन मांगों को शासन तक और प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से आंदोलन को तेज करने की तैयारी की जा रही है। इस मौके पर दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह, अध्यक्ष मुकुल कुमार, हितेश कुमार, पदम राणा, नीतू चौधरी, विनोद कुमार, यशवंत सिंह, श्यामलाल सिंह, राजीव कुमार, अजमाईन प्रधान, देवेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, देशराज सिंह उर्फ भोले, शैलेंद्र, मनोज कुमार राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# गरीबों को लिहाफ बांटे जाने का इंतजार

## रेड़क्रास सोसायटी व समाजसेवी संस्थाओं की उदासीनता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। लेकिन न तो रेड़क्रास सोसायटी और न ही अन्य समाजसेवी संस्थाएं गरीबों व अन्य जरूरतमंदों को लिहाफ बांट रही है। सवाल यह उठता है कि क्या सर्दी का मौसम बीत जाने या आधा गुजर जाने के बाद लिहाफ व कंबल बांटे जाएंगे।

गौरतलब है कि जनपद में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। गरीब ठंड के मारे ठिठूर रहे है। झोंपड़ियों एवं टूटे-फूटे घरों में रहने वाले गरीबों, मजदूरों की सर्द रातें जानलेवा व लंबी गुजर रही है। उनके पास ठंड से बचने के माकूल इंतजाम भी नहीं है। उन्हें उम्मीद रहती है कि रेड़क्रास सोसायटी, समाजसेवी संस्थाएं या फिर कोई दरियादिल पूंजीपति फरिश्ता बन कर आएगा और उन्हें ठंड से बचने के लिए सौगात देगा। मगर फिलहाल ऐसा नहीं हो पा रहा है। भाजपा सरकार में राशन कार्ड धारकों को सिर्फ राशन सामग्री बांट कर समझा जा रहा है कि गरीबों की जरूरत पूरी हो गई है। यह भी कटू सत्य है कि भाजपा सरकार में समाजसेवियों एवं समाजसेवी संस्थाओं में भी भारी कमी आई है। भाजपा सरकार में समाजसेवा भी बंद हो गई है। जिसका नतीजा साफ दिखाई दे रहा है। जिम्मेदार अधिकारी भी गरीबों की मदद नहीं कर रहे है। भ्रष्टाचार कर भारी दौलत बटौरने वाले भी गरीबों की मदद के लिए अपनी तिजोरी नहीं खोल रहे है। हालत यह है कि गरीब बेसहारा होकर अपनी किस्मत को कौसने को मजबूर है। दूसरी तरफ नगर क्षेत्रों में अलाव जलना भी शुरू नहीं हुए है। कई नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में कागजों में अलाव जल रहे है। कई जगह अलाव की लकड़ियां प्रभावशाली नेताओं एवं भ्रष्टाचार अधिकारियों के बंगलों पर पहुंच रही है। सार्वजनिक स्थलों एवं चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की गई है। रोडवेज बस स्टैंडों एवं प्रमुख चौराहों पर अलाव की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। सूत्रों का कहना है कि अलाव की लकड़ियों की रकम भी डकारी जा रही है।

# 'संघ शक्ति संगम' कार्यक्रम

## प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** कनकेश्वर महादेव सरस्वती शिशु मंदिर, ड़ेबलगढ़ में विद्या भारती द्वारा आयोजित संघ शताब्दी (100 वर्ष पूर्ण होने) के उपलक्ष्य में 'संघ शक्ति संगम' कार्यक्रम का आयोजन भव्यता एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी की भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं में भूमिका, मां का कर्तव्य, बालक के सर्वांगीण विकास में मां का योगदान तथा पर्यावरण एवं कुटुंब प्रबोधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता प्रदान करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सावित्री देवी पत्नी प्रीतम सिंह राजा रामपुर ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रजनी कालरा नगीना विधानसभा संयोजिका एवं क्षेत्रीय महिला प्रमुख, मेरठ उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती कविता सैनी ग्राम प्रधान, देवलगढ़ ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती कुमुद शर्मा आचार्या, मजी. दगंज नजीबाबाद एवं श्रीमती रेनू चौधरी आचार्या, सरस्वती शिशु मंदिर, किरतपुर ने प्रेरणादायक उद्बोधन प्रदान किए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन रहा।

कार्यक्रम का सफल संचालन सुहानी चौधरी कक्षा 12, संसार सिंह सरस्वती विद्या मंदिर, छितावर द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं वीरांगनाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के मध्य प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों को पुस्तक एवं पेन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। अंत में कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया

# गोहावर में पैसों के लेन-देन पर मारपीट, विवाद में कई घायल


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गोहावर जैत गांव में पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में साजिद और वेदप्रकाश नामक युवक घायल हो गए। मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन एक पक्ष के लोग फरार हो गए थे।

यह घटना शनिवार को गोहावर जैत गांव में हुई। जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और उनके बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे भी चले। इस मारपीट में साजिद पुत्र मुन्ने खां निवासी गोहावर जैत को चोटें आईं, दूसरे पक्ष वेदप्रकाश को भी चोट लगी जिसके बाद घायलों को उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दौलतपुर बिल्लौच पुलिस चौकी प्रभारी निरीक्षक अमूल मिश्रा ने बताया कि मामले की तहरीर दोनों पक्षों से मिली है और विधिक कार्रवाई की जाएगी। थाना इंचार्ज विनय कुमार तेवतिया ने पुष्टि की कि घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है और मामले की जांच जारी है।

# रंजिश के चलते टीन शेड तोड़ा

## ग्रामीणों पर घर में घुसकर तोड़फोड़ का आरोप, वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र की बंगाली कॉलोनी में रंजिश के चलते घर में घुसकर टीन शेड तोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही कुछ लोगों पर यह आरोप लगाया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

चंदपुरा नौआबाद बंगाली कॉलोनी निवासी रविंद्र ने बताया कि उनके पिता मदन का सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय में एक मामला विचाराधीन है, जिसकी अगली तारीख 5 दिसंबर थी। रविंद्र के अनुसार, घर पर मौजूद परिजनों को अचानक छत पर शोर सुनाई दिया।

परिजनों ने बाहर निकलकर देखा तो गांव के ही कई लोग उनकी छत पर लगे टीन शेड को तोड़ रहे थे। रविंद्र का आरोप है कि जब उन्होंने, उनके पिता, मां और बहन ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

टीन शेड तोड़ने का यह पूरा घटनाक्रम अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रविंद्र ने इस मामले में शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। हालांकि, शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी का कहना है कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD JAMSHED से बदल कर अब JAMSHED रख लिया है। अब मुझे भविष्य में JAMSHED के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

JAMSHED S/o NASEEM AHMAD KASSAR R/o MOH. KASSABAN BIJNOR DISTT. BIJNOR

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम मोहम्मद शाकिर था। मैंने अपना नाम बदलकर शाकिर कर लिया है। भविष्य में मुझे शाकिर के नाम से ही जाना-पहचाना जाए।

**शाकिर पुत्र सुक्के शाह निवासी ग्राम हमीदपुर, पोस्ट नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

# भाकियू टिकैत का धरना जारी

## सफाई कर्मचारी को हटाने के मुद्दे का पटाक्षेप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में विभिन्न मांगो को लेकर चल रहा भाकियू टिकैत धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। सफाई कर्मचारी को हटाने के मुद्दे का पटाक्षेप हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में समस्याओं के सामाधान नहीं होने को लेकर भाकियू टिकैत ने धरना-प्रदर्शन शुरू किया था। जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ने कहा कि निराश्रित गौवंश को पकड़वाए जाने, फर्द में अंश निर्धारण, गांगन पुल चैकिंग में किसानों के वाहनों के चालान काटने, बिजली बिल व सफाई कर्मचारी दीपक कुमार को हटाने आदि मांगों के समस्याओं के सामाधान नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन शुरू हुआ है। सफाई कर्मचारी को ब्लॉक में एडीओ पंचायत के कार्यालय में तैनात कर रखा है। उसको ब्लॉक से हटाकर उसकी मूल तैनाती में भेजने की मांग की गई थी। इस मामले को लेकर बीडीओ प्रताप सिंह व ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार द्वारा सफाई कर्मचारी को ब्लॉक से स्थान्तरित करने के आश्वासन पर यह मुद्दा समाप्त हो गया है। लेकिन अन्य मांगों का कोई समाधान नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। धरना-प्रदर्शन अनिश्चितकाल. ीन चलेगा। इस मौके पर किसान नेता महेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, मुनेश कुमार,अतेन्द्र कुमार, पुनीत तुषियार, रोहित राणा, रिंकु राठी, सुजीव कुमार, शिशपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, यशपाल सिंह, जैनेंद्र कुमार, ओमप्रकाश सिंह, मुदित त्यागी, राक. ेश कुमार, मोहित कुमार, कामेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# डंपर की टक्कर से मोपेड सवार गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम तरकौली के पास मिट्टी से भरे एक डंपर ने मोपेड को टक्कर मार दी। जिसमें मोपेड सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। डंपर चालक मौके से डंपर को लेकर फरार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज अपराह्न करीब तीन बजे मिली जानकारी के मुताबिक नूरपुर क्षेत्र के ग्राम कुंडा बल्दाना निवासी 50 वर्षीय मुख्तियार अहमद मोपेड से नगीना की ओर जा रहा था। नहटौर नगीना मार्ग पर ग्राम तरकौली के पास मिट्टी भरकर आ रहे एक डंपर ने उसकी मोपेड को टक्कर मार दी। जिसमें मुख्तियार अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर डंपर चालक डंपर को मौके से लेकर फरार हो गया। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

# स्विफ्ट कार और बाइक की टक्कर में तीन घायल



## एक गंभीर घायल हायर सेंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के मुरादाबाद मार्ग पर ग्राम श्यामाबाद के समीप स्विफ्ट कार और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। हादसे में बाइक सवार युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़ी सलेमपुर निवासी आहद पुत्र मौहम्मद उमर बाइक से स्योहारा की ओर जा रहा था। इसी दौरान हरगनपुर थाना नगीना देहात से मुरादाबाद की ओर जा रही एक स्विफ्ट कार जैसे ही ग्राम श्यामाबाद के पास पहुंची दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार आहद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार सवार अर्जुन सिंह (45 वर्ष) और उनकी पत्नी अंशू (40 वर्ष) को भी चोटें आईं। दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को स्योहारा सरकारी अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने आहद की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया, जबकि अन्य दोनों घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

# अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए समीक्षा बैठक

## एसबीडी में 20 व 21 फरवरी को आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी का भविष्य : चुनौतियां और सम्भावनाएं विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 20-21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस सम्बंध में समीक्षा हेतु एक बैठक का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।

संगोष्ठी की संयोजक एवं आयोजन सचिव हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रो.डॉ. अल्पना सिंह ने बताया कि दो दिनों में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, इंग्लैंड, रूस, उज्बेकिस्तान, नीदरलैंड, मॉरीशस, नार्वे, नेपाल, चीन, जापान, श्रीलंका आदि विभिन्न देशों से भाषाविद और विद्वान आमंत्रित हैं। इसके साथ ही देश के अलग-अलग प्रांतों से शिक्षाविदों और भाषाविदों द्वारा वैश्विक स्तर पर हिंदी के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर गंभीर चिंतन मनन किया जाएगा और भविष्य की संभावनाओं के लिए नए सुझावों और उपायों पर चर्चा की जाएगी।

प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम चौहान ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी के विकास पर गहन चिंतन मनन करने के साथ ही इसके मार्ग में आने वाली चुनौतियों पर विमर्श किया जाएगा। इससे सभी लाभान्वित होंगे। प्रो. बिमल सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। इस विषय पर चर्चा होना बहुत आवश्यक है। इस तरह के सेमिनार और कार्यक्रम हमें मानसिक रूप से समृद्ध करते हैं।

इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की सहसंयोजक डॉ. कनक चौहान और डॉ. रंजू सिंह ने बताया कि हम निरन्तर प्रचार और प्रसार द्वारा अधिक से अधिक प्राध्यापकों और शोध छात्रों को को संगोष्ठी से जोड़ने का प्रयासरत हैं, जिससे सभी भाषा के प्रति जागरूक होकर लाभान्वित हो सकें।

संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. पायल शर्मा ने बताया कि इस अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाषा के प्रति सजग विद्वान, शोधार्थी और विद्यार्थी जुड़कर विभिन्न सत्रों में हिन्दी की वैश्विक पहचान पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

महाविद्यालय की व्यवस्थापक रेणु गोयल ने संगोष्ठी की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगोष्ठी की संयोजक एवं आयोजन सचिव डा. अल्पना सिंह को साधुवाद देते हुए कहा कि इस परिक्षेत्र के लिए यह गौरव की बात है कि हमारा महाविद्यालय दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करा रहा है। प्रबन्ध समिति उपाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार तथा उपमंत्री अजय कुमार माहेश्वरी उपस्थित रहें।

# शुगर मिल में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

## 106 लोगों को मिले चश्मे, 250 से अधिक की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अवध शुगर मिल की ओर से सामाजिक सरोकारों को निभाते हुए मिल परिसर में बने चिकित्सालय पर एक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के किसानों गन्ना लाने वाले वाहन चालकों शुगर मिल कर्मचारियों एवं आसपास के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

शिविर के दौरान 250 से अधिक लोगों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 106 जरूरतमंद लोगों को मौके पर ही निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। जबकि अन्य मरीजों को आंखों से संबंधित निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई। नेत्र शिविर का उद्घाटन अधिशासी उपाध्यक्ष सुशील कुमार, विवेककांत शर्मा, मुकेश मिश्रा, प्रमोद कुमार, दिनेश कुमार, जे.के सिंह, विवेक श्रीवास्तव एवं एडवोकेट राजेश शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने अवध शुगर मिल द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह के नेतृत्व में सामाजिक दायित्व निभा रही मिल एचआर विभाग के अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि सुखबीर सिंह हमेशा से ही शुगर मिल को केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार संस्था के रूप में विकसित करने के पक्षधर रहे हैं। अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह के नेतृत्व में अवध शुगर मिल द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान एवं अन्य जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। उनका मानना है कि किसानों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य ही मिल की वास्तविक पूंजी है।

शुगर मिल अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह ने यह भी बताया कि अवध शुगर मिल द्वारा इससे पूर्व भी कई बार इस प्रकार के निशुल्क चिकित्सा एवं नेत्र शिविर आयोजित किए जा चुके हैं और भविष्य में भी इस तरह के जनकल्याणकारी शिविर लगातार लगाए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

शिविर में आए लोगों ने अवध शुगर मिल प्रबंधन एवं अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को सराहनीय बताया।

# कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने किया लोक अदालत का भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विधि छात्र-छात्राओं ने जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही को देखा तथा लोक अदालत द्वारा अपनाए जाने वाली प्रक्रिया की बारीकियों को समझा।

महाविद्यालय प्रबन्धक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान ने विधि विद्यार्थियों के समूह को हरी झण्डी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर की ओर रवाना किया। महाविद्यालय के सहायक प्रवक्ता अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि आपसी समझौतों के द्वारा वादों के निस्तारण में विधि विद्यार्थियों को अहम भूमिका हो सकती है। इसलिए विधि विद्यार्थियों को इस प्रकार की कार्यवाहियों में शत-प्रतिशत भागीदारी करनी चाहिए और विधि विद्यार्थियों को लोक अदालत की स्थापना एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों से भी अवगत कराया।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने विधि के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के बारे में बताया और विभिन्न प्रकार के मामलों जैसे मोटर एक्सिडेंट क्लेम, बैंक लोन, व्यवाहिक मामलों आदि के बारे में विस्तार से बताया। सहायक प्रवक्ता डॉ. एमए खान ने विद्यार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना व उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया एवं न्यायालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधि विद्यार्थियों एवं सभी प्रवक्तागण शिव कुमार, विशाल, विक्रम सिंह, दीपिका सिंह, अभिशेक प्रताप सिंह, मीनू कोठारी, खुशबू रानी आदि का विशेष योगदान रहा।

# महफिले मकासिदा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के ग्राम छजुपुरा सादात स्थित इमाम बारगाह में रसूल अल्लाह की बेटी हजरत फातेमा जैहरा के जन्मदिन के उपलक्ष में एक महफिले मकासिदा का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज मौलाना मेहंदी अब्बास जैदी द्वारा तिलावते कलामे पाक तथा रौशन अब्बास जैदी की नाते पाक से हुआ। महफिल का संचालन शाही वास्ती ने किया।

रोशन अब्बास ने नात पढ़ी कि- सूए तैबा जो सफर हो तो मजा आ जाये, उनके कूचे से गुजर हो तो मजा आ जाये। हसन मेहंदी जैदी ने कलाम पढ़ा कि- रब ने बनाई और भी दुनिया में ताहेरा, लेकिन किसी को उम्मे अबीहा नहीं किया। अम्मार हैदर ने कहा कि- दे दिया सरकार ने उम्मे अबीहा का लकब, अब जमाना सोचता रह जाये क्या हैं फातेमा। मौहम्मद मेहंदी राजा ने कलाम पेश किया कि-ता कयामत अयां नहीं होगा, राजे परवरदिगार हैं जैहरा। निजामत कर रहे शाही वास्ती ने कलाम पढ़ा कि-वो खुदा कितना मौहतरम होगा, जिसके पैकर का नाम है जैहरा। मौहम्मद रजा ने कहा-जमीं से आसमां तक सारी दौलत फातेमा की है। खुदा हाकिम तो है, लेकिन हुकूमत फातेमा की है। मौलाना मेहंदी अब्बास जैदी ने पढ़ा कि- हैरत की बात ये है कि कातिल बतूल का बज्में नबी में बैठने वाला निकल गया। महफिल में इनके अलावा नायाब हैदर, मौहम्मद अब्बास, जाफर जैदी, मुन्तजिर मेहंदी, अली रजा, असगर अब्बास, अली अब्बास, वफा अब्बास, अरमान अली, वासिफ अब्बास आदि ने भी अपने-अपने कलाम पढ़े।

## नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**चांदपुर।** ब्लॉक जलीलपुर के छात्रों हेतु स्थापित किए गए दो केंद्रों पर पर जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा सफलता पूर्वक आयोजित हुई। परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कुल पंजीकृत 376 छात्र-छात्राओं में 287 ने और परीक्षा केंद्र हिन्दू इंटर कॉलेज में पंजीकृत 432 छात्र-छात्राओं में 327 ने परीक्षा दी। बीईओ गजेंद्र सिंह ने बताया कि इस परीक्षा में सभी सम्मानित शिक्षकों ने परीक्षा सम्पन्न कराने में सहयोग दिया।

# जिला विद्यालय निरीक्षक से शिक्षकों ने की भेंट

## जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ के नेतृत्व में जनपदीय समस्याओं पर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव से उनके कार्यालय में भेंट की। वार्ता के दौरान शिक्षकों ने एनपीएस के लेजर की सत्यापित प्रतिलिपि जारी कर सभी विद्यालयों से लेजर बनवाए जाने, एनपीएस से पुरानी पेंशन में आने वाले शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण, व्यवसायिक शिक्षकों के अवशेष भुगतान आदि अनेक बिंदुओं पर बात की।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी समस्याओं को तुरंत नोट कर सप्ताह भर के भीतर उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया। विज्ञप्ति में बताया गया कि सत्र परिवर्तन के कारण व्यवसायिक शिक्षकों का कुछ महीने का वेतन अवशेष के रूप में लंबितवाई जिसके भुगतान का आश्वासन जिला विद्यालय निरीक्षक ने दिया। वार्ता के दौरान डीआईओएस ने आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के प्रबंधक रामनारायण सिंह के देहांत पर शोक एवं संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें एक व्यवहार कुशल मृदुभाषी व्यक्ति बताया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके शीघ्र निस्तारण के लिए पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष तथा जिला मंत्री के अतिरिक्त राजेंद्र सोलंकी, कुलबीर सिंह, बालमुकुंद, रामबदन सिंह तथा नीरज अवस्थी आदि शिक्षक सम्मिलित रहे।

## एक नजर

### पावन प्रकाश पर्व का शुभारंभ

**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित होने वाले दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 26 दिवसीय पावन प्रकाश पर्व का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ की श्रृंखला से कर दिया गया है। इस श्रृंखला का पहला अखंड पाठ आयोजित कराने का सौभाग्य कर्नाटक से पधारे कर्नाटक सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सरदार ओंकार सिंह भाटिया के परिवार को मिला। दीवान हाल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत कर्नाटक सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सरदार ओंकार सिंह भाटिया तथा गुरु घर के कार्यों और कार्यक्रमों में निष्ठा पूर्ण योगदान देने वाली गुरु दरबार की समर्पित एवं निष्ठावान सेविका बीबी इंद्रजीत कौर भाटिया के संयोजन में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए की गई। 26 दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराते हुए प्रबंध समिति अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट तथा सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने बताया कि 14 दिसंबर को गुरु घर में साहिबजादा बाबा फतेह सिंह का जन्मदिन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 20 दिसंबर से तीन दिवसीय विशेष गुरुवाणी विचार कार्यक्रम तथा गुरमत समागम का आयोजन होगा। जिसमें पंजाब के पटियाला से पहली बार धामपुर पहुंचने वाली बीबी जसजीत कौर खालसा जी के द्वारा गुरबाणी कीर्तन एवं विचारों के माध्यम से संगत समूह को लाभान्वित कराया जाएगा।

### जल तपस्या कर रहे महंत संदीप गोस्वामी



**धामपुर।** माहल्ला बाड़वान स्थित कुम्हारो वाली गली में श्री राम रुपाए बालाजी मंदिर के महंत संदीप गोस्वामी महाराज द्वारा केसरिया रंग के ड्रम में शीतल जल भरकर शुक्रवार की शाम से प्रारंभ की गई दो दिवसीय जल तपस्या आज दूसरे दिन भी जारी रही। जन कल्याण हेतु की जा रही तपस्या को बालाजी महाराज के दरबार से जुड़े भक्त परिवारों तथा श्रद्धालु जनों के लिए उपलब्धि पूर्ण बताते हुए कहा कि पिछले 9 वर्षो से लगातार की जा रही इस प्रकार की तपस्या के अंतर्गत जिन लोगों ने तपस्या स्थल पर पहुंचकर महंत संदीप गोस्वामी जी महाराज की तपस्या में किसी भी प्रकार से अपना योगदान दिया है तथा उनके दर्शन करते हुए आशीर्वाद ग्रहण किया है। उन परिवारों पर मेहंदीपुर वाले बालाजी महाराज की अपार कृपा और अनुकंपा निरंतर बनी हुई है और संबंधित परिवार प्रगति एवं उन्नति के पथ की ओर अग्रसर रहते हुए अनेकों प्रकार की उपलब्धियां भी अर्जित कर रहे हैं। इस मौके पर जल तपस्या स्थल बालाजी महाराज के अलावा अन्य देवी देवताओं के पारंपरिक जयकारों से गूंज उठा। उधर महंत संदीप गोस्वामी जी महाराज ने बताया कि वह जन कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए जो भी कार्य संपादित कर पाते हैं, उन सभी कार्यों में उनके इष्ट एवं आराध्य देव बालाजी महाराज की कृपा अनुकंपा और आशीर्वाद की निरंतरता बनी रहती है। उनकी तपस्या का एकमात्र मुख्य उद्देश्य भक्त परिवारों का बालाजी महाराज के दरबार से जुड़ाव कराकर प्रत्येक सनातन परिवार में शांति खुशहाली और समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की कामना करना है, जिसके लिए वह आगे भी तपस्या निरंतर जारी रखेंगे।

### आमिर चौधरी ने किया उद्घाटन



**स्योहारा।** सहसपुर रोड पर बहुप्रतीक्षित जायका रेस्टोरेंट का भव्य तरीके से शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए आमिर चौधरी ने फीता काटकर रेस्टोरेंट की शुरुआत की। रेस्टोरेंट परिसर सुंदर सजावट, रोशनी और मेहमानों की भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। आमिर चौधरी के पहुंचते ही कार्यक्रम में उत्साह और बढ़ गया। उद्घाटन के बाद आमिर चौधरी ने रेस्टोरेंट की रसोई, काउंटर, बैठने की व्यवस्था और सेवा प्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने रेस्टोरेंट के संचालक सलमान खान को बधाई देते हुए कहा कि स्योहारा जैसे तेजी से विकसित हो रहे नगर में गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था का उपलब्ध होना बेहद खुशी की बात है। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा और नगर की खाद्य संस्कृति को भी नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोग अमजद खान, शानू शेख, मौहम्मद अली, सोनू चौहान, कपिल चौहान, सूर्यकुमार सैनी, आसिफ, रईस, जावेद जेडी, हाजी जुल्फुकार, सुल्तान आदि उपस्थित रहे।

### हीमपुर बुजुर्ग में जागरूकता कार्यक्रम



**चांदपुर।** ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में ग्रामीणों को पुलिस द्वारा साइबर क्राइम और यातायात जागरूकता के प्रति संदेश पहुंचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस क्षेत्रधिकारी की अध्यक्षता में गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं, पुरूषों व बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सीओ देश दीपक ने कहा कि आजकल साइबर क्राइम ज्यादा बढ़ गया है। लोगो से ऑनलाईन ठगी की आये दिन घटनाये सुनने मे आ रही है। इसकी रोकथाम के लिये पुलिस ने ग्रामीणों को कुछ महत्वपूर्ण टिप्स बताए। सो,ाल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा गया कि साइबर ठगी से बचने के लिये किसी अंजान कॉल के आने पर कोई ओटीपी नम्बर नहीं देने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सख्त हिदायत की गई। साथ ही कहा कि साइबर अपराध ने आजकल देशभर में ठगी का गेम चला रखा है। ऐसे लोगों के चुगल से बचने के लिये आप सभी को जागरूक होना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे ग्राम प्रधान अली वारिस ने सभी का आभार जताया तथा मीडिया बंधुओं का धन्यवाद किया।

### औषधि विक्रेता संघ की बैठक

**कोतवाली देहात।** औषधि विक्रेता संघ की बैठक पुखराज सिंह मलिक के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष पुखराज सिंह मलिक ने कहा कि कोई भी केमिस्ट बिना बिल की दवाई न खरीदे। सभी ग्राहकों को बिल से दवाइयां दें। उन्होंने कहा कि कुछ केमिस्टों को बिना वजह तंग किया जा रहा है। केमिस्टों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केमिस्ट नियमों के अनुसार ही दवाइयां क्रय विक्रय करें। इस अवसर पर कोई भी नशे की दवाई न बेचने की शपथ ली गई। बैठक में प्रदीप चौधरी, अरुण कश्यप, अमित गुप्ता, उत्तम कुमार आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत सचिवों ने सौंपा ज्ञापन

**कोतवाली देहात।** विकास खंड कोतवाली देहात के ग्राम पंचायत सचिवों ने बायोमेट्रिक हाजिरी का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने कहा कि पंचायत सचिवों को गैर विभागीय कार्यों में लगाया जा रहा है। पंचायत सचिवों पर विभागीय कार्यों का काफी भार है। पंचायत सचिवों को गैर विभाग के कार्यों में न लगाया जाए। इस अवसर पर राजीव कुमार, नितिन कुमार, मिथुन कुमार, दीपक, धर्म प्रिय, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



सम्भल- कायानात इंटरनेशनल स्कूल में रा. प्रतिभा खोज परीक्षा देते प्रतिभागी।

# डेढ़ दर्जन छात्रों ने दी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हो गयी। परीक्षा में करीब डेढ़ दर्जन छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल संस्था के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिसमें विशेष रूप से उपहार के रूप में दस करोड़ की छात्रवृत्ति और नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र अन्य लाभों के साथ वितरित किये जाते हैं।एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल संस्था की ओर से आयोजित होने वाली इस परीक्षा में देश भर के बीस हज़ार स्कूल व कॉलेजों के दो लाख छात्रों ने प्रतिभाग किया। जबकि चार सौ जनपदों के बारह सौ केन्द्रों पर इसका आयोजन कराया गया। कड़ी निगरानी में करायी जाने वाली

**○देश भर से बीस हज़ार स्कूल कॉलेजों के छात्र-छात्राएं करते हैं प्रतिभाग**

प्रतिभा खोज परीक्षा का नगर के हसनपुर मार्ग स्थित कायनात इंटरनेशनल स्कूल आयोजित की गई। परीक्षा में कक्षा 8 के अब्बास खान, फरहा कलीम, अफ़्रैमा खालिद, कायनात फहीम, जबकि कक्षा 10 से ख्वाजा मौहम्मद अदन, कक्षा 8 से तैबा आसिम, तूबा अरीब, मौहम्मद अयान, सूफिया, अरूबा, अशारिब शमीम, अकदम पाशा, कक्षा 10 से ातिफा नाज, मौहम्मद अदनान, एवं कक्षा 12 से मरयिम फातिमा ने प्रतिभाग किया। शनिवार को करायी गई परीक्षा का विद्यालय के प्रबंधक ख्वाजा मौहम्मद फहीम व प्रध ानाचार्य मौहम्मद इमरान, ने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षा को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के शिक्षक-शिक्षकाओं को निर्देश दिए। इस मौके पर अफशीन रजा, सलीम अल तुर्क, सबीहा खातून, कहकशां, ज़किया फरीदी आदि ने सहयोग किया।

# नवीन पुलिस चौकी की स्थापना से सुरक्षा की भावना और होगी मजबूत: एसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में अहम पहल करते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं डीएम राजेंद्र पेंसिया ने मनौटा पुल पुलिस चौकी (थाना असमोली) का विधिवत उद्घाटन किया। फीता काटकर एसपी ने चौकी का शुभारंभ किया और इसे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

शनिवार को पुलिस चौकी का उदघाटन करते हुए एसपी ने कहा कि अब थाना असमोली के दूरस्थ ग्रामों को अपनी समस्या दर्ज कराने के लिए लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा। नई चौकी के सक्रिय होने से पुलिस की प्रतिक्रिया समय में तेजी आएगी तथा घटनास्थल तक पहुंचने में

**○एसपी और डीएम ने मनौटा पुलिस चौकी का किया उद्घाटन**

लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत होगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि चौकी की स्थापना से क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी और आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। एसपी ने ग्रामीणों से पुलिस-प्रशासन के साथ सहयोग की अपील भी की। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मोहित चौधरी, चौकी प्रभारी राज सिंह, भोलू तोमर, दीपक भाटी, ग्राम प्रधान और गांव के सम्मानित नागरिक तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



असमोली- मनोटा पुल पर नवीन पुलिस चौकी के उद्घाटन पर हवन में आहूति देते डीएम व एसपी।

# स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते आबादी के बीच खड़े टावर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**○शहर के करीब आधा दर्जन क्षेत्रों में घनी आबादी में लगे हैं अलग-अलग कम्पनियों के मोबाइल टावर**

**सम्भल।** शहर के करीब आधा दर्जन ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें घनी आबादी है, लेकिन उसके बावजूद भी ऐसे क्षेत्रों में विभिन्न प्राईवेट कम्पनियों के टावर खड़े हैं। जो कभी भी जान लेवा साबित हो सकते हैं। इसके अलावा इनसे निकलने वाली अदृश्य किरणे भी स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक हैं।

आबादी वाले क्षेत्रों में लगे यह टावर अलग-अलग मोबाइल कम्पनियों के हैं। सम्बंधित विभाग भले ही चाहे भूमि स्वामी की रज़ामंदी और टावर आने की फीस जमा करने का हवाला देकर अपना दामन छुड़ाना चाहें, लेकिन वह इस बात को कतई नज़र अंदाज़ नही कर सकते कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में लगे यह टावर किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकते हैं। जहां तक शासनादेश की बात है तो कम्पनियां टावर लगाने के सभी मानक पूरे करने के बाद ही टावर लगाने में कामयाब हुई होगी, लेकिन इस सच्चाई को फिर भी नही झुठलाया जा सकता कि भूकम्प आदि आने से जब बड़े-बड़े पहाड़ धराशायी हो जाते हैं, तो ऐसे में इन टावरों का क्या वुजूद। इसके साथ ही इन टावरों से निकलने वाली किरणे भी हानिकारक बताई जाती हैं। जिनका सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है, लेकिन मानकों की अंदेखी कर घनी आबादी और घरों की छतों व अगलबगल टावर लगाकर नियमों को ठंगा दिखाया जा रहा है। इसकी प्रशासनिक अफसरों पर नजर नहीं पड़ रही है।

# मलाइदार पद पर आसीन है फर्जीवाड़े में जेल जा चुका चिकित्सक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**पहुंच**

**कई बार हटाया, राजनैतिक रसूख ने उसे एक दो नहीं कई-कई मलाइदार पदों पर विराजमान कराया**

**सम्भल।** सत्ता क्या बदली कुछ लोगों को जैसे लाटरी ही हाथ लग गई। भले ही सरकार बेदाग और जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ रही है,लेकिन विभागो में बैठे कुछ दागदार अधिकारी रसूख के चलते मलाइदार पदों पर विराजमान रहकर लाखों के वारे के न्यारे कर रहे हैं। ऐंसा ही एक मामला है स्वास्थ्य विभाग का जहां सफेद पोशों की महरबानी से फर्जीवाड़े में जेल जा चुका चिकित्सक दागदार होते हुए भी एक दो नहीं कई-कई उच्च पद पर आसीन है।

स्वास्थ्य विभाग में कई पद ऐंसे हैं जो काफी मलाइदार माने जाते रहे है। इन पदों पर बैठने या यूं कहिए कि इन्हे हथियाने को पैसे से लेकर राजनैतिक पहुंच और ऐंड़ी से चोटी का ज़ोर लगा दिया जाता है। पूर्व में एक वार्ड ब्वाय के इस पद पर रहते हुए करोड़ों का मालिक बनने और प्रदेश से लेकर उत्तराखंड तक उसकी सम्पत्तियां व प्लाटिंग का कारोबार उजागर होने पर उसे पद से हटा दिया गया,लेकिन इसी के साथ एक चिकित्सक जो कि डिग्री हासिल करने को फर्जीवाड़ा कर चुका है। इतना ही नहीं मामला खुलने पर पूर्व में वह जेल की हवा भी खा चुका है। लखनऊ में उसके खिलाफ अदालत में मुकदमा भी विचाराधीन चल रहा है। उसे कई बार मलाइदार पद से हटा दिया गया, लेकिन कुछ दिन हटा और फिर उसी पद पर विराजमान हो जाता है। ओर तो उसे एक दो ही नहीं, बल्कि विभागीय महरबानी से कई-कई मलाइदार पद सौंपे गए है। अब सवाल यह है कि एक व्यक्ति और कई-कई पदों का दायित्व देने से वह अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक प्रकार से कैसे कर रहा है और जनता को किस प्रकार से सुविधा उपलब्ध करा रहा है? विभागीय अधिकारी के नाम न छापने की शर्त पर बताया जा रहा है कि उसे हटा तो दिया जाता है,लेकिन जन वह जनप्रतिनिधियों से दबाव बनवा देता है। दबाव में ही मलाइदार पद सौंपना पड़ता है। उसकी रसूख के चलते ही आज पर एक दो नहीं बल्कि कई मलाइदार पद पर विराजमान है। बताया ता यह जा रहा है कि हटाने पर जन प्रतिनिधियों के दबाव में दिया जाता है। चार्ज, भी एक दो नहीं मलाईदार कई-कई दिये जाते हैं। जबकि वह अपने ही अधीनस्थों का शोषण करने से भी नहीं चूंकता है।

## जांच में कर दी गई लीपापोती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रसूख के चलते मलाइदार पद पर विराजमान दागी फर्जीवाड़े के आरोपी के खिलाफ एक भाकियू नेता की ओर से शिकायत कर पोल पटटी भी खेली गयी थी। उसकी जांच भी वरिष्ठ चिकित्सक को सौंपी गयी,लेकिन दबाव और रसूख ने जांच में भी लीपापोती करवाकर अपना मकसद हल करा लिया। इतना ही नहीं कई बार फर्जीवाड़े के आरोपी इस चिकित्सक के खिलाफ संगठनों और अंदर ही अंदर कमचारियों ने भी मोर्चा खोला,लेकिन कोई असर नहीं हुआ।

# झाड़ फूंक नहीं एंटी वेनम ही बचा सकता है जान



सम्भल-सर्पमित्र जाबुल को प्रशस्ति पख देकर सम्मानित करते।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सर्प दंश से होने वाली मौतों को रोकने और सर्प दंश मृत्यु मुक्त भारत अभियान के तहत स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किया गया।

बहजोई क्षेत्र के ग्राम परतापुर स्थित एस पी एस पब्लिक स्कूल में आयोजित एक उपयोगी जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों और स्टाफ को सर्प दंश की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। लगभग 30 मिनट तक चले कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों ने गौर से सुनी और सीखी। कार्यक्रम में जाबुल स्नैक सेवर ने बताया कि भारत में सांपों के काटने से प्रतिवर्ष हजारों मौतें होती हैं, लेकिन सही जानकारी से इन्हें रोका जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कौन से सांप जहरीले होते हैं और कौन से बिना जहर वाले। उदाहरण के तौर पर, कोबरा, कॉमन करैत रसेल्स वाइपर और किंग कोबरा को सबसे घातक बताया गया, जबकि अन्य कई प्रजातियां हानि रहित होती हैं। इसके अलावा, मॉनिटर लिजार्ड जैसे बिना जहरीले जानवरों से बचाव के उपाय भी सिखाए गए। रेस्क्यू टीम ने एक मॉनिटर लिजार्ड का प्रदर्शन कर दिखाया कि कैसे इनसे दूरी बनाए रखें और खतरे को पहचानें। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार ने अभियान की सराहना करते हुए कहा, यह जानकारी हमारे छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी है। रेस्क्यू टीम ने स्कूल में जहर फैलाने वाले जानवरों से बचाव के सरल तरीके बताए, जिससे बच्चे अब सुरक्षित रह सकेंगे। हम टीम का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। अभियान का संचालन जाबुल स्नैक सेवर और अली वारिस टीम द्वारा किया गया, जो सांपों के बचाव और जागरूकता में माहिर है। टीम के सदस्य अली वारिस ने बताया, अब तक हम जनपद के 34 स्कूलों में नि:शुल्क जागरूकता अभियान चला चुके हैं। सांप काटने पर सबसे बड़ी गलती झाड़-फूंक या घरेलू उपचार में पड़ना है। किसी की भी बातों में न आएं, बिना देरी किए सीधो सरकारी अस्पताल पहुंचें। सांप काटने का कोई घरेलू इलाज नहीं है केवल एंटी-वेनम ही जान बचा सकता है।

## एक नज़र इधर भी

### आम आदमी पार्टी की वोट बचओ रैली 21 से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वोट बचाओ, संविधान बचाओ आम आदमी पार्टी पदयात्रा निकालेंगे। पदयात्रा का आयोजन 21 से 26 दिसंबर तक रामपुर से अमरोहा तक किया जायेगा।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता आतिर हुसैन ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी 21 दिसंबर से 26 दिसंबर 2025 तक रामपुर से अमरोहा तक 'वोट बचाओ, संविधान बचाओ' पदयात्रा निकालेगी। यात्रा का नेतृत्व संजय सिंह करेंगे और 6 दिल पैदल चलेंगे। इस यात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा रामपुर, मुरादाबाद और अमरोहा जिलों से होकर गुजरेगी और इसमें जनता का व्यापक समर्थन देखने को मिलेगा। उन्होने आहवान करते हुए कहा कि जो भी नागरिक इस जनआंदोलन का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे मोबाइल नंबर 7500040004 पर मिस्ड कॉल देकर पदयात्रा से जुड़ सकते हैं।

### पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर शोक



**सिरसी (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** कस्बे के आई. एम. इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधनाचार्य मौ. हसनैन ज़ैदी का सत्तर वर्ष की आयु में इंतेकाल हो गया। इंतेकाल की खबर मिलते ही लोगो ने घर पहुंचकर मरहूम के परिजनों को ढांढस बंधाया। मरहूम पूर्व प्रध ानाचार्य को उनके आबाइ कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में लोगो ने शिरकत की। उधर मरहूम के भाई पत्रकार शुएब ज़ैदी ने बताया कि मरहूम का तीजा सोमवार (15) को सुबह दस बजे इमामबारगाह शर्की में होगा।

### शांति पूर्वक सम्पन्न हुई प्रवेश परीक्षा

**असमोली( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** विकासखंड के शहबाजपुर कलां मे राजकीय इंटर कालेज में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण व सकुशल ढंग से संपन्न कराई गई। परीक्षा को लेकर विद्यालय परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विद्यालय प्रशासन के अनुसार इस प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 304 विद्यार्थियों का पंजीकरण था। इनमें से 190 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सहभागिता की, जबकि 114 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। शेष पंजीकृत छात्रें में कुछ तकनीकी कारणों व व्यक्तिगत कारणों से परीक्षा में उपस्थिति नहीं हो सकी। परीक्षा के दौरान अनुशासन व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कक्ष निरीक्षक एवं अन्य स्टाफ की तैनाती की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था भी संतोषजनक रही और परीक्षा निर्धारित समयानुसार पूरी कराई गई। परीक्षा समाप्ति के बाद छात्रों को व्यवस्थित रूप से परीक्षा केंद्र से बाहर निकाला गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं परीक्षा प्रभारी ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष एवं नियमों के अनुरूप कराई गई। उन्होंने सहयोग के लिए शिक्षकों, कर्मचारियों तथा अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



सम्भल- लोकतंत्र रक्षक सेनानी की पत्नी के निधन पर शोक सभा में बोलते।

### लोकतंत्र रक्षक सेनानी की पत्नी शोक

**सम्भल (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** लोकतंत्र रक्षक सेनानी चौधारी महीपाल सिंह की धर्मपत्नी रामादेवी के निधन होने पर हिंदू जागृति मंच की ओर से श्रृद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। दो मिनट का मौन धारण कर पुनीत आत्मा को चिर शांति के प्रार्थना की गई। तहसील रोड पर सूरज प्लाजा में हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित श्रृद्धांजलि समारोह में हिंदू जागृति मंच के सदस्य तथा अन्य सदस्यों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। दो मिनट का मौन धारण करके रामादेवी की आत्मा की शांति हेतु सामूहिक प्रार्थना की गई।

### वाहन चोर से छह दोपहिया वाहन बरामद, आठ केस सुलझे

नई दिल्ली। साउथ जिला पुलिस के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉयड (एएटीएस) ने कुख्यात वाहन चोर सोनू कुमार उर्फ अंडा (42) को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के 6 दोपहिया वाहन व दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। आरोपी की गिरफ्तारी से चोरी के आठ मामले सुलझाने का पुलिस ने दावा किया है। उसके खिलाफ पहले से 12 केस दर्ज हैं। साउथ डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि वाहन चोरी की बढ़ती वारदात देखते हुए एएटीएस प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश यादव की टीम को जांच का जिम्मा सौंपा गया। टीम ने अपराध के तरीके का अध्ययन करने के साथ कई घटनास्थल की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। इस दौरान एक संदिग्ध युवक टीम की रडार पर आया। आरोपी की पहचान सोनू कुमार उर्फ अंडा के रूप में हुई। एक सूचना मिलने पर पुलिस ने पुष्पा भवन के समीप चोरी की बाइक पर सवार सोनू कुमार को पकड़ा गया।

# जिला कार्यालय पर जांचे मतदाता सूची

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एसआईआर के दौरान मरे व शादी हुए मतदाताओं के नाम प्रथक करने वाली सूची कांग्रेस के जिला कार्यालय पर उपलब्ध हो गयी है। जिलाध्यक्ष ने बूथ स्तर पर सूची की जांच करने का आहवान अपने कार्यकर्ताओं और बीएलए से किया है।

जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि जिले में जो एसआईआर का काम चल रहा है। उसमें हर बूथ पर जिस मतदाता की मृत्यु अथवा शादी हो गई है ऐसे मतदाताओं के नाम सूची से काट दिए गए हैं उनकी सूची जिला कार्यालय चंदौसी रोड सम्भल पर आ चुकी

**○कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बीलए से जांचने का किया आह्वान**

है। उन्होने सभी साथियों से अपने-अपने बूथ अपने गांव अपने मोहल्ले वाइज चेक करने कि कही कोई वोट गलत तो नहीं कट गया है। क्योंकि बीएलए के साथ-साथ सबकी जिम्मेदारी है कि अपना वोट हम निश्चित ही देख लें की कोई परिवार में या आस पड़ोस या मोहल्ले गांव में अगर कोई वोट कट गया है तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित बीएलओ अथवा उच्च अधिकारियों और उन्हे भी सूचित कर दीं।

## 18 वर्ष की आयु वाले युवाओं के वोटर फार्म भरवाएं बसपा कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बहुजन समाज पार्टी के मुख्य सैक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल संसार सिंह एड. ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नए वोट बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। बहुजन समाज पार्टी संभल के समस्त कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और जिम्मेदार साथियों से निवेदन है कि जो युवा 18 वर्ष के हो गए हैं या होने वाले हैं फार्म 6 भरकर अपने क्षेत्र्र के बीएलओ के पास जमा कर दे। किसी भी जानकारी के लिए व्हाट्सएप या फोन कर सकते हैं। लोकतंत्र को मजबूत और सुरक्षित करने के लिए एक एक वोट का बनना जरूरी हैं।

# लघुशंका को आई महिला की मिट्टी के ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत

**○गांव का ही व्यक्ति घने कोहरे के बीच ले जा रहा था मिट्टी भरा ट्रैक्टर**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र में सुबह के समय उठकर लघु शंका के लिए घर से बाहर सड़क किनारे आई महिला की मिटी भरे आ रहे ट्रैक्टर ट्राली के नीचे कुचलकर मौत हो गई। महिला की मृत्यु पर परिवार में कोहराम मच गया। गांव का ही व्यक्ति सुबह 4 बजे घने कोहरे के बीच ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी ले जा रहा था।

थाना क्षेत्र के मिलक शाकिन गांव निवासी अधेड़ 55 वर्षीय महिला शीला पत्नी महिला शनिवार सुबह लगभग 4 बजे लघु शंका होने पर घर से बाहर सड़क किनारे आई थी। घना कोहरा था। उसी समय गांव का ही व्यक्ति मुकुट सिंह ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी भरकर ला रहा था। घर के सामने आने पर महिला वहीं बैठकर लघु शंका कर रही थी तो घना कोहरा होने के चलते चालक को महिला दिखाई नहीं दी और महिला की ट्रैक्टर ट्राली के पहिए के नीचे कुचलकर मौत हो गई। महिला की मृत्यु पर परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया है कि गांव का ही मुकुट सिंह खनन भरे ट्रैक्टर ट्राली को ईंट भटटे पर लेकर जा रहा था। जहां मृतक महिला के परिजनों ने बिना किसी कार्यवाही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



सम्भल- मिट्टी के ट्रैक्टर के नीचे दबकर मरी महिला के परिजन विलाप करते।

# नियमों के उल्लंघन में गौसिया हॉस्पिटल सील

**○बिना मान्यता के संचालित हो रहा था अस्पताल**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमौली** थाना क्षेत्र के ग्राम ओबरी मेंस्थित गौसिया हॉस्पिटल को प्रशासन ने नियमों के उल्लंघन के आरोप में सील कर दिया। यह कार्रवाई नोडल अधिकारी मनोज चौधरी के नेतृत्व में की गई। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल के पंजीकरण, संचालन और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की, जिसमें कई गंभीर खामियां सामने आई। जांच के दौरान पाया गया कि अस्पताल निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित नहीं हो रहा था। स्वास्थ्य विभाग के नियमों का पालन न किए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से अस्पताल परिसर को सील कर दिया गया। नोडल अधिकारी मनोज चौधरी ने बताया कि जनस्वास्थ्य से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। बिना मान्यता, पंजीकरण या आवश्यक सुविधाओं के संचालित हो रहे अस्पतालों व क्लीनिकों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।



सम्भल- अवक्ध रूप से संचालित अस्पताल को सील करते नोडल अधिकारी।

# अधिवक्ताओं ने की रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर अधिवक्ता व समाजसेवी चौ रविराज चाहल द्वारा चलाये जा रहें जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज जिला बार एसोसिएशन संभल के पदाधिकारीओ से मिलकर प्रध ानमंत्री के नाम पत्र लिखने का अनुरोध किया इस जिला बार एसोसिएशन सम्भल के अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी के साथ प्रध ानमंत्री को पत्र लिखकर रेल बजट मंजूर किए जाने की मांग की!

इस दौरान बोलते हुए बार के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम एडवोकेट ने कहा की रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग संभल की जनता के हित मे है यह मांग पूर्ण हो जाने से संभल मे विकास की लहर दौड़ेगी शहर व क्षेत्र का अत्यधिक विकास होगा वादकारियो को भी देश व प्रदेश के दूसरे शहरों व न्यायालय आने-जाने में सुगमता रहेगी समिति बचत होगी। मोहम्मद उमर अल्वी एडवोकेट ने कहा कि हमारे शहर की जनता काफी लंबे कफ़ी लंबे अरसे से इस मांग को लेकर प्रयास रत है। जनता पत्र व ज्ञापन के माध्यम से लगातार मांग करती आ रही है। यह मांग संभल जनता के हित में है। संभल का देश व प्रदेश के दूसरे हिस्सों से संपर्क स्थापित हो सकेगा। रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व अध्यक्ष अब्दुल रहमान एडवोकेट ने कहा कि यह मांग संभल शहर की जनता द्वारा कफ़ी लंबे अर्से से की जाती आ रही है। पूर्व सरकारों में काफी प्रयास किए गए। रेल मंत्री को मिलकर भी पत्र दिए गए। शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन ने कफ़ी धारने प्रदर्शन व ज्ञापन के माधयम से अपनी बात सरकार तक पहुंचाई है लेकिन सफलता नहीं मिल सके। हमें प्रयास जारी रखना है।देवेंद्र सागर एडवोकेट ने कहा कि संभल श्री कल्कि भगवान के अवतार स्थल के रूप में भी जाना जाता है। हिंदू धार्मिक ग्रंथो के अनुसार मानता है कि संभल में श्री कल्कि भगवान अवतार लेंगे। संभल में देश व प्रदेश के अन्य हिस्सों से श्रृद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। रेल लाइन की सुविधा न होने से श्रृद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हम इस पत्र के माध्यम से मान्य प्रध ानमंत्री से मांग करते हैं कि संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारिकरण के लिये रेल बजट मंजूर किया जाए। अधिवक्ता व समाजसेवी चौ रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि हम इस मांग को लेकर लगातार लोगों के बीच जाकर लोगों का जागृत कर रहे ह।

# कांठ रोड पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, गुस्साई भीड़ ने की बस में तोड़फोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत पीएसी तिराहे के पास शनिवार को एक सड़क हादसा हो गया। नजीबाबाद डिपो की रोडवेज बस ने एक ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। यह हादसा नवी वाहिनी गांधी आश्रम के पास कांठ रोड पर हुआ, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।हादसे में ई-रिक्शा चालक अनिल कुमार, निवासी आशियाना फेज-2, थाना सिविल लाइंस, गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार अनिल कुमार सवारी छोड़ने के बाद पीली कोठी की ओर से अपने घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उनके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ ने रोडवेज बस पर पथराव कर दिया और तोड़फोड़ भी की। कुछ ही देर में बस के शीशे टूट गए। सूचना मिलने पर सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने भीड़ को शांत कराते हुए रोडवेज बस को अपने कब्जे में ले लिया।हादसे के बाद कांठ रोड पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मौके पर यातायात व्यवस्था को संभालते हुए जाम खुलवाया।पुलिस ने घायल ई-रिक्शा चालक अनिल कुमार को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है और हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। रोडवेज बस चालक से पूछताछ की जा रही है और तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




# कब्रिस्तान पर कब्जे की शिकायत लेकर थाने पहुंचे ग्रामीण



**कांठ ( शाह टाइम्स )** बच्चों को दफन करने के लिए उपयोग में लाई जा रही भूमि पर कब्जे की शिकायत लेकर आज दर्जन पर महिला पुरुष थाने पहुंचे और भूमि को कब्जा मुक्त कराई जाने की मांग उठाई ग्रामीणों ने बताया कि गढ़ी निवासी हाजी रिजवान अहमद जब गांव के प्रधान थे।

उस वक्त उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए कुछ भूमि का आवंटन कराया था जिसमें सभी समाज के बच्चों को दफन किए जाने की व्यवस्था थी बताया गया कि कुछ लोगों ने वहां पर कुछ माह पहले पौधारोपण कर दिया उस वक्त तो दूसरे पक्ष ने इसकी शिकायत नहीं की लेकिन अब वह शिकायत लेकर थाने पहुंचे और उन्होंने उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग उठाई कब्जा करने वालों पर शिकायतकर्ताओं ने गंभीर आरोप लगाएं।

कुल मिलाकर पुलिस ने टीम के साथ जाकर संबंधित भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने का भरोसा दिलाया है।

## एक नजर

### इस्लाम के पहले खलीफा का यौमे उर्स मनाया मुस्तफा का हमसफर 'अबू बकर-अबू बकर'



**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान रजा चौक स्थित साबरी मस्जिद में दावते इस्लामी इन्डिया के हफ्ता वारी इज्तेमा में इस्लाम के पहले खघ्लीफा हजरत सिद्दीके अकबर का यौमे उर्स मनाया इज्तेमा का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से कारी आरिफ अजहरी ने किया और नबी ए पाक की शान में नात शरीफ पेश की इसके बाद मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया मौलाना फैजान मदनी ने सिद्दके अकबर की सीरत बयान करते हुए कहा सिद्दिके अकबर नबीयों के बाद सबसे अफजल हैं आखिर में मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई इस अवसर पर गुलाम नबी अत्तारी काशिफ अत्तारी कघरी नईम अत्तारी कघरी अबू बकर अत्तारी बिशारत अत्तारी अबरार हुसैन अत्तारी जुमैर अत्तारी आदि मौजूद रहे।

# दहेज की मांग को लेकर बैंक मैनेजर पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के आदेश पर पुलिस ने गांव मनकुआ मकसूदपुर निवासी ग्रामीण की तहरीर पर जनपद हापुड़ निवासी बैंक मैनेजर उसकी माता,पिता और बहन के खिलाफ दहेज प्रथा का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को दिये शिकायती पत्र में गांव मनकुआ मकसूदपुर निवासी दल सिंह पुत्र गरीब दास ने कहा है कि 14 जून को बेटी शिवानी का रिश्ता हिंदू धर्म के रिति रिवाज से कोतवाली हापुड़ निवासी तेजपाल सिंह के बेटे दीपक कुमार के साथ तय किया था। रिश्ते में 70 हजार की नकदी, सोने चांदी के जेवरात और खानपान में करीब 7 लाख रुपए खर्च किए थे। रिश्ते के कुछ महीने बाद तेजपाल सिंह ने फोन पर कहा कि बेटा बैंक में मैनेजर है। विवाह में पांच लाख रुपए नकदी और स्कार्पियो कार दोगे तभी बारात लेकर तुम्हारे घर पहुंच कर विवाह करेंगे नही तो रिश्ता तोड़ रहे हैं।

पीड़ित ने उनसे अपनी हैसियत का हवाला देते हुए रिश्ता नहीं तोड़ने की मिन्नतें कीं पर उन्होंने एक नही सुनी। पिता की हां में हां मिलाते हुए तेजपाल उसकी मां दयावती और बहन रजनी ने कहा कि हमें दूसरी जगह से पांच लाख रुपए और स्कार्पियो कार मिल रही हैं। तुम हमारी मांग पूरी कर दो नही तो तुमसे रिश्ता खत्म कर दूसरी जगह कर लेंगे। कप्तान के आदेश पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। केस की विवेचना कर रहीं उप निरीक्षक मौसमा रानी ने बताया की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

# नशे ने ले ली एक और युवक की जान, मृतक की मां लगा रही बहू पर बेटे को मारने का आरोप

**कांठ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में चल रहे सुखे नशे के कारोबार ने एक और युवक की जान ले ली, मृतक का शब आशापुर कॉलोनी के पास गन्ने के खेत में पड़ा मिला हालांकि मृतक की मां अपनी बहू पर ही उसे मारे जाने का आरोप लगा रही है। फिलहाल पुलिस ने शब पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। दोपहर को थाना क्षेत्र के आशापुर कॉलोनी के पास शब पड़ा होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, कुछ देर बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए बताया गया कि नासिर पुत्र सफीक निवासी सराय खजूर थाना छजलैट पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी को साथ लेकर अपनी ससुराल में 3 माह से रह रहा था। दो दिन पहले वह अपने गांव सराय खजूर आकर मां से मिला लेकिन वहां से आने के बाद वह गायब हो गया उसके गायब होने की जानकारी मिलने पर परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की आसपास में रिश्तेदारी एवं गांव में देखा लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। मृतक के परिजनों के मुताबिक मृतक नशे का सेवन करता था इसी शक के आधार पर यह जानते हुए कि नशे का कारोबार आशापुर कॉलोनी में संचालित है वह यहां पहुंच गए उन्होंने यहां पर पुलिस और ग्रामीणों के सामने शब की पहचान नासिर के रूप में की, मृतक की मां भाई चाचा भी मौके पर आ गए।





मृतक की मां ने रोते हुए अपनी ही बहू पर उसके बेटे को मरवाने का आरोप लगाया। मृतक के मौसेरे भाई भोजपुर निवासी मोहम्मद मोइन पुत्र जमील अहमद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मृतक का पोस्टमार्टम कराकर आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई सूचना मिलते ही एएसपी आदि भी मौके पर पहुंच गए हालांकि मौत नशे की वजह से हुई या इसके पीछे की वजह कुछ और है इसका सही पता तो पोस्टमार्टम और जांच के बाद ही चलेगा लेकिन कुल मिलाकर आशापुर कॉलोनी के पास मृत मिले युवक का शब देखकर एक बार फिर लोग मौत का कारण सुखे नशे को ही बता रहे हैं।

## नगर में स्थित जेएलएम इंटर कॉलेज में जेएनवी प्रवेश परीक्षा हुई सम्पन्न




**कुन्दरकी।** नगर स्थित जे एल एम इण्टर कॉलेज में जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा-06 प्रवेश परीक्षा-2026 शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा प्रभारी तसलीम खान ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर कुल 291 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 131 बालक तथा 160 बालिकाएं। पंजीकृत 291 परीक्षार्थी में से 215 ने परीक्षा दी जबकि 76 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र अध्यक्ष रफत अली खान ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर खण्ड विकास अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह और खण्ड शिक्षा अधिकारी त्रिलोकीनाथ तथा जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार ने परीक्षा केंद्र की निगरानी की। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। मदन स्वरूप इण्टर कालेज हरियाना में पंजीकृत 288 में से 85 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षक मोबीन अख्तर, रिजवान खान, इमरान खान, इदरीस अहमद, रिजवान अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## थाना दिवस में दर्ज हुई 11 शिकायतें



**बिलारी।** दिसंबर के दूसरे शनिवार को कोतवाली में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम विनय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह ने जनता की शिकायतों को सुना। दस से 2:00 बजे तक चले समाधान दिवस में कुल 11 शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें 10 राजस्व विभाग संबंधित थीं और एक शिकायत पुलिस संबंधित थीं। एसडीएम में कहा राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण में पुलिस और मौके पर जाकर गंभीरता पूर्वक स्थिति को समझें और निष्पक्षता के साथ गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण करें। दिवस में कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह इंस्पेक्टर क्राइम जयदेव सिंह, हसिल कर रखा तो राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत 850 वादों का कांठ ग्रामीण न्यायालय में निस्तारण कर 10 हजार 730 जुर्माना वसूला




**कांठ ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज कांठ के ग्रामीण न्यायालय में किया गया। जिसमें पुलिस एक्ट के 823, जुआ अधिनियम के 2, आवकारी एक्ट के 39 और अन्य 5 कुल मिलाकर 869 मुकदमे निस्तारण के लिए लगाए गए थे। इनमें पुलिस एक्ट के 823, जुआ अधिनियम के 2 आवकारी के 24 अन्य 1 कुल मिलाकर 850 वादों का निस्तारण कर दिया गया। जिनमे पुलिस एक्ट से 8230 रुपए जुआ अधिनियम से 100 आवकारी से 2400 कुल 10730 जुर्माना वसूला गया। ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधिकारी कुंवर सूर्य सेन सिंह ने बताया कि इस तरह के लोक अदालतों के माध्यम से लोगों को चल रहे मुकदमों की भाग दौड़ से निजाद मिल जाती है। वादकारियों ने भी राष्ट्रीय लोक अदालत को आम जनता के लिए अच्छा कदम बताया। इस मामले को लेकर ग्रामीण न्यायालय में काफी भीड़ रही।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला व बालिका सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नेशनल एकेडमी फॉर मूवमेंट नागरिक एकता परिषद (NAMNEP) ने उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के सहयोग से थाकुरद्वारा क्षेत्र के सूरज नगर, मुख्तियारपुर नवादा गांव, स्कूल, बाजार एवं समुदायिक केंद्र में महिला एवं बालिका सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में पुलिस इंस्पेक्टर सरिता जी और मानवाधिकार रक्षक प्रेम कुमार कपिलराज ने POSH अधिनियम, कार्यस्थल उत्पीड़न रोकथाम, ICC भूमिका पर व्याख्यान दिया। घरेलू हिंसा, साइबर अपराध एवं यौन शोषण पर केस स्टडीज भी प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं का प्रचार भी किया गया, जिसमें कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, नारी शक्ति वंदन और रानी लक्ष्मीबाई कोष शामिल थीं। महिलाओं को ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन गाइड भी दी गई। हेल्पलाइन वितरण के दौरान पंपलेट एवं QR कोड के साथ महिला हेल्पलाइन (181), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), साइबर क्राइम (1930) और POSH शिकायत (112) की जानकारी दी गई। इंटरएक्टिव सेशन में 20+महिलाओं की शिकायतें सुनी गईं और स्थानीय अध्यापिकाओं का सहयोग लिया गया। कार्यक्रम में 500-600 महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया और 300+ महिलाओं को हेल्पलाइन जानकारी दी गई। 50 कन्या सुमंगला आवेदन भी प्राप्त हुए। NAMNEP ने 100+ फोटो/वीडियो रिकॉर्ड कर अपने चौनलों पर अपलोड किए। NAMNEP और पुलिस की संयुक्त पहल 'सुरक्षित, सम्मानित एवं सशक्त महिलाएं' को मजबूत करती है। कार्यक्रम के आयोजकों ने मासिक फॉलो-अप सत्र और POSH को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल करने की सिफारिश की है।




# थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं



**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा द्वारा थाना भोजपुर परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा ने प्राप्त शिकायतों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को न्याय दिलाने में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। और क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना भोजपुर स्थित मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली गई और महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए। दिवस में भोजपुर थाना क्षेत्र के लेखपाल व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राणा शुगर मिल ने किसानों के गन्ने का निर्धारित समय से किया भुगतान

■ किसानों के चेहरों पर आई मुस्कान करी गन्ना मिल की प्रशंसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** क्षेत्र के वेलवाड़ा पर स्तिथ राणा शुगरमिल द्वारा गन्ना पेराई सत्र 2025 --26 में 30/11/2025 तक का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया गया है किसानों का कहना है कि राणा मिल ने इस बार गन्ना तोल व्यवस्था को अधिक पारदर्शी तेज और सुचारू बनाया है जिससे गन्ना आपूर्ति में लगने वाला समय कम हुआ है किसानों का कहना है कि मिल परिसर में मिल प्रबंधन द्वारा साफ सफाई लाइन व्यवस्था और डिजिटल तोल प्राणी से कार्य में पारदर्शिता आई है ओर समय अनुसार मिल से गन्ने का भुगतान होने पर अगली फसल व पारिवारिक जरूरतों को पूरा कर सकेंगे साथ ही मिल प्रबंधन ने किसानों से अपील कर कहा है कि आगे भी गन्ना मूल्य भुगतान इसी क्रम में दिया जायेगा और सभी किसान अपना गन्ना अपनी राणा मिल को ही सप्लाई करें।



# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में टीएमयू का फिर डंका

**मुरादाबाद।** स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन- एसआईएच- 2025 की सॉफ्टवेयर श्रेणी में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की टीम- सोलर मास्टर्स ने स्वदेशी फॉर आत्मनिर्भर भारत में रिन्युएबल एंड सस्टेनेबल एनर्जी प्रॉब्लम पर लगातार 36 घंटे में तीन मेंटरिंग सेशन और तीन इवेल्यूएशन सेशन में मनवाया प्रतिभा का लोहा, विजेता टीम डेढ़ लाख रूपए के चेक से सम्मानित, एसआईएच- 2020 में भी टीएमयू टेकहैकर्स की टीम एयरपोर्ट को अथॉरिटी ऑफ इंडिया और टेक्नोहैकर ने कृषि मंत्रालय, बिहार की प्रॉब्लम स्टेटमेंट के लिए एक-एक लाख रूपये विजेता पुरस्कार राशि की थी अर्जित साल 2025 जाते- जाते तीर्थंकर महाव. ीर यूनिवर्सिटी की झोली एक और अविस्मरणीय पुरस्कार से सुशोभित कर गया। टीएमयू के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएसआईटी और कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग- सीओई की साझा टीम स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन- एसआईएच- 2025 की सॉफ्टवेयर श्रेणी में विजेता रही है। एआईसीटीई की नोडल अधिकारी डॉ. श्रुति भार्गव चौबे ने विजेता टीम को डेढ़ लाख रूपए का चेक देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है, एचआईएच- 2020 में भी टीएमयू की टेकहैकर्स और टेक्नोहैकर टीमें विजेता रही हैं। टेकहैकर्स की टीम एयरपोर्ट को अथॉरिटी ऑफ इंडिया की प्रॉब्लम स्टेटमेंट और दूसरी टीम टेक्नोहैकर ने कृषि मंत्रालय, बिहार सरकार की प्रॉब्लम स्टेटमेंट पर काम किया था। दोनों विजेता टीमों ने एक-एक लाख रूपये विजेता पुरस्कार राशि भी अर्जित की थी। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने इस मेधावी टीम के संग-संग कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, हमें सीसीएसआईटी और सीओई के स्टुडेंट्स पर नाज है। उन्होंने विजेता टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस टीम के मेंटर्स- सीओई के श्री प्रशान्त कुमार और सीसीएसआईटी की डॉ. प्रीति रानी हैं। विजेता टीम में सीसीएसआईटी के स्टुडेंट्स- रजत विश्नोई बतौर टीम लीडर, युवराज विश्नोई, सादगी कुमारी, संदीप शर्मा, रूपेश कुमारी एवम् सीओई की स्टुडेंट रिया जैन शामिल रहे हैं। टीएमयू की इस टीम ने स्वदेशी फॉर आत्मनिर्भर भारत में रिन्युएबल एंड सस्टेनेबल एनर्जी प्रॉब्लम पर लगातार 36 घंटे में तीन मेंटरिंग सेशन और तीन इवेल्यूएशन सेशन में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सोलर मास्टर्स टीम ने मेटाहेरिस्टिक-आधारित डुअल एक्सेस सोलर ट्रेकर सौर पैनल प्रणाली विक. सित की है। इसके जरिए सौलर पैनल को सूर्य की दिशा के अनुसार घुमाया जा सकेगा, ताकि पैनलों पर असमान रूप से छाया पड़ने पर भी अधिकतम विद्युत प्राप्त की जा सके। इसकी व्यावहारि. कता को और बढ़ाने के लिए टीम ने एक वेब-आधारित निगरानी और प्रबंधन मंच भी विकसित किया है। इसके जरिए उपयोगकर्ताओं को छायांकन प्रभावों का निरीक्षण करने, ऊर्जा प्रदर्शन को ट्रैक करने और पैनल पुनर्संरचना को दूरस्थ रूप से नियंत्रित करने की सुविधा भी होगी। आंध्रप्रदेश के ओंगल में आयोजित एसआईएच ग्रैंड फिनाले में टीएमयू के स्टुडेंट्स की टीम- सोलर मास्टर्स ने 04 टीम को मात देकर यह गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है, सॉफ्टवेयर श्रेणी में स्वदेशी फॉर आत्मनिर्भर भारत में रिन्युएबल एंड सस्टेनेबल एनर्जी प्रॉब्लम पर देशभर से करीब 500 टीमों ने प्रतिभाग किया, लेकिन ग्रैंड फिलाने में टीएमयू समेत केवल 05 टीमें ही अपनी जगह बना सकीं। एसआईएच मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, एआईसीटीई और मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन इन्नोवेशन सेल की एक संयुक्त राष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य दैनिक जीवन की समस्याओं का नवाचार के जरिए समाधान करना है। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने भी विज. ेता टीम को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम वंडर लैंड स्थित कबीर नगर इलाके में एक 23 वर्षीय वविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सबीना के रूप में हुई है, जो मूल रूप से थाना डिलारी क्षेत्र के तहसील ठाकुरद्वारा अंतर्गत मुस्तफापुर गांव की रहने वाली थी। सबीना की शादी इसी वर्ष 18 जून 2025 को कटघर थाना क्षेत्र के रामपुर दौराहा स्थित बरवाला निवासी आसिफ नामक युवक से हुई थी। शादी के बाद से ही वह अपने ससुराल में रह रही थी।घटना की जानकारी मिलने पर



स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कटघर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर मामला संदिग्ध बताया जा रहा है, जबकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।मृतका के परिजनों ने इस घटना को आत्महत्या मानने से साफ इनकार करते हुए हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि सबीना की हत्या उसके ससुर, नंद और नंदोई ने मिलकर की है। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष द्वारा सबीना पर खाता खुलवाने और पैसों के लेनदेन को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा था, जिसको लेकर आए दिन विवाद होता रहता था।परिजनों का यह भी आरोप है कि सबीना के ससुर ने पहले भी उसे जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी जानकारी परिवार को थी। उनका कहना है कि पैसों के विवाद ने ही इस घटना का रूप ले लिया और सबीना की जान ले ली गई। घटना के बाद से ही परिजनों में भारी आक्रोश है और उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला गंभीर है और हर पहलू से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस का कहना है कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर भी जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आबादी के बीच सूअर पालन से ग्रामीण परेशान, थाना दिवस में शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** आबादी के बीच किए जा रहे सूअर पालन को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में ग्रामीणों ने थाना दिवस में पहुंचकर अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुद्धनगर निवासी शिकायतकर्ता राम अवतार उर्फ सहदेव ने कहा कि गांव के कैलाश पुत्र अंतर सिंह द्वारा उसके मकान की दीवार से सटाकर पिछले करीब आठ माह से सूअर पालन किया जा रहा है। इससे गांव की आबादी में गंदगी फैल रही है और दुर्गंध के कारण लोगों का रहना दूभर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थिति से बच्चों व बुजुर्गों के बीमार होने की आशंका बनी हुई है तथा संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार कई बार आरोपी को समझाकर सूअर पालन आबादी से बाहर करने को कहा गया, लेकिन उसने साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी द्वारा ग्रामीणों को धमकियां भी दी गईं।

पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आबादी के बीच चल रहे सूअर पालन को तत्काल हटवाया जाए तथा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में संभावित बीमारियों और स्वास्थ्य संबंधी खतरे से लोगों को राहत मिल सके।

# सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

**ठाकुरद्वारा।** नगर के होलीका मंदिर पर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह मुख्य वक्ता रहीं मेजर डॉक्टर मीनू मल्होत्रा, कार्यक्रम अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल एवं ब्लॉक प्रमुख संजना सैनी के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने तिलक एवं भगवान श्री राम की प्रतिमा भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रेरणादाई संदेश , भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका, विशिष्ट माता का सम्मान आदि कार्यक्रम किए गए। डॉक्टर शेफाली सिंह, मीनू मल्होत्रा द्वारा कुटुंब




प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि के संबंध में विचार साझा किए एवं निर्वेश चौहान द्वारा वीरांगनाओं की गाथा का गुणगान किया गया। रितु चौहान द्वारा महिलाओं से वीरांगनाओं के विषय में प्रश्नोत्तरी पूछी गई। इस कार्यक्रम का संचालन महक गोयल ने किया। इस दौरान शिक्षिका अंजलि , श्वेता , मीनू पंत , मनोज कुमारी , विनीता आदि मौजूद रहीं। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार द्वारा सभी का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# पति की मौत के बाद शातिर ठगों ने बीमा की 22 लाख रुपये की रकम हड़पी

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में बीमा क्लेम से जुड़ा एक गंभीर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पति की मृत्यु के बाद बीमा की राशि दिलाने के नाम पर शातिर ठगों ने विधवा महिला से कूटरचना कर करीब 22 लाख रुपये की रकम हड़प ली। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद सहित कई अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है, लेकिन अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बंकावाला निवासी रावत कुमारी पत्नी स्वर्गीय सुभाष ने बताया कि उसके पति सुभाष की मृत्यु 4 मार्च 2023 को हो गई थी। 8 मार्च 2023 को उत्तराखंड के जनपद ऊधम सिंह नगर के थाना जसपुर क्षेत्र के गांव पतरामपुर निवासी, बाजपुर क्षेत्र के गांव मनोरथपुर निवासी तथा एक अन्य व्यक्ति उसके घर पहुंचे। उन्होंने स्वयं को बीमा कंपनी का एजेंट बताते हुए कहा कि उसके पति की बीमा पॉलिसी चल रही है, जिसकी लगभग 22 लाख रुपये की राशि उसे मिलेगी। आरोप है कि ठगों ने बैंक की पासबुक, आधार कार्ड और फोटो मांगते हुए कहा कि कागजात उन्हें दे देने से बार-बार बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उनके झांसे में आकर महिला ने बैंक पासबुक, आधार कार्ड, फोटो और कुछ कागजों पर हस्ताक्षर कर दिए, जिन्हें आरोपी अपने साथ ले गए। पीड़िता के अनुसार 13 मार्च 2023 को आरोपियों ने उसे एचडीएफसी लाइफ सेंटर सिविल लाइन मुरादाबाद बुलाया। इसके बाद येस बैंक सिविल लाइन मुरादाबाद में बैंक मैनेजर और एचडीएफसी कंपनी के मैनेजर द्वारा जरूरी कागजातों पर हस्ताक्षर कराए गए और बीमा की रकम खाते में भेजने का आश्वासन दिया गया। कुछ दिन बाद महिला को जानक.ारी मिली कि सिविल लाइन मुरादाबाद स्थित एक बैंक में उसके नाम से फर्जी खाता खोलकर यूपीआई आईडी बनाई गई और चेक बुक हासिल कर ली गई। आरोप है कि चेक बुक के माध्यम से अलग-अलग तिथियों में फर्जी हस्ताक्षर कर 22 लाख रुपये की पूरी रकम निकाल ली गई। इसका खुलासा तब हुआ जब पीड़िता ने अपने बैंक खाते का विवरण निकलवाया।इसके बाद 20 सितंबर 2024 को वह अपने जेठ अशोक कुमार और रिश्तेदार चरण सिंह के साथ येस बैंक सिविल लाइन मुरादाबाद पहुंची। आरोप है कि बैंक में जानकारी मांगने पर बीमा एजेंटों, बैंक मैनेजर, सुरक्षा गार्ड समेत अन्य लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की, धक्का देकर बाहर निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने 31 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जांच के आदेश देते हुए मामला ठाकुरद्वारा कोतवाली भेजा। कोतवाली पुलिस ने जांच के लिए प्रकरण साइबर सेल मुरादाबाद को भेज दिया। महिला का आरोप है कि साइबर विभाग के दरोगा ने रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार करते हुए कहा कि मामला थाना ठाकुरद्वारा में दर्ज होगा।पीड़िता का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए वह लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रही है। तंग आकर उसने 28 नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री को भी शिकायती पत्र भेजा, लेकिन दर-दर भटकने के बावजूद अब तक उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पीड़ित महिला ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उसे न्याय मिल सके।

# शादी का झांसा देकर युवती से किया शारीरिक शोषण पुलिस से कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा।** शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने के बाद युवक द्वारा विवाह से इंकार करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवती ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता जनपद रामपुर के थाना दढ़ियाल क्षेत्र के एक गांव की निवासी है। अपने शिकायती पत्र में उसने बताया कि वह ठाकुरद्वारा क्षेत्र में आयोजित एक पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने आई थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात आरा.ेपी युवक से हुई, जिसने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद आरोपी ने मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क बनाए रखा और शादी का आश्वासन देकर उससे नजदीकियां बढ़ा लीं। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार उसे अलग-अलग स्थानों पर बुलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगा। बाद में युवती को जानकारी हुई कि आरोपी की शादी किसी अन्य युवती से तय हो गई है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया और आरोपी से शादी करने को कहा तो उसने साफ इंकार कर दिया और उसे धमकियां भी दीं। पीड़िता ने इस पूरे घटनाक्रम से मानसिक रूप से प्रताड़ित होने की बात कहते हुए पुलिस से आरा.ेपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# विश्वास, सेवा और आधुनिक चिकित्सा का केंद्र, NABH प्रमाणित तेजस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति समर्पण और आधुनिक चिकित्सा तकनीक के समन्वय ने तेजस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को एक विश्वसनीय पहचान दिलाई है। एनएबीएच (National Accreditation Borad for Hospitals & Health care Provider) प्रमाणित यह अस्पताल उच्च गुणवत्ता वाली, सुरक्षित एवं नैतिक चिकित्सा सेवाओं का पर्याय बन गया है।

नगर में मुरादाबाद-काशीपुर रोड,फायर स्टेशन के पास, मंढ़ी मंदिर के निकट तेजस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्थित 150 बेड के इस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर



जैसी सभी सेवाएं अत्याधुनिक उपकरणों के साथ उपलब्ध हैं। अस्पताल का लक्ष्य रोगियों को अंत.रराष्ट्रीय मानकों की, किफायती और सुलभ चिकित्सा उपलब्ध कराना है।

इसके लिए अस्पताल ने देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से अनुभव प्राप्त चिकित्सकों की एक समर्पित टीम तैयार की है। अस्पताल में सामान्य चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग, शिशु एवं नवजात रोग (नीओनेटोलॉजी), आर्थोपेडिक सर्जरी व जॉइंट रिप्लेसमेंट तथा सामान्य एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी जैसी विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं। हाल ही में अस्पताल ने एक अत्याधुनिक अमेरिकन-मेड लेप्रोस्कोपिक मशीन की मदद से एक जटिल पित्ताशय (गॉलब्लैडर) के ऑपरेशन को अंजाम देकर अपनी तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन किया। तेजस हॉस्पिटल को आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज की सुविधा प्राप्त है, जो इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अस्पताल के निदेशक डॉ. बलराम सिंह के अनुसार, इससे पहले मरीजों को नि:शुल्क इलाज के लिए दूरदराज के अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब स्थानीय लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपये तक का इलाज यहीं संभव हो गया है। साथ ही बताया कि समय-समय पर लगाए जाने वाले नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से अस्पताल की टीम ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ रही है।

डॉ. बलराम सिंह ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद रोगियों को सही समय पर उपचार उपलब्ध कराना और उन्हें अस्पताल की सुविधाओं की जानकारी देना है। अपनी व्यापक सेवाओं, उन्नत तकनीक, सामा.जिक जिम्मेदारी और रोगी के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण के कारण तेजस हॉस्पिटल क्षेत्र के लोगों के लिए पहली पसंद बन गया है। जीवन की बात हो तो भरोसा तेजस पर ही टिका है।

# आईटीसी लिमिटेड के नाम पर ऑनलाइन आवेदन का झांसा देकर 6.48 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** आईटीसी लिमिटेड में ऑनलाइन आवेदन के नाम पर एक युवक से करीब 6 लाख 48 हजार 700 रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा खालसा, निवासी कपिल प्रताप सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसने प्ज्ब लिमिटेड में ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसकी फीस 37,500 रुपये बताई गई थी। इसके बाद उसे प्ज्ब के नाम से एक ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें दिए गए मोबाइल नंबर से एक व्यक्ति ने संपर्क किया और अपना नाम शुभंकर मिश्रा बताते हुए स्वयं को ITC कंपनी का प्रतिनिधि बताया। आरोप है कि आरोपी ने रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस, जीएसटी और सॉफ्टवेयर शुल्क के नाम पर अलग-अलग किस्तों में धनराशि जमा कराने को कहा। पीड़ित के अनुसार रजिस्ट्रेशन उसकी माता सर्वेश कुमारी के नाम से किया गया।

आरोपी के बताए गए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते में पीड़ित ने 9 सितंबर 2025 से 11 अक्टूबर 2025 के बीच विभिन्न तिथियों में कुल 6,48,700 रुपये ट्रांसफर किए। पीड़ित का आरोप है कि उसे छ5.50 लाख का सामान भेजने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन न तो कोई सामान भेजा गया और न ही ली गई राशि वापस की गई। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित के पास मोबाइल कॉल, बैंक ट्रांजैक्शन और चौट से संबंधित सभी स्क्रीनशॉट मौजूद हैं। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा साइबर सेल की मदद से आरोपी की भूमिका और अन्य संभावित संलिप्त लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## ग्रामीण बैंक द्वारा खाते पर लगाई रोक हटवाने की मांग

**ठाकुरद्वारा।** यू.पी. ग्रामीण बैंक द्वारा खाते पर लगाई गई रोक को लेकर एक महिला ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के खाते पर रोक लगा दी गई, जिससे उसे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के वार्ड नंबर 22 निवासी निशा पत्नी शैलेंद्र कुमार ने उपजिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके बेटे के खिलाफ कोतवाली में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। बेटे के साथ उसका संयुक्त रूप से यू.पी. ग्रामीण बैंक में खाता संचालित है।

आरोप है कि इसी मुकदमे के आधार पर बैंक द्वारा खाते पर रोक लगा दी गई, जबकि उसे इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। पीड़िता का कहना है कि हाईकोर्ट द्वारा मामले से संबंधित समस्त कार्यवाही समाप्त की जा चुकी है, इसके बावजूद बैंक द्वारा खाते से रोक नहीं हटाई गई है। खाते पर रोक लगने के कारण वह अपने आवश्यक लेन-देन और घरेलू खर्चों को पूरा नहीं कर पा रही है। पीड़िता ने बताया कि उसने कई बार बैंक अधिकारियों से संपर्क कर स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। अंतत: मजबूर होकर उसने तहसील प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# सदर कोतवाली में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**मुरादाबाद।** शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया के द्वारा की गई। थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना रहा।थाना समाधान दिवस के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी थाना कोतवाली नगर पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याएं क्षेत्राधिकारी कोतवाली के समक्ष रखीं। इनमें भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें शामिल रहीं। क्षेत्राधिकारी ने सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।क्षेत्राधिकारी कोतवाली ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं से समन्वय बनाए रखा जाए तथा अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत करना है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि जो प्रकरण राजस्व या अन्य विभागों से संबंधित हैं, उनमें संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधिकारियों ने फरियादियों को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी भी दी और उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रत्येक शिकायत पर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। आयोजन के अंत में अधिकारियों ने थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा जनता की समस्याओं के समाधान को पुलिस की प्राथमिकता बताया।थाना समाधान दिवस के सफल आयोजन से फरियादियों में संतोष देखने को मिला और लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

## एक नजर

### कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस पर हुआ सुंदरकांड पाठ



**चन्दौसी।** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा शनिवार को कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मंदिर के स्थापना दिवस 1204वें संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। सर्वप्रथम महंत अनिल शर्मा ने विधिवत पूजन सम्पन्न कराया।

इसके उपरांत के0जी0 शर्मा व विशाल शर्मा ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमाना चालीसा व बजरंगबाण का मनोहारी वाचन किया। इसके पश्चात् अजय सक्सेना व राजेश शंखधार में सुंदरकांड की चौपाईयों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान के0जी0 शर्मा, विशाल शर्मा, राजेश शंखधार, लोकेश बालियान, बलदेव मेहता, रमेश ग्रेवाल आदि मौजूद रहे।

### कुन्दरकी-डींगरपुर रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार परिवार घायल



**कुन्दरकी।** शनिवार को कुन्दरकीख्रडींगरपुर रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गांव गजीपुर निवासी पति-पत्नी तथा मां-बेटे बाइक से नानकार एक शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान भूषण पेट्रोल पम्प के पास तेज रफ्तार एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शमशुल (45) पुत्र आबिद, उनकी पत्नी शबनम (40), सीमा (30) पत्नी मन्नान और अरहान (2) पुत्र मन्नान सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्दरकी पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद शबनम की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर लगे जाम को सुचारू कराया। पुलिस द्वारा अज्ञात कार की तलाश की जा रही है।

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में नवम दीक्षांत समारोह: डॉ. मुकुन्दकाम शर्मा करेंगे मेधावी छात्रों का सम्मान

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 14 दिसंबर 2025 को नवम दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय-भारत के पूर्व न्यायाधीश और श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पूर्व कुलाधिपति न्यायाधीश डॉ. मुकुन्दकाम शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। वे मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान करेंगे। इस समारोह में सत्र 2023-2024 और 2024-2025 के 151 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 105 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

### ग्रामीणों ने रुकवाया नाला निर्माण कार्य

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव उदमाबाला में जिला पंचायत निधि से एक नाले का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें ग्रामीणों ने मानक के अनुरूप कार्य न होने का आरोप लगा कर निर्माण कार्य रुकवा दिया। इस मौके पर जगदीश,तुलाराम, प्रमोद,पंकज कृपाल सिंह आदि के साथ काफी ग्रामीण मौजूद रहे।

### दस लीटर कच्ची शराब के साथ पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शनिवार को कोतवाली पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र गौतम हैड कांस्टेबल कृष्णवीर, कांस्टेबल अरविंद सैनी के साथ ग्राम महमूदपुर केशो में शांति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे तभी दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पुलिस ने पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम राजेंद्र कुमार पुत्र गंगाराम निवासी महमूदपुर केशो बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### क्रिप्टन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव नवरस का आयोजन



**मुरादाबाद।** दिल्ली रोड स्थित क्रिप्टन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव नवरस का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा धनोपार्जन के लिए नहीं है, बल्कि समाज सेवा के लिए है। सभी को शिक्षित होकर स्वयं विकसित होने के साथ ही समाज को भी विकसित करने में अग्रणी योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# राजस्व टीम ने किया भूमि का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर फतेउल्लापुर निवासी की खतौनी में दर्ज नसीरुल्ला पुत्र बशीर अहमद ,अबरार हुसैन, पुत्र नसिरुल्ला,इकरार हुसैन पुत्र नसिरुल्ला, इकरार हुसैन पुत्र नसिरुल्ला, दुल्लो पति नसिरुल्ला मुख्तार पुत्र नसिरुल्ला निवासी बीरपुर फतेउल्लापुर में भू राजस्व का हिस्सा कुछ दिन पहले मोहम्मद इल्यास , जाहिद अली, अमीरअख्तर, आरिफ अहमद, नबीहसन,रिजवान अली, अकरम अली, को बेच दिया था जिस पर गांव के कुछ व्यक्तियों ने समाधान दिवस में एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि विक्रय की गयी भूमि में सिंचाई विभाग की नहर का हिस्सा है जिसमें कुछ हिस्से को तोड़कर निर्माण कराया जा रहा है शिकायती पत्र पर उप जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुये एक राजस्व विभाग की टीम गठित कर शुक्रवार को विवादित भूमि की पैमाईश कराई गयी। गठित टीम में लेखपाल हरी सिंह द्वारा बताया गया कि इसकी पैमाइश कर ली गई है मौके पर स्थिति सामान्य है इसकी रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को सौंपी जायेगी जो भी आदेश आयेगा वही मान्य होगा।वही जाहिद अली,नवी हसन, रिजवान अली ,अकरम अली ,मो



इल्यास आदि का कहना है कि जो भी उच्च अधिकारियों का आदेश आयेगा वो सभी को मान्य होगा पैमाइश के दौरान पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा।

# संसद भवन हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद।** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में शनिवार को लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद भवन पर हुए आतंकी हमले में शहादत देने वाले जांबाजों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को नमन किया।इस अवसर पर मेजर राजीव ढल ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि 13 दिसंबर 2001 का दिन भारत के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज है। इसी दिन आतंकवादियों ने देश की सर्वोच्च लो.कतांत्रिक संस्था संसद भवन को निशाना बनाकर हमला किया था। उन्होंने बताया कि पांच आतंकवादी अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर एक एंबेसडर कार में संसद भवन परिसर में घुसे, लेकिन भारतीय सुरक्षा गार्ड्स और दिल्ली पुलिस के जवानों ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए उनके मंसूबों को नाकाम कर दिया।मेजर राजीव ढल ने कहा कि आतंकवादियों का उद्देश्य संसद भवन के भीतर प्रवेश कर सांसदों और मंत्रियों को बंधक बनाकर बड़े पैमाने पर नरसंहार करना था। आतंकियों ने कई बार संसद के अंदर घुसने का प्रयास किया, लेकिन सुरक्षा में तैनात जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर उन्हें रोक दिया। जवानों के साहस और बलिदान के कारण देश का लोकतंत्र सुरक्षित रहा। कार्यक्रम में अरुण कुमार शुक्ला, मेजर राजीव ढल, पुनीत कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र वंश, सुमित कुमार शर्मा, ग्रंथ सिंह, राजीव कुमार गुप्ता, जगपाल सिंह, प्रखर सिंह, विमल कुमार, रति कौशिक, मोनिका शर्मा, अर्चना गंग.वार, सलोनी शर्मा सहित समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भारत-द.अफ्रीका का तीसरा मैच आज

**दोनों टीमों ने एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जान लिया है, ऐसे में धर्मशाला मैच बाकी सीरीज का रूख तय करने में अहम होगा**

**धर्मशाला, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका रविवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मुकबाले में पांच मैचों की सीरीज में बढ़त लेने उतरेंगे। पहले मैच में भारत की शानदार जीत के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी-20 में जोरदार वापसी करते हुए बराबरी कर ली, जिससे इस खूबसूरत पहाड़ी मैदान पर एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जान लिया है, ऐसे में धर्मशाला मैच बाकी सीरीज का रुख तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत की बल्लेबाजी ने कुछ अच्छे संकेत दिखाए हैं, लेकिन शीर्ष क्रम में निरंतरता की कमी रही है। पहले दो मैचों में शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभालने में तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या का मिडिल ऑर्डर में योगदान महत्वपूर्ण रहा है। ओपनर अभिषेक शर्मा भारत की योजनाओं के केंद्र में बने हुए हैं, टीम पावरप्ले के दौरान तेज शुरुआत देने की उनकी क्षमता पर भरोसा कर रही है। सीनियर बल्लेबाज शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने और लाइनअप को स्थिरता देने के लिए उत्सुक होंगे। पिछले मैच में काफी रन देने के बाद भारत की गेंदबाजी इकाई पर सबकी नजर रहेगी। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह दूसरे टी-20 में शुरुआती विकेट लेने में नाकाम रहे और मेजबान टीम उनसे ऐसी पिच पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी जो तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। स्पिनर अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने विकेट लिए हैं और वे बीच के ओवरों को नियंत्रित करने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका पिछले मैच में दमदार बल्लेबाजी की बदौलत अपनी शानदार जीत से आत्मविश्वास हासिल किया। क्विंटन डी कॉक आक्रामक पारी खेलकर टीम की अगुवाई करने, जबकि कप्तान एडन मारक्रम अच्छी शुरुआत देने का प्रयास करेंगे। मेहमान टीम की बल्लेबाजी की गहराई, जिसे डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर और डोनोवन फरेरा ने मजबूत किया है। गेंदबाजी की बात की जाए तो पिछले मैच में ओटनील बार्टमैन चार विकेट लेने के बाद एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। मार्को यानसन की अतिरिक्त बाउंस और लुंगी एनगिडी के तेज आक्रमण को और मजबूत बनाया है, जिससे दक्षिण अफ्रीका पावरप्ले और डेथ ओवर दोनों में दबाव बना पा रहा है। धर्मशाला मैदान की छोटी बाउंड्री बल्लेबाजों के सेट होने के बाद स्ट्रोक प्ले में मदद करती हैं। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 187 के करीब है और शाम को बाद में ओस पड़ने की उम्मीद है। दोनों टीमें सीरीज में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने के लिए बेताब हैं, इसलिए एक कड़े मुकाबले की उम्मीद है, क्योंकि भारत घरेलू फायदे पर निर्भर है जबकि दक्षिण अफ्रीका अपनी नई गति को बनाए रखना चाहेगा। संभावित भारतीय टीमप्रतिशत अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा।

संभावित दक्षिण अफ्रीका टीमप्रतिशत रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), एडन मारक्रम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, जॉर्ज लिंडे, मार्को यानसन, लुथो सिपामला, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन, ट्रिस्टन स्टब्स, केशव महाराज, एनरिक नॉर्टजे, टोनी डी जॉर्जी , कॉर्बिन बॉश, रीजा हेंड्रिक्स और क्वेना मफाका

## जियोस्टार पर दिखेंगे टी-20 वर्ल्ड कप के सभी मैच

# आईसीसी ने एग्रीमेंट टूटने पर रिपोर्ट्स का खंडन किया




● **काउंसिल ने यह भी बताया कि जियोस्टार के समझौते से पीछे हटने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स गलत है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगले साल होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप जियोस्टार पर ही प्रसारित होगा। आईसीसी और ब्राडकास्टर जियोस्टार ने शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि जियोस्टार भारत में आईसीसी का आधिकारिक मीडिया राइट्स पार्टनर बना हुआ है। काउंसिल ने यह भी बताया कि जियोस्टार के समझौते से पीछे हटने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स गलत हैं। बयान में आगे कहा गया कि भारतीय फैंस को आगामी आईसीसी इवेंट्स की बिना रुके, वर्ल्ड-क्लास कवरेज देने पर फोकस है। इसमें आगामी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप भी शामिल है। दोनों संस्थाओं ने बताया कि टूर्नामेंट की तैयारियां योजना के अनुसार आगे बढ़ रही हैं। 4 दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा-जियो पीछे हटा 8 दिसंबर सोमवार को इकोनामिक टाइम्स ने दावा किया गया था कि भारत-श्रीलंका में होने वाले मेंस टी-20 वर्ल्ड कप से 3 महीने पहले ब्राडकास्टर जियोस्टार मैच प्रसारण से पीछे हट गया है। जियोस्टार के पीछे हटने की वजह नुकसान को बताया जा रहा था।

रिपोर्ट में कहा गया कि आईसीसी ने सोनी, नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो से संपर्क किया है, लेकिन अभी तक किसी भी प्लेटफार्म ने कीमत ज्यादा होने की वजह से राइट्स में दिलचस्पी नहीं दिखाई। 2023 में आईसीसी ने अपने 4 साल (2024 से 2027 तक) के सारे टूर्नामेंट्स के भारत में दिखाने के अधिकार जियोस्टार (तब स्टार इंडिया) को बेचे थे। 2024 में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 वर्ल्ड कप को हाटस्टार पर फ्री में दिखाया गया था। भारत आईसीसी की कमाई का 80प्रतिशत देता है भारत आईसीसी के रेवेन्यू का करीब 80प्रतिशत हिस्सा देता है, जो क्रिकेट की डिपेंडेंसी दिखाता है। आईसीसी ने 2024 में +474 मिलियन (करीब 4,000 करोड़ रुपए) का सरप्लस कमाया। सरप्लस मतलब अतिरिक्त कमाई या प्राफिट (जैसे आपकी सैलरी से खर्चे कटने के बाद जो बचे)। टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेडयूल जारी कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो में होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### फीफा विश्व कप 2026 की टिकट के लिए 24 घंटे में 50 लाख आवेदन

**ज्यूरिख, वार्ता।** अगले साल होने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए टिकट बिक्री के तीसरे चरण शुरू होने के 24 घंटे अंदर दुनिया भर से 50 लाख टिकटों के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। फीफा ने शनिवार को बताया कि 200 से अधिक देशों और क्षेत्राों के फुटबॉल प्रशंसकों ने फीफाडॉटकॉम/ टिकटस के माध्यम से 50 लाख टिकटों की मांग के आवेदन प्राप्त हुए है। कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले इस 48-टीमों के इस टूर्नामेंट को देखने के प्रति प्रशंसकों के उत्साह को दिखाता है। शुरुआती आंकड़े ग्रुप-स्टेज के शानदार मुकाबलों के लिए जबरदस्त दिलचस्पी दिखाते हैं, जिसमें कोलंबिया बनाम पुर्तगाल (मियामी, 27 जून) अब तक रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ अवधि के दौरान सबसे अधिक डिमांड वाला मैच बनकर उभरा है।

### श्रीलंका की अंडर-19 टीम ने नेपाल को हराया

**दुबई, वार्ता।** सेतमिका सेनेविरत्ने (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद दिमांता महाविताना (नाबाद 39) और कविजा गमागे (24) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 211 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने 14-5 ओवर में दो विकेट पर 84 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज दिमांता महाविताना ने 49 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से (नाबाद 39) रनों की पारी खेली। कविजा गमागे ने 29 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 24) रन बनाए। विरन चामुदिता (10) और के वितानापतिराना (दा) रन बनाकर आउट हुए।

## मेसी के स्वागत आयोजन में कुप्रबंधन पर ममता ने माफी मांगी उच्च स्तरीय जांच का ऐलान

**कोलकाता, वार्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेसी के यहां दौरे के मौके पर सॉल्ट लेक स्टेडियम (युवा भारती क्रीड़ांगन) में मची अफरा-तफरी और कुप्रबंधन पर गहरा दुख जाहिर करते हुए 'जिम्मेदारी तय करने' और 'ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने' के लिए एक उच्च-स्तरीय जांच का ऐलान किया।

सुश्री बनर्जी ने घटना के बाद मेसी के साथ-साथ फुटबॉल प्रशंसकों से सार्वजनिक माफी मांगी। उन्होंने एक्स पर एक बयान में कहा कि स्टेडियम में जो कुछ हुआ, उससे बहुत परेशान और हैरान है। यहां हजारों दर्शक अपने पसंदीदा फुटबॉलर को देखने की उम्मीद में इकठा हुए थे। उन्होंने कहा कि वह उस समय वह खुद



**सुश्री बनर्जी ने घटना के बाद मेसी के साथ-साथ फुटबॉल प्रसंशकों से सार्वजनिक माफी मांगी**

कार्यक्रम स्थल पर जा रही थीं। सुश्री बनर्जी ने कहा कि मैं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए लियोनेल मेसी के साथ-साथ सभी खेल प्रेमियों और उनके प्रशंसकों से ईमानदारी से माफी मांगती हूं। मैं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) असीम कुमार राय की अध्यक्षता में एक जांच समिति बना रही हूं।

# लियोनेल मेसी का कोलकाता में जोरदार स्वागत



## झलक न दिखने से गुस्साए दर्शक

**कोलकाता, वार्ता।** अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी को 14 साल बाद फुटबॉल के दीवानों के शहर कोलकाता में लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। शहर में हजारों प्रशंसक, अपने पसंदीदा वैश्विक सुपरस्टार की एक झलक पाने के लिए, मध्यरात्रि के बाद कड़ाके की ठंड में भी डटे रहे। हालांकि, बाद में साल्ट लेक स्टेडियम (युवा भारती क्रीड़ांगन) में यह उत्साह उस समय अराजकता और निराशा में बदल गया, जब उनके प्रशंसक मेसी की एक झलग ठीक से नहीं पा सके। मेसी का विमान नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कल देर रात उतरा। उनके आगमन पर वहां मौजूद लोगों में जोश भर गया। उनके समर्थक बार्सिलोना की नंबर 10 जर्सी पहने उनका नाम लेकर चिल्ला रहे थे और अर्जेंटीना के झंडे लहरा रहे थे। भारी सुरक्षा तैनाती के बावजूद, भीड़ हवाई अड्डे के परिधि और हयात रीजेंसी होटल के पास जमा हो गई। मेसी को इस होटल में ठहराया गया था। भारतीय फुटबॉल का मक्का कहे जाने वाले कोलकाता शहर ने मेसी की दूसरी यात्राा को यादगार बनाने के लिए पूरे मन से तैयारी की थी। इनमें ईएम बाईपास पर लेक टाउन क्रॉसिग पर फैन जोन और एक विशाल 70 फुट की प्रतिमा शामिल थी। सूत्राों ने बताया कि साल्ट लेक स्टेडियम के पास होटल जाते समय, मेसी को शहर के प्रवेश द्वार वीआईपी रोड पर बिग बेन क्लॉक टॉवर के पास फीफा विश्व कप पकड़े हुए उनकी एक सफेद प्रतिमा दिखाई गई। प्रशंसकों की भीड़ में नादिया जिले के कल्याणी से एक किशोर लड़का भी व्हीलचेयर पर यात्राा करके आया था। मेसी के कट्टर समर्थक उनको फुटबाल का ष्भगवानष मानते हैं। मोहन बागान क्लब के सदस्य सुरजेंदु गांगुली ने कहा कि मेसी का कोलकाता आना एक बड़ी बात है।

### मेसी ने किया कोलकाता में दुनिया की सबसे ऊंची अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण

**कोलकाता, वार्ता।** 2022 फीफा विश्व कप विजेता अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा रहे लियोनेल मेसी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के प्रवेश द्वार पर दुनिया की सबसे ऊंची 70 फीट की लोहे की अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण किया। अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट पर एक निजी जेट से सुबह-सुबह पहुंचने के कुछ घंटों बाद उन्होंने हयात होटल से रिमोट कंट्रोल के जरिए वीआईपी रोड पर स्थित अपनी प्रतिमा का वर्चुअली अनावरण किया। इस दौरान कई इंटर मियामी खिलाड़ी और हिंदी फिल्म सुपरस्टार शाहरुख खान मौजूद थे। यह प्रतिमा, 2022 फीफा विश्व कप पकड़े हुए मेसी की एक तस्वीर की प्रतिकृति है।

# गावस्कर के पर्सनालिटी राइट्स केस में दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश



● **यह कानून सोशल मीडिया गाइडलाईनऔर डिजीटल मीडिया आचार संहिता से जुड़ा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनील गावस्कर की याचिका पर आदेश दिया है। यह मामला पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा से जुड़ा है। कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को सात दिन में कार्रवाई करने को कहा है। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने गावस्कर के वकील से बात की। उन्होंने कहा- वकील पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स से संपर्क करें। अदालत ने प्लेटफार्म्स को निर्देश दिया कि वे गावस्कर के मुकदमे को आईटी एक्ट 2021 के तहत शिकायत मानकर जरूरी कदम उठाएं। यह कानून सोशल मीडिया गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया आचार संहिता से जुड़ा है। एक दिन पहले अभिनेता सलमान खान और तेलुगु स्टार जूनियर एनटीआर भी अपने पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे थे।


कोर्ट ने कहा कि अगर सोशल मीडिया मीडियम को गावस्कर द्वारा दिए गए किसी भी 'वेबलिंक' को लेकर कोई आपत्ति हो, तो वे उन्हें इसकी जानकारी दें। अदालत ने गावस्कर (वादी) को निर्देश दिया कि वे जिन यूआरएल को हटाने का अनुरोध कर रहे हैं, उन्हें 24 घंटे में सोशल मीडिया मीडियम को उपलब्ध कराएं। गावस्कर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म और ई-कामर्स वेबसाइट द्वारा उनके नाम, तस्वीरें और शख्सियत एवं पहचान के अनधिकृत उपयोग को रोकने तथा पर्सनालिटी राइट्स की रक्षा के लिए हाई कोर्ट का रुख किया था। पर्सनालिटी राइट्स के तहत किसी व्यक्ति को अपनी तस्वीर, नाम या पहचान की सुरक्षा, उन पर नियंत्रण रखने और उनके उपयोग से लाभ प्राप्त करने का अधिकार होता है। इन सेलेब्स के पास हैं पर्सनैलिटी राइट्स ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन से पहले इसी साल मई में एक्टर जैकी श्राफ भी कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी इमेज और वीडियो बदलकर बिना इजाजत मर्चेंडाइज बेचा जा रहा है। उस समय कोर्ट ने उनके पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स को भी सुरक्षित किया था।

# लिएंडर पेस-महेश भूपति 'कोर्ट पर' एक साथ दिखे

● **इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैड स्लेम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर नंबर-1 बने है और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** क्लियर प्रीमियम वॉटर द्वारा प्रायोजित टेनिस प्रीमियर लीग के चौथे दिन भारतीय टेनिस दिग्गज लिएंडर पेस जीएस दिल्ली एसेस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में और एसजी पाइपर्स बेंगलुरु के मुख्य कार्यकारी महेश भूपति अपनी टीम के समर्थन में लीग के चारकोल ग्रे कोर्ट पर एक साथ दिखे गए। इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर वर्ल्ड नंबर 1 बने हैं और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे हैं।

इस दौरान अपनी खुशी इजहार करते हुए पेस ने कहा कि अहमदाबाद में होना बहुत अच्छा लग रहा है। सबसे पहले तो मौसम शानदार है और यहां टेनिस प्रीमियर लीग की भव्यता देखना पूरे देश में टेनिस का विस्तार करने और उसे लोकप्रिय बनाने के सपने का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मैं सानिया, रोहन, महेश और उन सभी सितारों का बहुत आभारी हूं जो लीग को सपोर्ट करते हैं। जब आप खिलाड़ियों को देखते हैं, तो हमने जूनियर्स, प्रोफेशनल्स, लड़के और लड़कियों को एक साथ लाने में कामयाबी



हासिल की है और इसमें एक अंतर्राष्ट्रीय फ्लेवर भी जोड़ा है। टेनिस जगत के पूरे समुदाय का यहा एक साथ आना खास है। दिन के तीसरे मैच में एसजी पाइपर्स बेंगलुरु ने जीएस दिल्ली एसेस को 49-51 से हराया। जीएस दिल्ली एसेस 211 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। सीजन और अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि सीजन बहुत अच्छा चल रहा है। मैं अपनी टीम के प्रति थोड़ा पक्षपाती हूं। दिल्ली एसेस अभी शीर्ष पर है लेकिन अभी बहुत सारा टेनिस बाकी है। यहां का फॉर्मेट बहुत दिलचस्प है। पेस ने दिल्ली की टीम के साथ अपनी भूमिका पर कहा कि 40 साल तक अपने देश के लिए खेलना, 20 ग्रैंड स्लैम जीतना और सात ओलंपिक खेलना एक आशीर्वाद है। अब, बच्चों को मेंटर करना और ऐसी लीग बनाना ताकि वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेल सकें।

## असम के चार खिलाड़ी भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित

● **इनके खिलाफ राज्य पुलिस की अपराध शाखा में प्राथमिकी भी दर्ज करा दी है**

**गुवाहाटी, वार्ता।** असम क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) 2025 के दौरान कथित तौर पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप के कारण चार खिलाड़ियों अमित सिन्हा, इशान अहमद, अमन त्रिपाठी और अभिषेक ठाकुर को निलंबित कर दिया है।

एसीए ने शुक्रवार को इन चारों खिलाड़ियों निलंबित कर दिया। उन्होंने इनके खिलाफ राज्य पुलिस की अपराध शाखा में प्रथमिकी (एफआईआर) भी दर्ज करा दी है। ए सभी खिलाड़ी अलग-अलग स्तर पर असम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन पर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भाग लेने वाले कुछ असम के खिलाड़ियों को प्रभावित और उकसाने का प्रयास करने का आरोप है। एसीए के सचिव सनातन दास ने कहा कि आरोप सामने आने के बाद बीसीसीआई की भ्रष्टाचार विरोधी और सुरक्षा यूनिट (एएससीयू) ने जांच की थी। एसीयू ने भी आपराधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पहली नजर में खेल की अखंडता को प्रभावित करने वाले गंभीर कदाचार में उनकी भागीदारी प्रतीत होती है। असम के एसएमटीए लीग मैच 26 नवम्बर से आठ दिसम्बर तक लखनऊ में हुए थे। टीम चल रहे सुपर लीग चरण के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। दास ने कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान इन खिलाड़ियों को जिला इकाइयों या इससे जुड़े क्लबों द्वारा आयोजित किसी भी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट या मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# दीपक हुड्डा संदिग्ध गेंदबाजी सूची में




● **बीसीसीआई ने 16 सितम्बर को होने वाले नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी को हुड्डा के एक्शन के बारे में जानकारी दी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को 16 दिसम्बर को होने वाले नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी को हुड्डा के संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के बारे में यह जानकारी दी। घरेलू क्रिकेट में राजस्थान के लिए खेलने वाले 30 साल के ऑलराउंडर हुड्डा पिछले आईपीएल सीजन की तरह ही अभी भी संदिग्ध सूची में बने हुए हैं।

पार्ट-टाइम ऑफ-स्पिन गेंदबाज हुड्डा ने पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सात आईपीएल मैच खेले थे, लेकिन उनमें से किसी में भी गेंदबाजी नहीं की थी। हालांकि, उन्होंने तब से बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट में छह ओवर फेंके हैं। रणजी ट्रॉफी में एक ओवर और चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पांच ओवर। आखिरी मैच उन्हें आठ दिसम्बर को झारखंड के खिलाफ गेंदबाजी करते देखा गया था। अगर उन्हें फिर से संदिग्ध एक्शन के लिए बुलाया जाता है, तो उन पर आईपीएल में गेंदबाजी करने पर प्रतिबंध लग सकता है। उन्होंने अहमदाबाद में उस मैच में तीन ओवर फेंके थे और 24 रन देकर तीन विकेट लिए थे। हुड्डा ने भारत के लिए 10 एकदिवसीय और 21 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं, अबू धाबी नीलामी में एएल1 (ऑलराउंडर) कैटेगरी में 75 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ शामिल हैं।

### साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने फुटबॉल से लिया संन्यास

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने हृदय संबंधी बीमारी का पता चलने के बाद पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। ब्राजील के ग्लोबो एस्पोर्टे की रिपोर्ट के अनुसार, 34 वर्षीय ऑस्कर ने अपने करीबी लोगों को अपने फैसले के बारे में बताया और पिछले महीने हुई एक घटना के बाद आगे की जटिलताओं का जोखिम न उठाने का फैसला किया, जिसके कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में रहना पड़ा था। ऑस्कर पिछले दिसम्बर में चेल्सी और शंघाई पोर्ट के साथ सफल कार्यकाल के बाद तीन साल के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब साओ पाउलो में लौटे थे। जुलाई में चोटों के कारण वह इस साल केवल 21 मैच खेल पाए, जिसमें उन्होंने दो गोल किए।

## केएससीए चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित कराने की मिली अनुमति

● **यह अनुमति वेंकटेश प्रसाद को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद आई है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित कराने की अनुमति दे दी है और इससे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भी अवगत करा दिया गया है।

यह अनुमति वेंकटेश प्रसाद को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) का अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद आई है। प्रसाद और उपाध्यक्ष सुजीत सोमसुंदर ने इस सप्ताह की शुरुआत में बेलगावी में राज्य के विधानसभा सत्रा के दौरान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि यह मुलाकात सार्थक रही। इस फैसले का त्वरित परिणाम यह होगा कि विराट कोहली चिन्नास्वामी में खेल सकेंगे क्योंकि केएससीए सुरक्षा और लॉजिस्टिक कारणों से दिल्ली के मुकाबलों को अलूर से यहां स्थानांतरित करने का विचार कर रहा है। कोहली और ऋषभ पंत दोनों ही विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली की टीम का हिस्सा हैं और वह पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

भारत के दो बड़े खिलाड़ियों के खेलने की संभावना को देखते हुए केएससीए चिन्नास्वामी के कुछ स्टैंड्स को प्रशंसकों के लिए खोलने का भी विचार कर रहा है ताकि दो हजार से तीन हजार प्रशंसकों के लिए खेल देखने की व्यवस्था की जा सके।

# जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

## उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल रहे मुख्य अतिथि, न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में राष्ट्रीय लोक अदालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक न्यायमूर्ति संभल एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पुलिस द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात् जनपद न्यायाधीश डा0 विदुषी सिंह द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल का स्वागत किया गया। तत्पश्चात न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने फीता काटकर राष्ट्रीय लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ किया तथा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश







पॉक्सो एक्ट, संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल के न्यायिक जीवन, उनके द्वारा न्याय प्रक्रिया में किए गए सराहनीय कार्यों एवं लोक अदालत की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति द्वारा किए गए कार्य आज की न्याय व्यवस्था के लिए अत्यंत सार्थक, प्रेरणादायक एवं बहुउपयोगी हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश डा0 विदुषी सिंह ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से वादकारियों को सुलभ, त्वरित एवं सस्ता न्याय प्राप्त होता है। इससे समय के साथ-साथ धन की भी बचत होती है। लोक अदालत में मामलों का निस्तारण आपसी सहमति से होने के कारण दोनों पक्षों के बीच वैमनस्यता भी समाप्त होती है। उन्होंने कहा कि सरकार भी चाहती है कि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से हो, जिससे न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ कम किया जा सके। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे अपनी पूरी ऊर्जा और निष्ठा के साथ अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कर लोक अदालत को सफल बनाएं। बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 42,037 वादों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे पूर्व इस वर्ष आयोजित पहली लोक अदालत में 13,541 तथा दूसरी लोक अदालत में 22,037 वादों का सफल निस्तारण किया जा चुका है। जनपद न्यायाधीश द्वारा अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं संबंधित विभागों से लोक अदालत में सक्रिय सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने कहा कि न्यायमूर्ति से जो अपेक्षाएं रखी गई थीं, वे संभल जनपद के हित में पूर्ण हुई हैं, जिसके लिए बार एसोसिएशन उनका आभारी है। कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरती फौजदर, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) रागिनी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर, सिविल जज (सीडी) पराग यादव व आदित्य सिंह, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) नावेद अख्तर, नाजिम अकबर, दिव्या गर्ग, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या चिंडालिया सहित समस्त न्यायिक अधिकारी एवं न्यायिक कर्मचारियों में अजय सक्सैना, पंकज शर्मा, रामकिशोर, अमित सैनी, अंशुल कुमार, रमाकांत शर्मा, अतुल चौहान, चंद्रपाल, संजीव राठौर, मयंक, रंजना शर्मा, पूजा तिवारी, सौरभ, अनामिका, अंशु राघव, लोकेश, सौरभ, प्रगति, मुरारीलाल आदि का सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत से सुलभ, त्वरित और स्थायी न्याय: न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रशासनिक न्यायमूर्ति संभल एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति ने लोक अदालत की आवश्यकता और उसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने कहा कि देश में लोक अदालत की आवश्यकता क्यों पड़ी, यह एक विचारणीय प्रश्न है।



वर्तमान समय में न्यायालयों में मुकदमों का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है, जबकि न्यायिक स्टाफ की संख्या अपेक्षाकृत कम है। ऐसे में न्याय प्रक्रिया में समय लगना स्वाभाविक है। इसके बावजूद न्यायालयों में कार्यरत न्यायिक अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मुकदमों के निस्तारण में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत एक ऐसी प्रभावी और सरल व्यवस्था है, जिसके माध्यम से कई प्रकार के मामलों का समाधान आपसी सहमति से किया जाता है। विशेष रूप से राजस्व संबंधी, बिजली विभाग से जुड़े, चेक बाउंस, बैंक से संबंधित तथा चालान आदि मामलों का निस्तारण लोक अदालत में सहर्ष और सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया जाता है। लोक अदालत में दोनों पक्ष आमने-सामने बैठकर बातचीत के माध्यम से समाधान तक पहुंचते हैं, जिससे आपसी वैमनस्यता समाप्त होती है। न्यायमूर्ति ने कहा कि लोक अदालत का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि यहां होने वाला निर्णय अंतिम होता है। लोक अदालत में निस्तारित मामलों में पक्षकारों को पुनः किसी अन्य न्यायालय में अपील करने का अवसर नहीं मिलता, जिससे विवाद का पूर्ण और स्थायी समाधान हो जाता है। यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करती है, बल्कि धन और मानसिक ऊर्जा की भी बचत करती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोक अदालत की व्यवस्था मुकदमों के समाधान की एक अत्यंत सराहनीय पहल है। इससे आम नागरिकों को सुलभ, त्वरित और सस्ता न्याय प्राप्त होता है। न्यायमूर्ति ने आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोक अदालत का लाभ उठाएं और आपसी सहमति के माध्यम से अपने विवादों का समाधान कर न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सहयोग करें।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में नौ मामलों का हुआ निस्तारण



**चन्दौसी।** शनिवार को पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र, बहजोई में साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार की उपस्थिति तथा परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक विवादों का संवाद, संवेदनशील परामर्श एवं विधिक समझ के माध्यम से सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान कुल 70 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें प्रत्येक प्रकरण की परिस्थितियों, दोनों पक्षों के कथनों एवं व्यवहारिक संभावनाओं का गहन परीक्षण किया गया। परामर्श प्रक्रिया के उपरांत 09 पत्रावलियों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। परामर्श के माध्यम से 08 दंपतियों को आपसी सहमति के आधार पर पुनः मिलाया गया, जबकि 01 पत्रावलियाँ आवेदकों द्वारा बल न दिए जाने अथवा अनुपस्थित रहने के कारण नियमानुसार समाप्त की गई।

बैठक में काउंसलर के रूप में अमन खुराना, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा एवं सीमा आर्या ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए परामर्श प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही पुलिस स्टाफ से उपनिरीक्षक महेश गंगवार, हेड कॉन्स्टेबल रश्मि गेहलोत एवं कांस्टेबल ज्योति द्वारा बैठक के सुचारू संचालन में सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया।

# ईसीसीई एजुकेटरों की कार्य अवधि को लेकर असमंजस, स्पष्ट आदेश की मांग

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों पर नियुक्त ईसीसीई एजुकेटर इन दिनों अपनी कार्य अवधि को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। एजुकेटरों का कहना है कि विभाग की ओर से उनकी प्रतिदिन की ड्यूटी अवधि को लेकर अब तक कोई स्पष्ट और लिखित दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं, इसके बावजूद कई आंगनवाड़ी केंद्रों पर उनसे निर्धारित समय से अधिक रुकने की अपेक्षा की जा रही है। इससे उन्हें मानसिक परेशानी और भ्रम का सामना करना पड़ रहा है। एजुकेटरों ने बताया कि वे शासन द्वारा सौंपे गए सभी दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन कर रहे हैं। पूर्व-बाल शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों का संचालन, बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर ध्यान, पोषण संबंधी कार्यों में सहयोग तथा आवश्यक अभिलेखों का संधारण वे नियमित रूप से कर रहे हैं। इसके बावजूद कुछ केंद्रों पर बिना किसी आधिकारिक आदेश के उनसे अतिरिक्त समय तक उपस्थित रहने को कहा जा रहा है। एजुकेटरों का कहना है कि स्पष्ट शासनादेश के अभाव में हर आंगनवाड़ी केंद्र पर अलग-अलग व्यवस्था लागू है, जिससे असमानता और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने विभाग से मांग की है कि कार्य अवधि को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि सभी केंद्रों पर एक समान व्यवस्था लागू हो सके। एजुकेटरों ने यह भी कहा कि वे विभाग के साथ सहयोग के लिए सदैव तैयार हैं, लेकिन बिना शासनादेश के अतिरिक्त समय तक कार्य करना संभव नहीं है। इस संबंध में बीएसए से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी। वहीं एबीएस देवेन्द्र कुमार ने बताया कि ईसीसीई एजुकेटरों की नियुक्ति आंगनवाड़ी केंद्रों पर की गई है और उनकी कार्य अवधि भी आंगनवाड़ी केंद्रों के अनुसार ही निर्धारित है।

# स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला आयुक्त (गाइड) संगीता भार्गव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुक्त संगीता भार्गव, मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज के प्रबंधक डॉ. अमोल कंचन, मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल, मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज गुप्ता, एम.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. पवन ठाकुर, बी.ए. विभागाध्यक्ष तेजपाल यादव, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) प्रिंस, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) मीनू भारती तथा कार्यक्रम अधिकारी मधु राठौर द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम का संचालन एस.डी. शर्मा ने किया। शिविर के तृतीय दिवस छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों ने तंबू लगाना, टेंट में रहना, स्वयं भोजन बनाना, टोली बनाकर समन्वय के साथ कार्य करना, स्काउट ताल और सीटी बजाना जैसी गतिविधियों के माध्यम से अनुशासन, सहयोग और आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और टीमवर्क विकसित करना रहा। निर्णायक मंडल में जिला आयुक्त (गाइड) संगीता भार्गव एवं डॉ. मनोज गुप्ता शामिल रहे। स्काउट-गाइड प्रशिक्षण एवं तंबू लगाने की प्रतियोगिता में टोली नंबर चार 'कल्पना चावला' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, टोली नंबर पांच 'रानी लक्ष्मीबाई' द्वितीय तथा टोली नंबर एक 'चंद्रशेखर आजाद' ने तृतीय स्थान हासिल किया।

विजेता छात्र-छात्राओं को मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चन्दौसी के प्रबंधक डॉ. अशोक यादव द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

यह प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान सिंह एवं मधु राठौर के निर्देशन में संचालित हुआ। इस अवसर पर प्रवक्ता सैम डी चंद, कविता चौधरी, पुष्पांजलि, डॉ. मुजाहिद परवीन, संदीप पाठक, रीता आर्य सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आशा वर्कर्स यूनियन ने मांगों को लेकर चिकित्सा अधीक्षक को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। शनिवार को दिए गए ज्ञापन में कहा कि आशा संगनियों का आधार भुगतान ,राज्य प्रदत्त अनुतोष राशि, प्रोत्साहन राशि, राष्ट्रीय अभियानों का प्रतिफल बकाया है,आशा संगीनियों का राज्य व केंद्र सरकार द्वारा घोषित प्रोत्साहन राशि आदि नहीं दी गई है। आशा संगनियों ने मांग उठाई कि आशा कर्मियों को न्यूनतम वेतन 21000 तथा आशा सानियों को 28000 रुपए वेतन दिया जाए। वही उनको 5G मोबाइल व इंटरनेट आदि की सुविधा भी दी जाए। निर्दोष आशा संगनियों पर दर्ज किए गए झूठे मुकदमों को वापस लिया जाए। सभी जिलों में लैंगिक उत्पीड़न रोकने के लिए कमेटी का गठन किया जाए। सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी सुनिश्चित की जाए। इसके 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा ,50 लाख का जीवन बीमा भी सुनिश्चित किया जाए। इस बीच ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष निर्मला, तहसील अध्यक्ष लता, शबनम, दीक्षा यादव ,शीला माथुर,उर्मिला देवी, इशरत जहां, नाजवीन, शाहिदा परवीन, सर्वेश कुमारी, पुष्पा देवी, रेखा शर्मा,राजरानी आदि सहित अनेकों आशाएं मौजूद रही।

# बीएमसी बैंक में कस्टमर मीट का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बॉम्बे मर्कैंटाइल को ओपरेटिव बैंक लिमिटेड की मुरादाबाद ब्राँच में कस्ट्मर मीट का आयोजन किया गया। इस मीट में बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर इमरान अमीन सिद्दीकी ने मुख्य अतिथि की हैसियत से शिरकत की।इस दौरान मौजूद बैंक के ग्राहकों द्वारा जहां कुछ समस्याएं बताई गयीं वहीं कुछ सुझाव भी दिए गए।एमडी ने समस्याओं का समाधान और सुझाव पर विचार करने का आश्वासन दिया। शहर के प्रिंस रोड वाजिद नगर स्थित बीएमसी बैंक की ब्रांच में विगत दिन आयोजित कस्ट्मर मीट में मुरादाबाद पहली बार तशरीफ लाये एमडी इमरान अमीन सिद्दीकी के साथ चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अवनींद्र कुमार सिंह और एरिया हैड नागेंद्र कुमार मालवीय का बैंक अधिकारियों व पुराने ग्राहकों ने बुके देकर इस्तकबाल किया।मीट में कुछ ग्राहकों द्वारा नेट बैंकिंग की सुविधा के साथ साथ स्थानीय बैंक मैनेजर को ज्यादा आर्थिक पावर और एकाउंट खोलने की स्थानीय स्तर पर मंजूरी आदि दिए जाने के सुझाव दिये। एमडी ने कहा कि अभी उन्हें बीएमसी बैंक में जिम्मेदारी सम्भाले हुए मात्र दस महीने ही हुए है।उनकी कोशिश है कि ग्राहकों को



ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।ग्राहकों से मजबूत रिश्ता और मुरादाबाद में पुराने मेजर ग्राहकों की वापिस लाना चाहते है।

ग्राहकों को नेट बैंकिंग सुविधा और अन्य सुविधाएं जल्द मिले,इसके लिए कोशिश की जा रही है।उन्होंने बताया कि मुरादाबाद ब्राँच जल्द ही एक बड़े ग्राउंड परिसर में नजदीक मे ही शिफ्ट होने जा रही है ताकि उम्र दराज लोगो को बैंक आने में परेशानी का सामना न करना पड़े।बैंक अपने ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराए यही बैंक प्रबंधन की प्राथमिकता है।इस दौरान बैंक के स्थानीय मैनेजर मो फैज खान, सीनियर ऑफिसर जफर हुसैन रिजवी,लोन इंचार्ज सहर फातिमा,अब्बास मौलाई के अलावा शिया इमाम अल्लामा अली हैदर नूरी,शफात अहमद खान,जीशान अहमद खान,राजकुमार अरोरा,गुफरान माजिद एड,जमील अख्तर शम्सी,हाजी मन्नू कुरैशी, सीए मो तारिक,हसन जैदी एड,डॉक्टर ए ए अशरफी,डॉक्टर शुजाउद्दीन, मो अली आब्दी,शारिक सिद्दीकी, मो नौशाद, जिया सिद्दीकी, जाकिर अली बेग व बैंक का समस्त स्टाफ आदि मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश उर्दू एकेडमी के पूर्व मेम्बर सय्यद मो हाशिम ने निजामत के फराइज अंजाम दिए।आभार बैंक मैनेजर मो फैज खान ने व्यक्त किया।

## एक नजर

### नायब तहसीलदार ने थाना समाधान दिवस में सुनी लोगों की शिकायतें



**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना समाधान दिवस का आयोजन आज क्षेत्र के थाना छजलैट और कांठ में किया गया कांठ थाने में नायव तहसीलदार योगेश शर्मा और अपराध निरीक्षक ने लोगों की शिकायतों को सुना इस दौरान लोगों ने डोल मेंड़ आदि से संबंधित कई शिकायत दर्ज कराई। जिनमें कुछ का निस्तारण करते हुए बाकी शिकायतो के निस्तारण को एक सप्ताह में किए जाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर अपने अपने हल्को के उप निरीक्षक कानून गो और लेखपाल आदि मौजूद रहे।

### बिलारी में तीन कॉलेजों में कड़ी सुरक्षा में हुई जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा



**बिलारी।** पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 के लिए प्रवेश परीक्षा रामरतन इंटर कॉलेज, शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज और पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट में 11:30 से 1:30 बजे तक हुई जिसमें कुल पंजीकृत 635 में से 248 अनुपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी ने सटल डालकर तौर पर तीनों केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी जगह पुलिस की कड़ी सुरक्षा रही अनाधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश नहीं दिया गया।

### बसपा की ओर से बनाए गए बीएलए के फॉर्म को किया चेक

**बिलारी।** बिलारी विधानसभा के गांव हरोरा के बूथ संख्या 196- 197 पर बहुजन समाज पार्टी की ओर से बनाए गए बीएलए के द्वारा भरवाए गए फॉर्म को चेक किया गया। इस मौके पर हरोरा गांव में जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर, जिला सचिव करतार सिंह, जिला महासचिव राधेश्याम पाल,सदस्य जिलाकार्यकारिणी राजेश सागर, विधानसभा अध्यक्ष रन सिंह भारती, विधानसभा सचिव राम खिलाड़ी,तहसील अध्यक्ष अंबेडकर युवक संघ डॉक्टर जगतपाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, डॉक्टर विजयदीप, सतीश कुमार, जितेंद्र सिंह, मोहन सिंह आदि सहित अनेको मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि बीएलए प्रत्येक बूथ पर नियुक्त किए गए हैं। जो संतोषजनक कार्य कर रहे हैं। आज विधानसभा में बीएलओ से मिलकर फॉर्म की जांच भी की गई,सभी अपना पूर्ण सहयोग कर रहे हैं।

### महिला की शिकायत पर कई के खिलाफ एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महिला की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश से पुलिस ने कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।मुजफ्फरपुर टांडा निवासी नेहा सिंह चौहान पत्नी अरविंद सिंह चौहान का कहना था कि उसके देवर अर्जुन सिंह पुत्र कैलाश चंद्र, सुहानी पत्नी अर्जुन सिंह ने बलपूर्वक उसकी भूमि व घर में कब्जा कर रखा हैं।

वह उसको आए दिन परेशान करते हैं उसके हिस्से की भूमि को मांगने पर गाली गलौज करते हैं तथा जान से मारने की धमकी देते हैं खेती से उत्पन्न हुआ अनाज भी अपने कब्जे में रख लिया है थाना कांठ में शिकायती प्रार्थना पत्र भी उसके द्वारा दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसकी वजह से विपक्षीगणों का मनोबल बढ़ा हुआ है पीड़िता फिर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची और अपनी परेशानी उन्हें बताइ एसएसपी के आदेश से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष घोषित करने पर जताया भाजपा का आभार

**कांठ( शाह टाइम्स )** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की सदस्य एवं



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चे से पूर्व जिला उपाध्यक्ष फहमीदा सुल्तान ने पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंकज चौधरी लोकसभा महाराजगंज से सात बार सांसद रहे वह बहुत नेक दिल इंसान है और वह उन्हें अपना आदर्श मानती है उन्होंने कहा कि श्री चौधरी के निर्देशन में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में नए आयाम कायम करेगी। बताया कि निर्विरोध चयन किया जाना यही भारतीय जनता पार्टी की पहचान है।

### चामुंडा की जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया गन्ने की फसल कान्हा गो शाला पहुंचाई



**छजलैट।** शेखुपुरा में तहसील प्रशासन, नायाब तहसीलदार, लेखपाल, थाना छजलैट पुलिस और ग्राम प्रधान ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चामुंडा की जमीन से अवैध कब्जा हटाया। गांव के राजवीर पुत्र मुख्तयार द्वारा करीब एक बीघा गाटा 228 पर अवैध कब्जा कर गन्ने की फसल बो रखी थी, जिसे कब्जे मुक्त कराकर गन्ने की फसल को कान्हा गो शाला गोविंदपुर पहुंचाया गया।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें,
अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com



नई दिल्ली। इंडिया गेट के पास स्थित कर्तव्य पथ धुंध से घिरे हुए दृश्य के बीच सैर करते लोग।

## यमन में अलगाववादियों के हमले में 30 से अधिक सैनिक मारे गए

सना। पूर्वी यमन के हद्रमाउत प्रांत में अलगाववादी बलों के हमले में 30 से अधिक यमनी सैनिक मारे गए। सेना के जनरल स्टाफ ने आधिकारिक समाचार एजेंसी सना से बात करते हुए अलगाववादी बलों पर आरोप लगाया कि वे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए घायलों को मार रहे हैं और कैदियों को फांसी दे रहे हैं। जनरल स्टाफ ने शुक्रवार को कहा कि अलगाववादियों के हमले में कम से कम 32 यमनी अधिकारी और सैनिक मारे गए, जबकि 45 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी और सैनिक अभी भी लापता हैं। जनरल स्टाफ ने अलगाववादियों पर हद्रमाउत को अस्थिर करने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अधिकारियों के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में राजनीतिक प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए तेल-समृद्ध पूर्वी प्रांत पर कब्जा करने का आरोप लगाया।

## यूक्रेन में संघर्ष समाप्ति के नजदीकः अलेक्जेंडर स्टब

**हेलसिकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा है कि यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन क्रिसमस से पहले रूस और यूक्रेन के बीच चले आ रहे संघर्ष का कोई न कोई समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं और वहां शांति की संभावना पहले से कहीं ज्यादा है। स्टब ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम पिछले चार वर्षों में किसी भी समय की तुलना में शांति या अंतिम परिणाम के अधिक नजदीक हैं। उन्होंने कहा कि यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन क्रिसमस से पहले 'किसी प्रकार का समाधान' निकालने का प्रयास कर रहे हैं, हालांकि उन्होंने विशिष्ट चर्चाओं पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री ने पहले कहा था कि यूक्रेनी संघर्ष के लिए यूरोप के पास कोई स्वतंत्र समाधान नहीं है।

# कोठरी में इमरान को एकांत कारावास

## संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस एडवर्ड्स ने जताई चिंता, कहाः यह यातना के बराबर



■ इमरान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिएः एडवर्ड्स

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस जिल एडवर्ड्स ने आज पाकिस्तान सरकार से आग्रह किया है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में स्थिति को लेकर आ रही रिपोर्ट्स पर तत्काल और प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी परिस्थितियां यातना या अन्य अपमानवीय या अपमानजनक व्यवहार के बराबर मानी जा सकती हैं।

एडवर्ड्स ने कहा मैं पाकिस्तानी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील करती हूं कि इमरान खान की हिरासत की शर्तें पूरी तरह से अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों और मानकों के अनुरूप हों। उन्होंने बताया कि 26 सितम्बर 2023 को रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित होने के बाद से इमरान खान को लंबे समय तक एकांत कारावास में रखा गया है। उन्हें दिन में 23 घंटे कोठरी में बंद रखा जाता है और बाहरी दुनिया से उनका संपर्क बेहद सीमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि खान को उनकी कोठरी में कथित तौर पर लगातार कैमरे की निगरानी में रखा जाता है। विशेषज्ञ ने इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत लंबे समय तक एकांत कारावास प्रतिबंधित है और अगर यह 15 दिनों से अधिक समय तक हो जाता है, तो इसे यातना का एक रूप माना जाता है। एडवर्ड्स ने कहा, इमरान खान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिए। यह न केवल एक गैरकानूनी उपाय है, बल्कि लंबे समय तक एकांत कारावास से उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत हानिकारण परिणाम हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, इमरान खान को कोठरी से बाहर गतिविधि करने या अन्य कैदियों से मिलने की अनुमति नहीं है और सामूहिक नमाज में भी शामिल नहीं हो सकते। वकीलों, परिजनों और अदालत की ओर से अधिकृत अन्य लोगों की मुलाकातें अक्सर रोक दी जाती हैं या समय से पहले खत्म हो जाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान एक छोटी सी कोठरी में रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी और पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं है। इस कोठरी में गर्मियों और सर्दियों में तापमान चरम सीमा तक पहुंच जाता है और खराब हवा के कारण दुर्गंध और कीट-मकौड़े की समस्या होती है। इसके कारण उन्हें मतली, उल्टी और वजन कम होने की शिकायत रही है। एडवर्ड्स ने कहा, जो कोई भी कैदी है, उसके साथ मानवता और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। कैदी की उम्र और स्वास्थ्य स्थिति का ध्यान रखा जाना चाहिए, जिसमें उचित सोने की व्यवस्था, जलवायु संरक्षण, पर्याप्त जगह, रोशनी, गर्मी और वेंटिलेशन शामिल हैं।

# भारत से टैरिफ हटाओ, यह गैर-कानूनी

## अमेरिकी सांसद बोलेः इसका नुकसान आम अमेरिकी नागरिक भुगत रहे, 3 सांसदों ने प्रस्ताव पेश किया




■ कहाः टैरिफ अमेरिका के लिए नुकसानदेह, इससे सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिकी नागरिकों को हो रहा

**वाशिंगटन।** तीन अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर लगाए भारी-भरकम टैरिफ को चुनौती दी है। ये सांसद हैं डेबोरा रास, मार्क वीजी और राजा कृष्णमूर्ति। इन्होंने अमेरिकी संसद में एक प्रस्ताव पेश किया है जिसका मकसद भारत से आने वाले सामान पर लगाए जाने 50 प्रतिशत टैरिफ को हटाना है। सांसदों का कहना है कि ये टैरिफ गैर-कानूनी हैं।

अमेरिका के लिए नुकसानदेह हैं और इसका सबसे ज्यादा नुकसान आम अमेरिकी नागरिकों को हो रहा है। सांसद डेबोरा रास ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। सांसद डेबोरा रास ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। डेबोरा रास ने कहा कि उनके राज्य नार्थ कैरोलिना में भारत से बहुत निवेश आता है, हजारों नौकरियां भारतीय कंपनियों से जुड़ी हैं, ये टैरिफ उस रिश्ते को चोट पहुंचा रहे हैं। मार्क वीजी ने इसे 'आम अमेरिकियों पर अतिरिक्त टैक्स' बताया।

उन्होंने कहा कि सामान महंगा हो जाने से आम लोगों की जेब पर बोझ पड़ रहा है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि ये टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं, अमेरिकी मजदूरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत से रिश्ते मजबूत करने चाहिए, बिगाड़ने नहीं। यह प्रस्ताव सिर्फ भारत के टैरिफ तक सीमित नहीं है। सांसदों का कहना है कि ट्रम्प लगातार अधिकारों का इस्तेमाल करके एकतरफा तरीके से टैरिफ लगा रहे हैं, जबकि व्यापार नियम बनाने का असली अधिकार अमेरिकी संसद के पास है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत पर टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं। अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रम्प कई बार यह दावा कर चुके हैं कि, भारत के तेल खरीद से मिलने वाले पैसे से रूस, यूक्रेन में जंग को बढ़ावा देता है। ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगा चुके हैं। इसमें 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से और पेनल्टी 27 अगस्त से लागू हुआ। पिछले कुछ महीनों में, भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ता काफी खटास भरा रहा। अमेरिका ने भारत के हाई टैरिफ और ट्रेड घाटे की वजह से टैरिफ लगाया है। इस वजह से दोनों देशों को एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट में परेशानी हुई थी। अमेरिका को लगता है कि दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलित है। भारत, अमेरिका को ज्यादा चीजें बेचता है और अमेरिका, भारत को उतनी चीजें नहीं बेच पाता। इस अंतर को कम करने के लिए भी यह टैरिफ लगाया गया है। अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर का कहना है कि भारत ने एग्रीकल्चर सेक्टर को लेकर अब तक का 'सबसे अच्छा आफर' दिया है। आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी किसानों को भारत के बाजारों तक ज्यादा पहुंच मिले, इसके लिए बातचीत की जा रही है। खासकर ज्वार और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए घरेलू मार्केट खोलने पर चर्चा हो रही है। ग्रीयर ने बताया कि अमेरिकी बातचीत टीम इस समय नई दिल्ली में है और कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही है।

## ब्राजील ने ट्रम्प से अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क निलंबित करने को कहा

**साओ पाउलो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से ब्राजीलियाई उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क को तब तक के लिए निलंबित करने का आग्रह किया है, जब तक दोनों देशों के बीच विवाद सुलझाने के लिए उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता जारी है। उपराष्ट्रपति और विकास, उद्योग, व्यापार एवं सेवा मंत्री जेराल्डो अल्कमिन ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति ने कहा है कि बातचीत जारी रहने तक आयात शुल्क पर फैसला रोक दिया जाए। हमें इंतजार करना होगा। अल्कमिन ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन के मूल आयात शुल्क दायरे को कम करने के फैसले के बाद ब्राजील और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय बातचीत 'लगातार आगे बढ़ रही है'। कार्यकारी आदेश के जरिए शुरुआती कदम में करीब 4000 ब्राजीलियाई उत्पादों पर कुल 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था, जिससे बड़े स्तर पर निर्यात प्रभावित हुए थे।

## ईरान में नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी गिरफ्तार, बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं

**तेहरान।** ईरान में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट नरगिस मोहम्मदी को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। नगरिस मशहद शहर में एक्टिविस्ट खोसरो अलिकोरदी की एक शोक सभा में शामिल होने गई थीं, जहां उन्हें पकड़ लिया गया। अलिकोरदी पिछले हफ्ते अपने दफ्तर में मृत पाए गए थे। ईरानी अधिकारियों ने उनकी मौत को दिल का दौरा बताया है, लेकिन इस पर शक जताया जा रहा है। अलिकोरदी इसके विरोध में बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नरगिस मोहम्मदी के भाई मेहदी, जो उस कार्यक्रम में मौजूद थे, ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। परिवार का कहना है कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया और कई लोगों के साथ मारपीट की गई। अभी तक यह साफ नहीं है कि नरगिस मोहम्मदी को कहां रखा गया है। नोबेल कमेटी ने नरगिस मोहम्मदी की गिरफ्तारी पर गंभीर चिंता जताई है। नरगिस मोहम्मदी को 2023 में ईरान में महिलाओं पर हो रहे दमन के खिलाफ संघर्ष और मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था।

## गैरकानूनी है एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की फीस

■ सियासी व कानूनी बहस का बड़ा मुद्दा बना, ट्रम्प के फैसले के खिलाफ 20 अमेरिकी राज्य पहुंचे कोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क को लेकर ट्रम्प प्रशासन का हालिया फैसला अमेरिका में सियासी और कानूनी बहस का बड़ा मुद्दा बन गया है। ट्रम्प प्रशासन की तरफ से एच-1बी वीजा पर एक लाख डालर की भारी-भरकम फीस लगाने के फैसले के खिलाफ अब खुद अमेरिका के 20 राज्यों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में राज्यों का कहना है कि यह फैसला गैरकानूनी है और इससे स्कूलों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाओं में स्टाफ की कमी और गंभीर हो जाएगी।

बता दें कि यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट (डीएसएस) की उस नीति के खिलाफ है, जिसमें एच-1बी वीजा के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों से बहुत ज्यादा फीस लेने की बात कही गई है। एच-1बी वीजा का इस्तेमाल आमतौर पर अस्पताल, विश्वविद्यालय और सरकारी स्कूल जैसे संस्थान करते हैं, ताकि वे विदेश से कुशल कर्मचारियों को रख सकें। राज्यों ने ट्रम्प के इस फैसले के खिलाफ कोर्ट में दलील दी है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला प्रशासनिक प्रक्रिया कानून का उल्लंघन करता है। राज्यों ने इस बात पर भी जोर दिया कि ट्रंप प्रशासन का ये फैसला अमेरिकी संविधान के भी खिलाफ है। कांग्रेस ने कभी भी इतनी ज्यादा फीस लगाने की अनुमति नहीं दी। राज्यों ने कहा कि पहले एच-1बी वीजा की फीस सिर्फ सिस्टम चलाने के खर्च तक सीमित रहती थी।

अभी तक एच-1बी वीजा के लिए कंपनियों को कुल मिलाकर 960 डालर से 7595 डालर तक फीस देनी पड़ती है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला कांग्रेस की सीमा से बाहर जाकर लिया गया है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं राज्यों के अटार्नी जनरल्स ने चेतावनी दी है कि इस नई फीस से टीचरों और डाक्टरों की कमी और गंभीर हो जाएगी। 2024-25 के स्कूल वर्ष में अमेरिका के 74 प्रतिशत स्कूल जिलों ने माना कि उन्हें खाली पद भरने में दिक्कत हो रही है।

## फ्रांस में 'लम्पी रोग' के कारण पशुओं के मारे जाने के विरोध में सड़कों पर उतरे किसान

**पेरिस।** दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में किसानों ने 'लम्पी स्किन रोग' के कारण बड़े पैमाने पर पशुओं के मारे जाने के सरकार के आदेश के विरोध में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक प्रमुख सड़कों को जाम कर दिया। नाराज किसानों ने न केवल ट्रैक्टरों से सड़कों की नाकेबंदी कर दी, बल्कि भूसे के गट्ठरों में भी आग लगा दी। पुलिस ने नाराज भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, तो दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। यह विरोध प्रदर्शन फ्रांस के कृषि क्षेत्र में बढ़ती नाराजगी को दर्शाता है, जो पहले से ही पशु स्वास्थ्य संकटों और लगातार बढ़ते आर्थिक तनाव से गुजर रहा है।

## पाकिस्तान में पहली बार संस्कृत, गीता पढ़ेंगे बच्चे

■ लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पहली बार बच्चे संस्कृत पढ़ेंगे और हिंदू धर्म ग्रंथ गीता का अध्ययन करेंगे। दरअसल लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठयक्रम का हिस्सा बनाया है।

आजादी के 77 साल बाद यह कदम पाकिस्तान में शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा। संस्कृत कोर्स की शुरुआत एक साप्ताहिक कार्यशाला से हुई थी, जो अब कोर्स में बदल गई है। एलयूएमएस अब महाभारत और भगवद्गीता पर अलग कोर्स शुरू करने की तैयारी में है। इस प्रयास से पाकिस्तान में संस्कृत के विद्वान तैयार होंगे। गुरमानी सेंटर के निदेशक डा. अली उस्मान कासमी और एफसी कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. शाहिद रशीद विभागाध्यक्ष हैं। डा. रशीद मुख्य रूप से संस्कृत व्याकरण और शास्त्रीय साहित्य पढ़ाते हैं। शुरुआत में छात्र कठिनाई महसूस कर रहे थे, फिर संस्कृत की तार्किक संरचना समझी और विषय में उनकी रुचि बढ़ गई। छात्र हैरान हो गए कि उर्दू और अन्य स्थानीय भाषाओं के कई शब्द संस्कृत से आए हैं।

## फ्रांस में गिरफ्तार रूस की कथित जासूस ने कहा दुनिया भर से मिल रहा समर्थन

**मॉस्को।** जासूसी के शक में फ्रांस में गिरफ्तार की गई रूसी-फ्रांसीसी नागरिक ऐना नोविकोवा ने एक पत्र में कहा है कि उन्होंने हिम्मत नहीं हारी है और उन्हें अलग-अलग देशों से समर्थन पत्र मिले हैं। रूसी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने इस खत तक पहुंच होने का दावा करते हुए यह बात कही है। इससे पूर्व, ल पेरिसियन अखबार ने 25 नवम्बर को एक रिपोर्ट में कहा था कि फ्रांसीसी खुफिया सेवाओं ने नोविकोवा सहित एसओएस डोनबास संगठन के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। यह संगठन डोनबास के निवासियों को मदद देता है।

# कश्मीर मुद्दे पर ब्रिटिश सरकार ने स्पष्ट किया रुख

## संसद में कहाः ये भारत-पाकिस्तान का मसला

■ यह सिद्धांत हमारे राजनयिक दृष्टिकोण और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान का आधार है

■ बहस के दौरान लेबर सांसद बैरी गार्डिनर ने सीमा-पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया


**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने इस हफ्ते वेस्टमिंस्टर हाल में हुई संसदीय बहस के दौरान कश्मीर मुद्दे पर अपना पुराना और स्पष्ट रुख दोहराया, कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का मसला है और इसका हल कश्मीरियों की इच्छा को ध्यान में रखकर ही निकलना चाहिए। यह बहस 'कश्मीर' स्वभाग्यनिर्णय विषय पर हुई, जिसे पाकिस्तानी मूल के लेबर सांसद इमरान हुसैन ने आगे बढ़ाया था। उन्होंने सरकार से पूछा कि कश्मीर मसला द्विपक्षीय है या अंतर्राष्ट्रीय।

इस पर विदेश, राष्ट्रमंडल व विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के मंत्री हैमिश फाल्कनर ने कहा कि मैं यूके सरकार की लंबे समय से चली आ रही नीति दोहराता हूं, कश्मीर पर स्थायी समाधान भारत और पाकिस्तान को ही निकालना है, और इसमें कश्मीरियों की इच्छाओं का सम्मान जरूरी है। यह सिद्धांत हमारे राजनयिक दृष्टिकोण और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान का आधार है। मंत्री ने बताया कि यह इस साल यूके संसद में कश्मीर पर चौथी बहस है। उन्होंने कहा कि कश्मीर दक्षिण एशिया की सबसे संवेदनशील और लंबे समय से चली आ रही जटिल चुनौतियों में से एक है, जहां इतिहास, पहचान और भू-राजनीति एक-दूसरे से टकराते हैं। फाल्कनर ने चेताया कि चूंकि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु संपन्न देश हैं, इसलिए किसी भी तरह की गलतफहमी या तनाव बढ़ने के बड़े वैश्विक असर हो सकते हैं। इसी वजह से ब्रिटेन 'तटस्थ रुख' रखते हुए संवाद और मानवाधिकारों के सम्मान की अपील करता है। इस बहस के दौरान लेबर सांसद बैरी गार्डिनर ने सीमा-पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया और कहा कि ज्यादातर आतंकी कैंप पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया टेररिज्म पोर्टल के अनुसार पाकिस्तान में 42 और पीओके व गिलगित-बाल्टिस्तान में 21 आतंकी प्रशिक्षण शिविर दर्ज हैं। इस पर फाल्कनर ने कहा कि यह दक्षिण एशिया के लिए दुखद है कि पड़ोसी देश एक-दूसरे पर आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगाते हैं। यूके इस मुद्दे पर मदद करना चाहता है क्योंकि इसी कारण हाल में रिश्तों में सबसे बड़ी दरार पड़ी है। पूर्व ब्रिटिश पीएम जेरेमी कार्बिन समेत कुछ लेबर सांसदों ने कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बढ़ाने की मांग की। इस पर मंत्री फाल्कनर ने कहा कि यूएन की भूमिका को लेकर भारत और पाकिस्तान में हमेशा मतभेद रहे हैं। अलग-अलग समय पर दोनों देशों ने यूएन दखल को कभी सही तो कभी गलत बताया है।

# पाकिस्तान में रणवीर सिंह-अक्षय खन्ना पर FIR की मांग

## खाड़ी देशों में बैन के चलते धुरंधर की रिलीज अटकी



■ फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कराची की एक अदालत में भारतीय फिल्म 'धुरंधर' के खिलाफ शुक्रवार को एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि फिल्म में पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के झंडे और पार्टी रैलियों के फुटेज का बिना अनुमति इस्तेमाल किया गया है।

इसके साथ ही फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है। यह याचिका पीपीपी के कार्यकर्ता मोहम्मद आमिर ने कराची के डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट (साउथ) में दाखिल की है। याचिका में मांग की गई है कि फिल्म के निर्देशक, निर्माता, कलाकार और फिल्म के प्रचार व निर्माण से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। याचिका में फिल्म के लीड एक्टर रणवीर सिंह समेत अन्य कलाकार संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, सारा अर्जुन और राकेश बेनी, निर्देशक आदित्य धर, निर्माता लोकेश धर और ज्योति किशोर देशपांडे के नाम शामिल हैं। इस फुटेज को लेकर सबसे ज्यादा विवाद है। इसमें दिवंगत पीएम बेनजीर भुट्टो की तस्वीर इस्तेमाल की गई है। इसके अलावा पाकिस्तान और पीपीपी का झंडा इस्तेमाल किया गया है। इस फुटेज को लेकर सबसे ज्यादा विवाद है। इसमें दिवंगत पीएम बेनजीर भुट्टो की तस्वीर इस्तेमाल की गई है। इसके अलावा पाकिस्तान और पीपीपी का झंडा इस्तेमाल किया गया है। याचिकाकर्ता के अनुसार, फिल्म के आधिकारिक ट्रेलर में बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों और पीपीपी से जुड़े दृश्य बिना किसी कानूनी अनुमति के दिखाए गए हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि फिल्म में पीपीपी को आतंकियों के प्रति सहानुभूति रखने वाली पार्टी के रूप में पेश किया गया है। साथ ही कराची के लियारी इलाके को 'आतंकियों का युद्ध क्षेत्र' बताया गया है, जो याचिकाकर्ता के मुताबिक मानहानिकारक, भ्रामक और पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है। फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत की भूमिका में है, जिसे पीपीपी पार्टी का समर्थन हासिल है। फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत की भूमिका में है, जिसे पीपीपी पार्टी का समर्थन हासिल है। मोहम्मद आमिर ने कहा कि यह फिल्म पीपीपी, उसके नेताओं और समर्थकों के खिलाफ नफरत फैलाने, अपमान करने और उकसाने का काम करता है। उन्होंने पाकिस्तान दंड संहिता की धाराओं 499, 500, 502, 504, 505, 153-ए और 109 का हवाला दिया है। ये धाराएं मानहानि, आपराधिक धमकी, दंगा भड़काने और विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी फैलाने से जुड़ी हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि उन्होंने पहले दरख्शां थाने के एसएचओ को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने न तो मामला दर्ज किया और न ही कोई कानूनी कार्रवाई की।

## रूस की अचल संपत्तियों के हस्तांतरण पर रोक

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) परिषद ने शुक्रवार को यूक्रेन में चल रहे संघर्ष का हवाला देते हुए रूस के केंद्रीय बैंक से संबंधित अचल संपत्तियों के किसी भी हस्तांतरण को प्रतिबंधित करने का फैसला किया है। परिषद ने एक बयान में कहा कि यह फैसला ईयू की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान को सीमित करने के लिए तत्काल आधार पर लिया गया। बयान में कहा गया है कि यह उपाय रूस के केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों या भंडार के किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हस्तांतरण के साथ-साथ 'रूस के केंद्रीय बैंक की ओर से या उसके निर्देश पर कार्य करने वाले किसी भी कानूनी व्यक्ति, संस्था या निकाय' से जुड़े लेनदेन पर प्रतिबंध लगाता है।

## ट्रम्प के संघर्ष रोकने का दावा फेल

■ थाई सेना ने सीमा पर फिर बरसाए बम इमारतें-पुल तबाह

**बैंकाक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीज जारी सीमा संघर्ष में आयदिन नए-नए मोड़ सामने सामने आ रहे है। एक तरफ जहां बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि वो एक फोन पर ये संघर्ष रुकवा देंगे।

वहीं दूसरी ओर ताजा अपडेट ये है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर हमले और तेज होते नजर आ रहे हैं। आज यानी शनिवार को भी थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया सीमा के पास हवाई हमला किया। जानकारी के मुताबिक, थाई वायुसेना ने दो एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल करते हुए कई ठिकानों पर बम गिराए। मीडिया रिपोर्टस की माने तो स्थानीय समयानुसार शनिवार की सुबह 5:50 बजे, थाई सेना ने कंबोडिया के पश्चिमी प्रांत बट्टमबोंग के त्मोर दा शहर के एक होटल की इमारत को निशाना बनाकर एक बम गिराया। इसके पांच मिनट बाद, 5:55 बजे उसी इलाके में एक और होटल इमारत पर बमबारी की गई। इस हमले के बाद थाई सेना के हमले का रुख पुलों की ओर हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सुबह 6:02 बजे थाई सेना ने चेई चोम्नास पुल पुल को नष्ट करने के लिए एक बम गिराया। 6:07 बजे उसी पुल पर दूसरा बम गिराया गया। फिर 6:12 बजे, चेई चोम्नास के पुराने पुल (ओल्ड ब्रिज) को निशाना बनाते हुए एक और बम गिराया गया।



# 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई धुरंधर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 207 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, बी 62 स्टूडियोज के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर को क्रिटिक्स और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसका असर फिल्म के कलेक्शन पर भी देखने को मिला। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने धमाल मचा दिया है। धुरंधर की खास बात है कि इसमें रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना और के किरदार को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म धुरंधर ने पहले दिन भारतीय बाजार में 28 करोड़ रुपए, दूसरे दिन 32 करोड़ रुपए, तीसरे दिन 43 करोड़, चौथे दिन 23-25, पांचवे दिन 27 करोड़ और छठे दिन 27 करोड़ की जबरदस्त कमाई की है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म धुरंधर ने सातवें दिन 27 करोड़ का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 207 करोड़ रुपये दे अधिक की कमाई कर ली है।

## धुरंधर में रणवीर सिंह के जबरदस्त अभिनय से प्रभावित हुए राकेश बेदी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता राकेश बेदी ने रणवीर सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि इस पीढ़ी में उनके जैसा काम किसी और ने नहीं किया है। राकेश बेदी ने रणवीर सिंह के साथ धुरंधर में काम किया है। राकेश बेदी ने कहा कि रणवीर ने कितने तरह का काम किया है।

आप खुद देखिए, जो रोल रणवीर ने किए हैं, क्या किसी और बड़े एक्टर ने वैसे रोल निभाए हैं? इतनी लगन के साथ, इतनी अलग-अलग किस्म के किरदार बहुत कम लोग कर पाते हैं। उन्होंने हर रोल को पूरे जोश और अलग अंदाज में किया है, चाहे वो बाजीराव हो या खिलजी हर किरदार में वो बिल्कुल नए रूप में नजर आए हैं। हर नए किरदार के साथ रणवीर यह साबित करते जा रहे हैं कि एक लीडिग एक्टर क्या-क्या कर सकता है। जैसे-जैसे धुरंधर के लिए तालियां और तेज होती जा रही हैं, वैसे-वैसे राकेश बेदी की बात और भी सच लगती है, इस पीढ़ी में किसी और लीड एक्टर ने रणवीर जैसा काम नहीं किया है, न इतनी मेहनत के साथ, न इतनी वर्सेटिलिटी के साथ और न ही ऐसे जबरदस्त सिनेमाई असर के साथ।

## शिल्पी व माही का भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा रिलीज

**मुंबई।** गायिका शिल्पी राज और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा रिलीज हो गया है। शिल्पी राज और माही श्रीवास्तव की जोड़ी में आया भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने रिलीज किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी गाना 'दिलवा में रखिहा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को शिल्पी राज ने अलग अंदाज में गाया है।







# जान्हवी व सैनन ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** वर्ष 2025 में बिग स्क्रीन पर जान्हवी कपूर, यामी गौतम, तृप्ति डिमरी, कृति सैनन, रश्मिका मंदना और अनीत पड्डा समेत कई अभिनेत्रियों ने जलवा बिखेरा। वर्ष 2025 उन अदाक. ाराओं का साल रहा जिन्होंने सिर्फ अभिनय नहीं किया, बल्कि पर्दे पर पूरी तरह अपना साम्राज्य जमाया। जान्हवी कपूर के लिए 2025 एक निर्णायक साल रहा, एक ऐसा मोड़ जहां उन्होंने बड़े पर्दे पर पूरी कमान अपने हाथ में ली थी। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में जिस तरह उन्होंने अपनी धमाकेदार कमर्शियल एनर्जी और बेहतरीन कॉमिक टाइमिग के साथ स्क्रीन पर चमक उठी, उसने उनके बढ़ते बॉक्स-ऑफिस आकर्षण को और मजबूत किया। इसके बाद परम सुंदरी में उनकी स्टाइलिश, कॉन्फिडेंट रोम-कॉम स्टार पर्सोना को और निखारा, यह एक ऐसी चमक थी, जिसने उन्हें कमर्शियल स्टार बना दिया। इसके अलावा होमबाउंड में उनका रॉ, सच्चाई और दर्द से भरे अभिनय ने सबका दिल छू लिया। इस तरह इस साल रिलीघ हुई अपनी इन तीनों फिल्म से उन्होंने सिर्फ अपना रेंज नहीं दिखाया, बल्कि अपनी असरदार मौजूदगी का जोरदार ऐलान किया। उन्होंने बता दिया कि अब वे सिर्फ उभरती नायिका नहीं, बल्कि अपनी पीढ़ी की सबसे प्रभावी थिएट्रिकल कलाकारों में मजबूती से खड़ी नायिका हैं। यामी गौतम हमेशा से असरदार नायिका की छवि अपने दर्शकों को परोसती आई हैं, और फिल्म हक् उनकी इस ताकत को और बढ़ाकर सामने लाता है। इस फिल्म में उनका अभिनय दृढ़ता, ईमानदारी और भावनात्मक स्पष्टता पर टिका है। यामी कहानी की धड़कन और उसकी आत्मा, दोनों हैं। हालांकि सच पर टिके किरदारों में वे हमेशा से चमकदार रही हैं, लेकिन हक् ने इसे और आगे बघया है। सिर्फ यही नहीं अपनी फिल्मों के चुनाव से इस बार भी उन्होंने साबित किया कि वे वे शोर नहीं, मायने चुनती हैं। यही वजह है कि हक् उन्हें हिदी सिनेमा की सबसे भरोसेमंद और प्रभावशाली नाटकीय अभिनेत्रियों में स्थाई जगह देती है। इंडस्ट्री की सबसे प्रभावशाली प्रतिभाओं में गिनी जानेवाली तृप्ति डिमरी ने धड़क 2 से अपने अभिनय का रेंज दिखाया है, उसने उन्हें मुख्यधारा वाले स्पेस में स्थापित कर दिया है। प्यार, दिल टूटने, संघर्ष और जज्बे से भरी कहानी को वे ऐसी ईमानदारी से निभाती हैं कि दर्शक उनकी हर छोटी-बड़ी बारीकी को महसूस करते हैं। धड़क 2 उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ की तरह है, और साबित करता है कि वे बड़े स्तर की कहानियां भी आसानी से संभाल सकती हैं, वो भी बिना अपनी भावनात्मक संवेदनशीलता खोए, पूरी सच्चाई के साथ। अपनी हालिया रिलीज फिल्म तेरे इश्क में कृति सेनन ने मुक्ति का काफी चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है, जिसे कृति खुद अपने द्वारा अब तक का निभाए गए किरदारों में सबसे जटिल और भावनात्मक रूप से मुश्किल किरदार कहा है। कृति के शब्दों में इस भूमिका ने उन्हें काफी चुनौती दी और इसमें बहुत सारी अनकही भावनाओं को दर्शाना था, जो कठिन, दिलचस्प था। यही वजह है कि कई दर्शकों ने उनके काम की काफी तारीफ की है। कुछ ने तो सोशल मीडिया पर इसे उनके करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस तक कहा है। रश्मिका मंदाना वर्ष 2025 में दो दमदार थिएट्रिकल फिल्मों के साथ आई थीं, जिनमें एक भव्य ऐतिहासिक ड्रामा छावा और दूसरी जॉनर-ब्लेंडिग एंटरटेनर थम्मा। छावा में जहां उन्होंने एक विशाल पीरियड सेटिग में गरिमा, संवेदना और आंतरिक दृढ़ता लाई, वहीं थम्मा की एक पूरी तरह से अलग दुनिया में उन्होंने रोमांस, हास्य, हॉरर और ड्रामा परोसकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। इन दोनों फिल्मों में उन्होंने दिखाया कि वे हर तरह किरदार को बेहद सहजता से निभा सकती हैं। अनीत पड्डा भले ही नई हों, लेकिन सैयारा ने उन्हें वर्ष 2025 की सबसे आशाजनक थिएट्रिकल खोजों में मजबूती से स्थापित कर दिया है। उनका अभिनय सहज और सच्चा है, न कोई बनावट है, न कोई दिखावा, बस गहराई, कोमलता और भीतर की ताकत से भरा हुआ। सैयारा में उन्होंने भावनाओं की कई परतों को जिस खूबसूरती से एक्सप्लोर किया और अपने किरदार को स्वाभाविकता से निभाया, वो बेहद घस है। अपनी पहली फिल्म से उन्होंने ए बात सबको बता दी है कि वे आगे बढ़ेंगी, सबको चौंकाएंगी और धीरे खुद को एक मजबूत थिएट्रिकल परफॉर्मर के रूप में गढ़ेंगी।

# अवसरवादिता होने में कोई बुराई नहीं: नुसरत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा का कहना है कि अवसरवादी होने में कोई बुराई नहीं है।

नुसरत भरूचा ने अपनी हॉरर फ्रैंचाइज छोरी के जरिए एक अलग पहचान बनाई है, जहां उनके अभिनय की इतनी तारीफ हुई कि इसका दूसरा भाग भी बना, जिसने एक जोखिम लेने वाली, ईमानदार और स्पष्ट विचारों वाली कलाकार के रूप में उनकी जगह और मजबूत कर दी। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, नुसरत ने महत्वाकांक्षा, चुनावों और अक्सर गलत समझे जाने वाले शब्द अवसरवादी पर खुलकर बात की।

उन्होंने इस धारणा को बड़ी सच्चाई और परिपक्वता के साथ नया दृष्टिकोण दिया। नुसरत भरूचा ने कहा, मैं भी एक अवसरवादी हूं। अगर मुझे कोई ऐसी फिल्म का ऑफर मिलता है जिसे मैं सच में करना चाहती हूं, तो क्यों नहीं? जाहिर है मैं जाकर कहूंगी, 'हां, मैं यह करना चाहती हूं।' हर कोई लाइन में इसलिए खड़ा होता है, क्योंकि उसे कुछ चाहिए होता है और इसमें कोई बुराई नहीं है। अवसरवादी होना गलत नहीं है, लेकिन उस रास्ते पर चलते हुए आपके कदम जिम्मेदार होने चाहिए। यह आप ही जानते हैं, या समय के साथ सीखते हैं। मैंने अपने अनुभवों से सीखा है, और अगर मेरी सोच, मेरे मूल्य और मेरी धारणाएं मुझे सही लगती हैं, तो वे मेरे लिए सही हैं। इंडस्ट्री में नुसरत की यात्रा उनके महत्वाकांक्षा और प्रामाणिकता के इसी संतुलन को दर्शाती है। वर्षों में, उन्होंने एक मजबूत फिल्मोग्राफी गढ़ी है, जिसमें बड़े पैमाने की फिल्मों से लेकर दमदार, प्रदर्शन-प्रधान भूमिकाएं शामिल हैं। विशेष रूप से 'प्यार का पंचनामा', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', और 'ड्रीम गर्ल' जैसे हिट्स से लेकर 'छोरी' और 'जनहित में जारी' में उनके प्रभावशाली अभिनय तक, नुसरत ने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं, जो उन्हें एक कलाकार के रूप में विकसित होने का मौका देते हैं और व्यापक दर्शकों से जोड़ते हैं।

# सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में नजर आएंगे श्रेयस तलपड़े



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े, जी स्टूडियोज की फिल्म आजाद भारत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में नजर आएंगे। रूपा अय्यर की फिल्म आजाद भारत नेताजी सुभाष चंद्र बोस, उनकी अमर विरासत और उनके द्वारा स्थापित रानी झांसी रेजिमेंट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। फिल्म के केंद्र में है नीरा आर्या और अनगिनत ऐसे वीर सेनानी, जिनकी कहानियां इतिहास में कहीं खो गईं, लेकिन उन्होंने भारत की आजादी के लिए अदम्य साहस के साथ अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में दिखाई देंगे, सुरेश ओबेरॉय क्रांतिकारी छाजू रामजी के किरदार में नजर आएंगे, जबकि रूपा अय्यर स्वयं नीरा आर्या की भूमिका निभाने के साथ-साथ फिल्म की निर्देशक और निर्माता भी हैं। फिल्म के राष्ट्रगान में आवाज अमृता फडणवीस ने दी है। रूपा अय्यर ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, मैं खुद को धन्य मानती हूं, क्योंकि यह फिल्म ईश्वर की प्रेरणा से बनी है। चाहे कलाकारों का चयन हो या फिर उनसे मेरा जुड़ाव, हर कदम पर मुझे ईश्वर का मार्गदर्शन मिला।ष्श्रेयस जी ने मुझसे पूछा कि मैंने क्यों सोचा कि वे नेताजी की भूमिका निभा सकते हैं। तो मैंने कहा कि उनकी बहुमुखी प्रतिभा, हर किरदार में ढल जाने की क्षमता और उनकी संवेदनशीलता उन्हें इस भूमिका के लिए उचित बनाती है। यह फिल्म नई पीढ़ी के लिए जरूर देखने योग्य है, जो कई सुविधाओं के बावजूद शिकायतें करती रहती है। नीरा आर्या, रानी झांसी रेजिमेंट और उन सभी अनसुने योद्धाओं की कहानी यह बताती है कि कैसे वे किशोरावस्था से ही मातृभूमि के प्रति समर्पित थे, बिना किसी साधन के, सिर्फ जुनून के साथ। अमृता फडणवीस ने कहा, इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। आजाद भारत एक बेहद खूबसूरत फिल्म है, जो नीरा आर्या की कहानी को शानदार ढंग से प्रस्तुत करती है। रूपा अय्यर जी ने न सिर्फ मुख्य किरदार निभाया है, बल्कि फिल्म को निर्देशित और निर्मित भी किया है। एक ही प्रोजेक्ट में तीन जम्मिेदारियां निभाना वाकई काबिल-ए-तारीफ है।





